आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा 01:24 तक उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 26 जून 2025
वर्ष 3, अंक 306, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

## शुभांशु शुक्ला सहित चार अंतरिक्ष यात्री आईएसएस के लिए रवाना, 41 साल बाद भारत की वापसी

# अंतरिक्ष में लहराएगा तिरंगा



अंतरिक्ष के लिए रवाना होने से पहले हाथ हिलाकर उत्साह जताते शुभांशु शुक्ला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित वाणिज्यिक मिशन के तहत बुधवार को तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा के लिए रवाना होकर इतिहास रच दिया। रूसी अंतरिक्ष यान के जरिए भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा की अंतरिक्ष यात्रा के 41 साल बाद किसी भारतीय की यह यात्रा हो रही है।

स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने दोपहर 12:01 बजे एक्सिओम मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लेकर फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से आईएसएस के लिए उड़ान भरी। शुक्ला के माता-पिता लखनऊ स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल में इस ऐतिहासिक उड़ान के गवाह बने। इसी स्कूल से शुक्ला ने पढ़ाई की है। प्रक्षेपण के 10 मिनट बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने धरती का चक्कर काटना शुरू कर दिया, जिसके बाद शुक्ला ने अपने संदेश में कहा कि 41 साल बाद भारत की मानव अंतरिक्ष यात्रा में वापसी। ड्रैगन अंतरिक्षयान के धरती से ऊपर 200 किलोमीटर की ऊंचाई पर कक्षा में प्रवेश करने के तुरंत बाद शुक्ला ने कहा कि कमाल की राइड (यात्रा) थी। करीब 28 घंटे की यात्रा के बाद यान के गुरुवार शाम साढ़े चार बजे आईएसएस पहुंचने की उम्मीद है। लखनऊ में जन्मे शुक्ला, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष यात्री पूर्व मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन, हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू एवं पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं, जो भारत, पोलैंड और हंगरी के लिए मानव अंतरिक्ष यान की ओर वापसी को साकार करेगा। कक्षा में पहुंचने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने अपने नए कैप्सूल का नाम 'ग्रेस' बताया। अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में 14 दिन बिताएंगे और अपने मिशन के दौरान 60 प्रयोग करेंगे।



स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में सवार होकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होते शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य यात्री।

### यह भारत के लिए गौरव का क्षण : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में जन्मे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में उड़ान भरने के लिए हार्दिक बधाई दी है। इसे भारत के लिए गौरव का क्षण बताते हुए भारत की वैज्ञानिक क्षमता की उपलब्धि कहा।

### शुभांशु के साथ 140 करोड़ भारतीयों की शुभेच्छा : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्सिओम-4 मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत किया और कहा कि इस मिशन में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अपने साथ 140 करोड़ भारतीयों की शुभेच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर गए हैं। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि हम भारत, हंगरी, पोलैंड और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना हुए अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने की राह पर हैं। वह अपने साथ 1.4 अरब भारतीयों की शुभेच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर गए हैं। उन्हें और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को शुभकामनाएं।



अमेरिका के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरता फाल्कन 9 रॉकेट

### अंतरिक्ष से शुभांशु बोले क्या कमाल की राइड थी

**नई दिल्ली।** स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान फ्लोरिडा में नासा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपण के 10 मिनट के भीतर पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश कर गया और इसमें रवाना हुए भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि कमाल की राइड (सफर) थी! अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बने शुक्ला ने 41 वर्षों के अंतराल के बाद भारत की अंतरिक्ष में वापसी की घोषणा हिन्दी में की तथा सभी से उनकी यात्रा का हिस्सा बनने का आग्रह किया। शुक्ला (39) ने पृथ्वी की कक्षा से अपनी पहली टिप्पणी में कहा कि मेरे कंधों पर तिरंगा मुझे बताता है कि मैं अकेला नहीं हूं और मैं आप सभी के साथ हूं। उन्होंने कहा, नमस्कार, मेरे प्यारे देशवासियों। क्या सफर था! हम 41 साल के अंतराल के बाद अंतरिक्ष में लौटे हैं और क्या कमाल की राइड थी!

अंतरिक्ष की उड़ान ...पेज-07

# संविधान की भावना का उल्लंघन भूलने वाला नहीं

**आपातकाल के 50 साल**

## इमरजेंसी देश के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कोई भी भारतीय यह कभी नहीं भूलेगा कि आपातकाल के दौरान संविधान की भावना का कैसे उल्लंघन किया गया। उन्होंने संवैधानिक सिद्धांतों को मजबूत करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कई पोस्ट कर मोदी ने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे अंधकारमय अध्याय में से एक है। कहा कि आपातकाल में संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, प्रेस की स्वतंत्रता को दबा दिया गया और बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया।



प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा लग रहा था जैसे उस समय सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था। मोदी सरकार ने पिछले साल घोषणा की थी कि आपातकाल की बरसी को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 42वें संशोधन में संविधान में व्यापक परिवर्तन किए गए जो आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस सरकार की चालों का एक प्रमुख उदाहरण है, जिसे जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने बाद में पलट दिया था। मोदी ने कहा कि हम अपने संविधान में निहित सिद्धांतों को मजबूत करने और विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराते हैं।

हम प्रगति की नई ऊंचाइयों को छूएं और गरीबों तथा दलितों के सपनों को पूरा करें। आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में डटे रहने वाले हर व्यक्ति को सलाम करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग पूरे भारत से, हर क्षेत्र से, हर विचारधारा से थे, जिन्होंने देश के लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा करने के लिए मिलकर कार्य किया।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल का संकल्प, पीड़ितों का करेंगे सम्मान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आपातकाल का विरोध करने वाले लोगों के बलिदान का स्मरण और सम्मानित करने का संकल्प लिया। मंत्रिमंडल ने आपातकाल का विरोध करने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ क्षणों का मौन रखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा, जिनके संविधान प्रदत्त लोकतांत्रिक अधिकार छीने गए और जिन्हें अकल्पनीय यातनाओं का सामना करना पड़ा। प्रस्ताव में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन अनगिनत व्यक्तियों के बलिदान को स्मरण और सम्मानित करने का संकल्प लिया, जिन्होंने आपातकाल और भारतीय संविधान की भावना को कुचलने के प्रयासों का साहसपूर्वक विरोध किया। यह दमनचक्र 1974 में नवनिर्माण आंदोलन और संपूर्ण क्रांति अभियान को कुचलने के प्रयासों से शुरू हुआ था।

## लोकतंत्र सेनानियों एवं परिजनों का अब होगा कैशलेस उपचार



लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी बोले-आपातकाल के लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए

**अमृत विचार :** आपातकाल की 50वीं बरसी पर बुधवार को लोकभवन में आयोजित भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय विषयक संगोष्ठी की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में संशोधन करके धर्म निरपेक्ष और समाजवादी शब्द जोड़ना भारत की आत्मा पर कुठाराघात था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आपातकाल के लिए दलितों, वंचितों एवं पूरे देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। बाबा साहब अंबेडकर ने अपनी लेखनी के माध्यम से जिन दलितों एवं वंचितों को अधिकार दिलाया था, कांग्रेस ने उनकी आवाज को दबाने का कार्य किया। योगी ने इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को कैशलेस उपचार की सुविधा की घोषणा की। इस अवसर पर एक प्रदर्शनी लगाई गई जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।

## नीट एमडीएस की काउंसिलिंग 01 जुलाई से

**लखनऊ।** यूपी नीट एमडीएस-2025 की प्रथम चरण की काउंसिलिंग के लिए एक जुलाई से पंजीकरण शुरू हो जाएगा। चार जुलाई तक अभ्यर्थियों को धरोहर राशि जमा करनी होगी, आठ को सीट आवंटन के बाद 14 जुलाई तक दाखिले की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय द्वारा काउंसिलिंग की समय सारिणी बुधवार को घोषित कर दी गई है।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि नीट एमडीएस-2025 की पहली काउंसिलिंग एक जुलाई से शुरू हो रही है। धरोहर राशि जमा करने वाले अभ्यर्थियों के प्रपत्रों की जांच होगी और चार जुलाई को मेरिट सूची जारी की जाएगी।

तत्पश्चात अभ्यर्थियों को कॉलेज की प्राथमिकता ऑनलाइन देनी होगी। आठ जुलाई को सीट आवंटन के परिणाम घोषित होंगे, अगले दिन से संबन्धित मेडिकल कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। सरकारी डेंटल कॉलेजों के लिए 30 हजार और निजी डेंटल कॉलेजों के लिए एक लाख रुपये धरोहर राशि जमा करनी होगी।

## सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 2026 से साल में दो बार होगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- फरवरी में होने वाला पहला चरण अनिवार्य, दूसरा चरण वैकल्पिक
- दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून माह में घोषित होंगे

सीबीएसई के 10वीं कक्षा के छात्र 2026 से एक शैक्षणिक सत्र में दो बार बोर्ड परीक्षा दे सकेंगे, हालांकि फरवरी में होने वाले पहले चरण की परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि मई में होने वाला दूसरा चरण उन छात्रों के लिए वैकल्पिक होगा जो अपना प्रदर्शन सुधारना चाहते हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं कक्षा के लिए वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के मानदंडों को मंजूरी दे दी है, जिसकी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में अनुशंसा की गई है।

सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि पहला चरण फरवरी में और दूसरा मई में आयोजित किया जाएगा। दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित किए जाएंगे।

छात्रों के लिए पहले चरण में शामिल होना अनिवार्य होगा, जबकि दूसरा चरण वैकल्पिक होगा। छात्रों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का मौका मिल सकेगा।

तय मानदंडों के अनुसार, शीतकाल में बंद रहने वाले स्कूलों के दसवीं कक्षा के छात्रों को किसी भी चरण में उपस्थित होने का विकल्प मिलेगा। इसके अनुसार, शैक्षणिक सत्र के दौरान आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा।

सीबीएसई ने फरवरी में मसौदा मानदंडों की घोषणा की थी और हितधारकों की प्रतिक्रिया मांगी गई थी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिश के मुताबिक, बोर्ड परीक्षाओं की उच्च अपेक्षा वाले पहलू को खत्म करने के लिए सभी छात्रों को किसी भी शैक्षणिक वर्ष के दौरान दो मौकों पर परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी।

## आकाली नेता बिक्रम मजीठिया गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

- मादक पदार्थ से जुड़े मामले में सतर्कता ब्यूरो ने की कार्रवाई
- गिरफ्तारी से पूर्व उनके आवास सहित 25 जगहों पर मारे छापे

पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने मादक पदार्थों से जुड़े एक मामले में बुधवार को राज्य में 25 स्थानों पर छापेमारी के बाद वरिष्ठ अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को गिरफ्तार कर लिया। जिन स्थान पर छापे मारे गए उनमें मजीठिया का अमृतसर स्थित आवास भी शामिल है।

मजीठिया की पत्नी और अकाली दल की विधायक गनीव कौर मजीठिया ने दावा किया कि बिक्रम के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, ब्यूरो ने अभी तक उस मामले के विवरण की पुष्टि नहीं की है। ब्यूरो ने पुलिस के साथ मिलकर पंजाब में 25 स्थानों पर छापे मारे, जिनमें अमृतसर



और चंडीगढ़ में मजीठिया के आवास समेत नौ स्थान शामिल हैं। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) प्रमुख सुखबीर सिंह बादल उनके बहनोई हैं। मजीठिया 2021 के एक मादक पदार्थ मामले में भी जांच का सामना कर रहे हैं। मजीठिया और उनकी पत्नी ने दावा किया कि सतर्कता ब्यूरो के सदस्य अमृतसर के ग्रीन एवेन्यू स्थित घर में जबरन घुस आए।

**विडंबना** लोग आगे आए, संस्थाएं आईं, अभियान चले ... फिर भी नहीं हो सका नदी का कायाकल्प

## आज भी अपने अस्तित्व को तलाश रही गोमती की धारा

श्रीकांत सिंह, पसगवां (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार :** देश में नदियों को बचाने, उनकी अविरलता को कायम रखने के लिए समय-समय पर तमाम अभियान चलाए जाते रहे हैं, लेकिन इन सबके बीच आदि गंगा के नाम से प्रसिद्ध पौराणिक नदी गोमती लखीमपुर में आज भी अपने अस्तित्व को तलाश रही है। गोमती की अविरल जलधारा के लिए भी लोग आगे आए, अभियान चले, लेकिन इस नदी का कायाकल्प नहीं हो सका।

जिले में बरवर (मोहम्मदी क्षेत्र) से गुजरती नदी में घटता जलस्तर, व्याप्त गंदगी, जनता, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अनदेखी भारी पड़ रही है। गोमती अपने गरिमामयी इतिहास पर आंसू बहा रही है। राज्य चिह्न में सुशोभित मछली भी गोमती नदी का स्वरूप है। पीलीभीत के माधोटांडा से उद्गमित गोमती का लगभग 40 किमी सफर लखीमपुर जिले में है। मोहम्मदी से थोड़ा पहले शुरू होकर बरवर, जहानीखेड़ा, रहजनियां होते हुए मैगलगंज से छह किमी दूर प्रसिद्ध मढ़िया घाट से एक किमी सीतापुर जिले में प्रवेश करती है। अत्यधिक जलदोहन, अतिक्रमण व खनन से सिकुड़ रहा भौगोलिक क्षेत्र गोमती के अस्तित्व व जलस्रोत के लिए संकट बन गया है। बरवर, अमरी घाट, सेमरा, जतनगंज और रहजनियां में इसमें बहुत गंदगी है, जिसके कारण इसकी धारा अवरुद्ध हो जाती है।

नदी क्षेत्र में अजबापुर चीनी मिल है। इस नदी में दो प्रमुख नाले आकर मिलते हैं, जिनमें एक छोहा है और दूसरा अंधरा छोहा है। छोहा अजबापुर चीनी मिल के किनारे से आकर सोहौना गांव होते हुए गोमती नदी में मिलता है। अंधरा छोहा मोहम्मदी के पास से निकलकर मकसूदपुर और बरवर के बीच निकलकर गोमती में मिलता है।



मोहम्मदी क्षेत्र में इस तरह नजर आती है गोमती नदी।

### प्रयास हुए पर अपेक्षित परिणाम नहीं

सुशील सीतापुरी मैं तुम्हारी गोमती हूं अभियान चला रहे हैं। वॉटर वुमन शिप्रा पाठक गोमती के किनारे यात्रा करते हुए नागरिकों से रूबरू हुईं। अंतर्राष्ट्रीय वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर सतपाल सिंह ने मोहम्मदी में गोमती सेवा समाज की स्थापना की। पैदल यात्राएं कीं और अभी हाल ही में उन्होंने गोमती उद्गम से गोमती के गंगा में मिलने तक एक यात्रा की। गोमती मित्र और पर्यावरण प्रेमी हरेंद्र वर्मा ने भी गोमती यात्राएं कीं। ये दोनों गोमती के किनारे जैव विविधता का भी अध्ययन करते हैं और अनवरत प्रयास करते हैं, लेकिन प्रशासनिक और जन सहयोग न मिलने से तमाम प्रयासों का परिणाम अपेक्षित नहीं मिला। वर्ष 2018 में आए बालीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने गोमती के उद्धार के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं की थीं, लेकिन लौटकर नहीं आए।

### विधायक ने उठाया था गोमती बचाओ का मुद्दा



मोहम्मदी से भाजपा विधायक और पंचायती राज विभाग के सभापति लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने गोमती नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए मई 2022 में विधानसभा सत्र में अपना पक्ष रखा था। उन्होंने कहा था कि गोमती उद्गम स्थल और शारदा नदी में बहुत लंबी दूरी नहीं है। ऐसी स्थिति में शारदा का अतिरिक्त पानी गोमती में छोड़े जाने पर गोमती को जीवनदान मिल जाएगा। नहर निर्माण से शारदा को बाढ़ से राहत, गोमती को निर्मलता और अविरलता के साथ ही मनरेगा मजदूरों को रोजगार भी मिलेगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से राज मिस्त्री की मौत

## औजार लेकर घर लौटते समय ग्राम डंबरपुरवा के पास हादसा

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** सामने से तेजी एवं लापरवाही से चले आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। जानकारी पर परिजनों में चीख पुकार मच गई।

बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी कल्लू (34) पुत्र राजेश बाइक पर सवार होकर सुबह करीब 08:30 बजे अमोलर में रखे अपने राज मिस्त्री के औजार लेकर घर जा रहा था। जैसे ही वह ऊंचा अमोलर मार्ग स्थित ग्राम डंबरपुरवा के समीप पहुंचा उसी समय सामने से तेजी एवं लापरवाही से चले आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे को देख मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोबाइल फोन से युवक की पहचान कर उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर विच्छेदन के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेजा है।



घटना के बाद रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

### बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में युवक घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** तेजी व लापरवाही से आ रही दो बाइकों की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इसमें एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम धीरपुर निवासी नागेंद्र पुत्र छोटेलाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 03 जून की शाम लगभग 04 बजे उसका भाई संदीप कुमार ग्राम सददूपुर से बाइक पर सवार होकर घर वापस आ रहा था। तभी नौरंगपुर चौराहे के समीप सामने से आ रही बाइक के अज्ञात चालक ने भाई की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## वाहन ने टेंपो में मारी टक्कर अलीगढ़ के तीन लोग घायल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** गुरसहायगंज में अज्ञात वाहन ने टेंपो में टक्कर मारदी। इससे आटो में सवार अलीगढ़ के एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। उनको जिला अस्पताल से रेफर कर दिया गया।

अलीगढ जनपद के अतरौली निवासी इकरार (35) पुत्र बाबू, जीनत(32) पत्नी इकरार व एक वर्षीय पुत्री गुलपसा को साथ लेकर अलीगढ से सामान लाद कर कानपुर ले गये थे। सामान उतारने के बाद आटो से तीनों अलीगढ़ के लिये लौट रहे थे। जैसे ही टेंपो गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र में पहुंचा उसी समय अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे टेंपो पलट गया। दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। एंबुलेंस की मदद से तीनों को गुरसहायगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से तीनों को हायर सेंटर रेफर किया गया। घटना की सूचना पर उनके परिजन अलीगढ से जिला अस्पताल पहुंचे। यहां से वह निजी वाहन से तीनों को अलीगढ ले गये। मामले में गुरसहायगंज कोतवाली में अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।



जिला अस्पताल में भर्ती घायल इकरार।



इलाज करवाती घायल महिला।

### कार की टक्कर से ई रिक्शा सवार पांच लोग घायल

**छिबरामऊ।** नगर के ताजपुर रोड चौराहे पर कार की टक्कर से ई रिक्शा सवार महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए। तीन महिलाओं को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। ग्राम धनपुरा निवासी अनुज यादव पुत्र वीरपाल अपनी बेटी का मुंडन करवाने के लिए ई-रिक्शा से बाबा नीमकरोरी गए थे। वापस आते समय नगर के ताजपुर रोड चौराहे पर कार सवार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। इसमें अनुज कुमार पुत्र वीरपाल, रूबी पत्नी सुरजीत, ज्योति पत्नी राजवीर, फूलन देवी पत्नी सूबेदार, रन्नु देवी पत्नी वीरपाल सहित पांच लोग घायल हो गए। सभी को सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया। यहां रूबी, ज्योति व फूलन देवी को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

## सार-संक्षेप



राष्ट्रीय अध्यक्ष को शाल उढ़ाते जिलाध्यक्ष राजेश गुप्ता। अमृत विचार

### भामाशाह जयंती पर वैश्य समाज दिखाएगा ताकत : सुमंत गुप्ता

**तिर्वा।** राष्ट्र भक्त भामाशाह की जंयती वैश्य समाज धूमधाम से मनाएगा। वोट बैंक के हिसाब से लोक सभा, विधान सभा व विधान परिषद में हिस्सेदारी की मांग करके अपना पक्ष मजबूती से रखेगा। यह बात प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सुमंत गुप्ता ने कही। बुधवार को पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद गुप्ता के प्रतिष्ठान पर समाज के लोगो को एकजुट करने के लिए आए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि इस बार दानवीर भामाशाह की जयंती नई दिल्ली में धूमधाम से मनाई जाएगी। इसमें समाज के अधिक से अधिक लोग पहुंच अपने समाज की ताकत का एहसास कराने का काम करेगे। देश में वैश्य समाज की आबादी बीस प्रतिशत है लेकिन किसी भी राजनैतिक पार्टी का हिस्सा नही है। भाजपा भी समाज को निरंतर उपेक्षित करती आ रही। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेश गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### महिला ने किसान निधि से रुपये निकालने का लगाया आरोप

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खुबरियापुर निवासी सरोजनी देवी पत्नी विनोद कुमार पाल ने बताया कि निगम मंडी के पास स्थित एक जन सेवा केंद्र पर वह किसान निधि के पैसे निकालने के लिए गई थी। आरोप है कि जन सेवा केंद्र के संचालक ने अंगूठा लगवा लिया और पैसे ना निकलने की बात कह कर वहां से भेज दिया। फिर उसके खाते से 10 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित महिला ने उक्त संचालक के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

### बलनपुर में मेडिकल स्टोर का ताला तोड़कर चोरी

**तिर्वा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बलनपुर में मंगलवार रात चोरों ने एक मेडिकल स्टोर का ताला तोड़कर हजारों रुपये की दवाइयां और नगदी चोरी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बलनपुर स्थित संजय शीतालय के पास संजय यादव का अंकुश मेडिकल स्टोर है। देर रात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर लगभग 20 हजार रुपये की दवाइयां और 5 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। संजय यादव ने बताया कि रात लगभग तीन बजे मकान मालिक ने उन्हें सूचना दी कि दुकान का ताला टूटा है। वह मौके पर पहुंचे और 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की।

### सिलाई कढ़ाई के कार्य में लगाई जाएं महिला बंदी

**जलालाबाद कन्नौज।** कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों के बारे में समस्याओं के बारे में जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बुधवार को राज्य में महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे ने जिला कारागार का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान महिला बैरक व मुलाकात बैरक में निरुद्ध बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा और जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद को आवश्यक दिशा निर्देश दिए कि महिला बंदियों को कौशल विकास मिशन के तहत सिलाई कढ़ाई आदि के कार्य में लगाया जाए व उनकी किसी भी प्रकार की समस्या है तो उनका निस्तारण किया जाए।

## दिल्ली के सम्मेलन में 28 जून को होगा शंखनाद

**छिबरामऊ।** दिल्ली में दानवीर भामाशाह की जयंती पर होने वाले सम्मेलन की सफलता के लिए बुधवार को एक बैठक हुई।

अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद एवं ट्रेडर्स एंड इण्डस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमंत गुप्ता के बुधवार को शहर आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। सौरिख रोड पर कालिका देवी मंदिर के पास आनंद गुप्ता ने आवास पर साथियों के साथ स्वागत किया। उन्होंने दिल्ली में 28 जून को भामाशाह की जयंती पर होने वाले आयोजन की सफलता के लिए व्यापारी नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी। इस मौके पर आलोक गुप्ता उर्फ टिल्लू, आनंद गुप्ता, प्रवेष खंडेलवाल, आदि मौजूद रहे।

### पिता की पुण्यतिथि पर विधायक ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान

**गुरसहायगंज।** पिता स्वर्गीय राम प्रकाश त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर विधायक अर्चना पांडेय ने वरिष्ठजनों का सम्मान कर नमन किया। उन्होंने कहा कि पिता के बताए मार्ग पर चलकर जनता की सेवा करने का सौभाग्य मिला है। उनके रूप में आज पूरी विधान सभा हजारों पिता, भाई और भतीजे है। जो उनकी ताकत है। नगर के तिर्वा रोड स्थित गेस्ट हाउस में विधायक अर्चना पांडेय व समाजसेवी मयंक गुप्ता ने वरिष्ठजनों के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सबसे पहले मौजूद लोगों ने पूर्व सहकारिता मंत्री स्वर्गीय रामप्रकाश त्रिपाठी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदेर्शों पर चलने का संकल्प लिया। क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, विनय वर्मा, विजय दुबे, हरीओम गुप्ता, ब्रजेश कौशल आदि ने भी कार्यक्रम का संबोधित कर पूर्व मंत्री को याद कर नमन किया। इसके बाद करीब दो सैकड़ा वरिष्ठनों को साल व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान रामकुमार पाठक, डा. आर.एम. एस. तोमर, वीके मिश्रा, नाथूराम राजपूत, राकेश चन्द्र वर्मा, सुरेश चन्द्र तिवारी, महेश गुप्ता, परशुराम देवल, गौरव दुबे, ब्रजेश कौशल, अमिताभ त्रिपाठी, आरवी शर्मा, विपिन गुप्ता, मुरारी लाल शुक्ला, डा. सीएल पाल, विपिन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय: ग्राम पंचायत-पथरौडी, विकासखण्ड-चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट**

पत्रांक: मेमो/पं0वि0/पंद्र0वित्त/मनरेगा/टेन्डर नोटिस/2025-26 दिनांक- 25.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पं0वि0/पंद्र0 वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत पथरौडी द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर प्रयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर जैम पोर्टल में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से दिनांक 28.06.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री 26.06.2025 से 28.06.2025 को अपरान्ह 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र. सं. | ग्राम पचायत | कार्य का नाम | प्राक्कलन की धनराशि (लाख रु0 में) | 2% धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पथरौडी | ग्राम पंचायत पथरौडी में सी0सी0 रोड से प्रतिपाल के घर से इंटरलाकिंग खडंजा निर्माण | 371830 | 7436 | 500 |

निविदा शर्ते :- नोट- निविदा से सम्बन्धित शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

ग्रा0पं0अ0 पथरौडी प्रधान पथरौडी

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स ऋषिराज ग्रेनाइट मकरबई रोड अलीपुरा कबरई तहसील महोबा जिला महोबा उत्तर प्रदेश पार्टनरशिप फर्म पंजीकृत संख्या जे 7025 में पार्टनर थे। 01. छत्रपाल सिंह यादव पुत्र श्री स्वामीदीन यादव गांधीनगर महोबा। 02. श्रीमती नीरज यादव पत्नी छत्रपाल यादव गांधीनगर महोबा। इसमें से एक पार्टनर श्रमती नीरज यादव पत्नी छत्रपाल यादव गांधीनगर महोबा स्वेच्छा से अलग हो रही हैं। इसी फर्म में 24.6.2025 को पांच नए पार्टनर आ रहे है। 01. रामेंद्र प्रताप सिंह पुत्र सुरेश प्रताप सिंह मंगलम मऊ जामों रोड गौरीगंज जनपद अमेठी। 02. अजेंद्र प्रताप सिंह पुत्र राकेश प्रताप सिंह मऊ जामों रोड गौरीगंज जनपद अमेठी। 03. कृष्ण कुमार सिंह पुत्र ब्रहमदेव सिंह पुरे दान सिंह पोस्ट मेंढ़ौना पोस्ट ऑफिस तिलोई जनपद अमेठी। 04. सूरज सिंह पुत्र रविंद्र प्रताप सिंह अत्तानगर सैंठा गौरीगंज जनपद अमेठी। 05. सुभम सिंह पुत्र बजरंग बहादुर सिंह सैंठा हीन्नई गौरीगंज जनपद अमेठी, इस प्रकार अब इस फर्म में छः पार्टनर रहेंगे।

**कृष्ण कुमार सिंह, पार्टनर ऋषिराज ग्रेनाइट मकरबई रोड अलीपुरा कबरई जिला महोबा।**

## अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार क्लासीफाइड

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र अंकित कुमार व उसकी पत्नी सुभाषी का चाल चलन ठीक नही है जिन्होंने हमारा व हमारे परिवार का जीना दूभर कर दिया है, वह हमारे साथ अमर्यादित व्यवहार व मारपीट करते है, हमको जान से मारने की धमकी व गाली गलौज करते है, सबको फर्जी झूठे मनगढ़ंत मुकदमों में फंसा देने की धमकी देते हैं, जिससे हम अपने पुत्र अंकित कुमार व उसकी पत्नी सुभाषी द्वारा किये गये किसी भी अनुचित कार्य के प्रति काफी भयभीत रहते है। तथा पुत्र व उसकी पत्नी के गलत कृत्यों से परेशान व क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं, और भविष्य में उसके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे हमसे व हमारे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता व सरोकार न होगा। **इन्द्रपाल पुत्र स्व0 रामभरोसे व सविता यादव पत्नी इन्द्रपाल यादव निवासीगण ग्राम-भगमतखेड़ा, परगना व थाना काकोरी, तहसील व जिला-लखनऊ हाल पता सलेमपुर पतौरा काकोरी लखनऊ**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा फ्लैट सं0-8/डी1-1412, क्षेत्रफल 78.39 वर्ग मीटर स्थित फ्लोर सं 14, अवध विहार योजना, सेक्टर-08, गोमती एन्क्लेव, 2 बी0एच0के0, जनपद लखनऊ, उ0प्र0 में पंकज कुमार पाण्डेय के नाम पंजीकृत है। उक्त फ्लैट का आवंटन पत्र पंकज कुमार पाण्डेय के पास से कही गायब हो गया है।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा मकान संख्या-एस0एस0- 11-519/डी-1 क्षेत्रफल 36.75 वर्गमीटर स्थित-सेक्टर डी-1. एल0डी0ए0 कालोनी, कानपुर रोड, योजना, जिला लखनऊ उ0प्र0 मकान इबरार अहमद खान के नाम पंजीकृत है। उक्त मकान का आवंटन पत्र अजहर अहमद खान के पास से कही गायब हो गया है।

### सूचना

सूचित हो कि मैने अपना नाम Ashok Kumar Yadav से बदल कर Ashoka Kumar Yadav रख लिया है। क्योंकि मेरा नाम अंक विज्ञान की दृष्टिकोण से शुभ नहीं था। भविष्य में मुझे Ashoka Kumar Yadav के नाम से जाना व पहचाना जाए। **अशोक कुमार यादव पुत्र स्व. अशर्फी लाल यादव, निवासी-चूरामन पुरवा रसूलपुर सादत पी एस इन्दिरा नगर रसूलपुर सादत लखनऊ।**

### सूचना

मैं अख्तरुन आयु लगभग 44 वर्ष पति का नाम अब्बास निवासी- ग्राम हैबतपुर पोस्ट दर्शन नगर जिला अयोध्या सशपथ बयान करती हूं कि मैंने अपने जीवन पर भारतीय जीवन बीमा निगम से पालिसी संख्या 275850430 ली है। शपथी कि पालिसी संख्या 275850430 में शपथी का नाम अख्तरुल निशा पत्नी अब्बासअली अंकित है। परंतु शपथी के आधार कार्ड नंबर 642689914588 में नाम अख्तरुन पत्नी अब्बास है। बैंक खाता में भी नाम अख्तरुन पत्नी अब्बास है। अख्तरुन पत्नी अब्बास व अख्तरुल निशा पत्नी अब्बासअली नाम शपथी का ही है। शपथी कि पालिसी संख्या 275850430 में शपथी का नाम अख्तरुल निशा पत्नी अब्बास अली के स्थान पर अख्तरुन पत्नी अब्बास संशोधित किया जाना न्यायहित में आवश्यक है।

### सूचना

मैंने अपने छोटे पुत्र विपिन कुमार व उसकी पत्नी काजल के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। - **महेश चंद्र पुत्र मंगू सिंह उर्फ मंगल सिंह निवासी -कुदरकोट थाना कुदरकोट -तहसील -बिधूना- जनपद- औरैया।**

### NOTICE

I am Simrah Siddique daughter of Umar Siddique Tabrez, resident of 544K/44 Sardar Nagar Campbell Road, Balaganj Lucknow, my correct and actual date of birth is 11-02-2010 which is also mentioned on the Aadhar card. But in my high school educational records, my date of birth has been mistakenly recorded as 10-02-2010 which is wrong. Therefore, my correct and actual date of birth should be recorded in my high school educational records.

### सूचना

सूचित हो कि मैं **मदार बक्श पुत्र स्वद्ग उमेद अली, निवासी ग्राम मवईकलां, परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ** का हूँ। मेरा पुत्र मो0 सलीम व बहू अफसाना पत्नी मो0 सलीम मिलकर मेरे साथ आये दिन तिरस्कार किया करते है मुझे भला-बुरा कहा करते है गन्दी गन्दी गालिया देते है व मारपीट पर अमादा रहते है, उक्त दोनों का चाल-चलन व सामाजिक गतिविधिया ठीक नहीं है इसलिए अपने पुत्र व बहू को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ तथा अब यदि भविष्य में मेरे पुत्र द्वारा कोई भी गलत कृत्य किया जाता है तो उसके जिम्मेदार वे स्वयं होगे, मेरा कोई भी वास्ता वे सरोकार नही होगा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुडरी सारंगपुर, विकास खण्ड राजेपुर, फर्रुखाबाद उ0 प्र0

पत्रांक- गोबर नीलामी/2025-26

**गोबर नीलामी हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कुडरी सारंगपुर विकास खण्ड राजेपुर, फर्रूखाबाद द्वारा निराश्रय आश्रय स्थल कुडरी सारंगपुर मे गोबर नीलामी हेतु दिनांक 26/06/2025 से 06/07/2025 की अपरान्ह 3 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है जो कि दिनाँक 06/07/2025 को अपरान्ह 4 बजे ग्राम पंचायत मे खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, पशु चिकित्सा अधिकारी एवम् ग्राम पंचायत सचिव की उपस्थिति मे निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएगी।

निविदा प्रपत्र दिनांक 26/06/2025 से 06/07/2025 की अपरान्ह 2 बजे तक किसी भी कार्य दिवस मे ग्राम पंचायत कार्यालय से रुपया 100 अदा करके प्राप्त किया जा सकता है।

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | मात्रा | स्वीकृत दर | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | गोबर नीलामी | 50 ट्राली | 2800 रुपया प्रति ट्राली | 2% | 100 रुपया |

**अतर सिंह**
प्रधान
ग्राम पंचायत कुडरी सारंगपुर
वि. ख. राजेपुर,
जनपद फर्रूखाबाद उ0 प्र0

**मानेंद्र प्रताप**
सचिव
ग्राम पंचायत कुडरी सारंगपुर
वि. ख. राजेपुर,
जनपद फर्रूखाबाद उ0 प्र0

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## कार्यालय ग्राम पंचायत भाऊपुर चौरासी विकास खण्ड राजेपुर, फर्रुखाबाद

पत्रांक : केंद्रीय वित्त/राज्य वित्त

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 मे ग्राम पंचायत भाऊपुर चौरासी की स्वीकृति कार्य योजना के अंतर्गत निम्न लिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है दिनांक 25/06/2025 से 30/06/2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय मे निविदा विक्रय की जाएगी एवम् दिनांक 30/06/2025 को सायं 3 बजे निर्माण सिमिति द्वारा निविदा खोली जाएगी।

| क्रम संख्या | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु0) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | केंद्रीय वित्त/राज्य वित्त | अमरीश के घर से मनीराम के घर तक इंटर लॉकिंग कार्य | बिल ऑफ क्वांटिटी | 2.30 | 2% | 100 |

नियम व शर्ते - निविदादाता का जीएसटी एवम् आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है धरोहर राशि एफ0डी0आर एन0एस0सी व चेक द्वारा ली जाएगी।

**दीप्ती तिवारी**
प्रधान
ग्राम पंचायत भाऊपुर चौरासी
विकास खण्ड राजेपुर, फर्रूखाबाद

**अशोक कुमार**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भाऊपुर चौरासी
विकास खण्ड राजेपुर, फर्रूखाबाद

## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कर्वी (चित्रकूट)

पत्रांक- कृ0उ0म0स0/कैन्टीन नीलामी/2025-143 दिनांक-25/06/2025

**कैन्टीन नीलामी की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल कर्वी में एक नग कैन्टीन (जलपान गृह) की नीलामी दिनांक- 10.07.2025 को समय 12.00 बजे (अपरान्ह) कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कर्वी में किया जाना नियत है।

कैन्टीन नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति आवेदन पत्र रू0-1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) में दिनांक: 26.06.2025 से प्राप्त कर वांछित प्रपत्रो के साथ रू0-25,000.00 (रू0 पच्चीस हजार मात्र) की जमानत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट, एफ0डी0/बैंक गारन्टी जो कृषि उत्पादन मण्डी के पक्ष में बन्धक हो के रूप में दिनांक: 09.07.2025 तक जमा करने के उपरान्त नीलामी में भाग ले सकते हैं। आवंटन तीन वर्ष के लिये उच्चतम बोली के आधार पर किया जायेगा, जिसमें दूसरे और तीसरे वर्ष 10-10 प्रतिशत की वृद्धि कर धनराशि जमा करना होगा।

अतः इच्छुक व्यक्ति कार्यालय में नीलामी तिथि में उपस्थित होकर भाग ले। शेष नियम व शर्ते यथावत रहेंगी।

(रामकुमार)
सचिव

(पूजा साहू)
सभापति/उपजिलाधिकारी 'सदर'

कृषि उत्पादन मण्डी समिति कर्वी-चित्रकूट


बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
हयूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# जिला अस्पताल में गंदगी देख भड़कीं महिला आयोग की सदस्य, फटकार

## मरीजों की कैंटीन के सामने गंदगी पर सीएमएस से स्पष्टीकरण मांगा


भरी गंदगी पर नाराजगी जताती राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय व मौजूद अन्य।

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में मरीजों की कैंटीन के सामने व अन्य स्थानों पर गंदगी देख भड़कीं राज्य महिला आयोग की सदस्य ने फटकार लगाते हुए सीएमएस से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही अस्पताल में सुधार कराने के निर्देश दिये हैं।

बुधवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय जिला अस्पताल पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों को खाना देने वाली कैंटीन में खाने की गुणवत्ता देखी। इसके बाद कैंटीन के बाहर बनी नाली में गंदगी देख नाराज हो गईं। सफाई ठेकेदार को फटकार लगाते हुए सीएमएस से स्पष्टीकरण मांगा है। कहा कि यहां की नालियां चोक हैं। ऐसा लग रहा कि काफी समय से सफाई नहीं की जा रही है। जगह-जगह जलभराव से मच्छर पनप रहे हैं। इससे बीमारियां पनप रहीं हैं। कहा कि यहां जितना इलाज बीमार लोगों को दिया जाता है उससे ज्यादा तो बीमार हो जाते हैं। चेतावनी दी कि अस्पताल में गंदगी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साफ-सफाई, खाने-पीने और दवाइयों के लिए सरकार भरपूर बजट दे रही है। इसके बाद भी लापरवाही गलत है। कहा कि एक कर्मचारी यदि नियमित सफाई करे तो भी अस्पताल की चोक नालियों की सफाई की जा सकती है। उन्होंने सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश सीएमएस डॉ. शक्ति बसु को दिये। उन्होंने भर्ती मरीजों से बात की। महिला विंग में पहुंच कर उन्होंने प्रसूताओं से जानकारी ली। इसी तरह अस्पताल के अन्य वार्डों में पहुंच कर हकीकत जांची। इस दौरान उनके साथ जिला अस्पताल के अलावा प्रोबेशन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

» आयोग की सदस्य बोलीं, पालना गोद के बारे में भी नहीं जानते लोग

» जनसुनवाई में न आने वाले अफसरों से स्पष्टीकरण मांगेंगी

### अफसरों को ही सरकारी योजनाएं पता नहीं: पुष्पा पांडेय

**कन्नौज।** राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय ने तहसील सदर सभागार में महिला मामलों की जनसुनवाई की। इसमें फरियादियों का टोटा रहा। सदस्य ने कहा कि सरकारी योजनाओं के बारे में अधिकारियों को ही जानकारी नहीं है। पालना गोद केंद्र के विषय में भी लोगों को पता नहीं है। मंगलवार को पत्रकारों से उन्होंने कहा कि जो अधिकारी जनसुनवाई में नहीं आए हैं उनको नोटिस जारी कराकर स्पष्टीकरण लिया जाएगा। महिला आयोग की सदस्य ने कहा कि महिला कल्याण व कार्यक्रम विभाग के डीपीओ से उन्होंने कहा है कि जो भी विभागीय योजनाएं हैं उनका प्रचार-प्रसार कराएं। भारत सरकार की बच्चों को गोद लेने व लावारिशों को सुरक्षित करने के लिए पालना गोद केंद्र है, उसके बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत कन्या जन्मोत्सव हुआ। 3 गर्भवती महिलाओं वीभा, रेनू व आशा की गोदभराई की। अतिशि व राजा का अन्नप्राशन किया। उन्होंने महिलाओं पर हो रहे अपराधों को रोकने के लिए सजग रहने की बात कही। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेई, डिप्टी सीएमओ डॉ. अमिता पटेरिया, जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह, सीडीपीओ शेषमणि, संरक्षण अधिकारी विजय राठौर, महिला थानाध्यक्ष उपस्थित रहीं।

## पहले रेलवे ट्रैक पर लेटा, अब लगा लिया फंदा

**तिर्वा।** एक व्यक्ति ने पांच दिन पहले रेलवे ट्रैक पर लेट कर जान देने की कोशिश की लेकिन बचा लिया गया। आखिर बुधवार को उसने रस्सी से फंदा बनाकर गला कस जान दे दी।

कोतवाली क्षेत्र के फिरोजपुर गांव निवासी छोटे लाल (50) मजदूरी करता था। छोटे के तीन लड़के बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। घर पर पत्नी के साथ रहता था। मंगलवार देर शाम किसी बात को लेकर पत्नी से कहासुनी हुई जिससे नाराज होकर उसने कमरे में रस्सी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह पत्नी ने जब नजारा देखा तो होश उड़ गए। बता दें कि पांच दिन पहले जशोदा गांव के पास स्थित रेलवे ट्रैक पर लेट कर छोटे ने आत्महत्या का प्रयास किया था। इस कारण वहां गुजरने वाली कामख्या एक्सप्रेस खड़ी रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर घर भेज दिया था। आस पड़ोस के लोगों ने बताया कि वह काफी परेशान रहता था। बड़े बेटे बढ़कू ने पुलिस कार्रवाई से मना कर अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाल वीरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि परिजनों ने कोई भी कार्रवाई करने से मना कर दिया था।

# पानी की लाइन कटने पर काम रुकवाया

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● मोबाइल कंपनी द्वारा लाइन डाले जाते समय पालिका की पानी आपूर्ति का पाइप टूटा

**अमृत विचार।** करीब पांच दिन पहले मोबाइल कंपनी द्वारा लाइन डाले जाते समय नगर पालिका की पानी आपूर्ति का पाइप टूट गया। इससे चौधरी सराय मोहल्ले के सभी घरों में पानी जाना बंद हो गया। मामले की जानकारी पर पालिका की तरफ से संबंधित कंपनी का काम रोकते हुए उसकी एक मशीन जब्त कर ली गई। अब इस बात पर सहमति बनी है कि लाइन की मरम्मत व टैंकर से पानी सप्लाई में जो खर्च आया है वह कंपनी की तरफ से पालिका के कोष में जमा कराया जाएगा। इसके बाद मोबाइल कंपनी की मशीन को मुक्त कर दिया गया है।

शुक्रवार को एयरटेल मोबाइल कंपनी की तरफ से शहर में लाइन डाले जाने का काम चल रहा था। इसको लेकर दो मशीनों से खुदाई की जा रही थी। शाम के समय किसी तरह से मशीन से सरायमीरा गैस एजेंसी के सामने अटल चौक के पास गहरे में पड़ी पालिका की पाइप लाइन कट गई। इससे धार बांधकर पानी बहने लगे जबकि समीप के मोहल्ले चौधरी सराय के सभी घरों की जलापूर्ति प्रभावित हो गई। परेशान लोग भागकर नलकूप चालक के पास शिकायत करने पहुंचे। खोजबीन पर पता चला कि पानी की लाइन कटने से दिक्कत आई है। इसकी जानकारी पर नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत का काम शुरू किया। उधर, अधशाषी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी के आदेश से मोबाइल कंपनी की मशीन को जब्त कर काम रुकवा दिया गया। अवर अभियंता जलकर शुभम जायसवाल ने बताया कि कंपनी की तरफ से दो मशीनों द्वारा खुदाई कराई जा रही थी। काम रोकने के बाद कड़ी मशक्कत से दूसरे दिन शनिवार की शाम को सप्लाई बहाल किया जा सका। उधर, बुधवार को मोबाइल कंपनी के साइट इंजीनियर ईओ से मिले और बातचीत की। इस दौरान तय हुआ कि लाइन की मरम्मत के साथ ही टैंकर से पानी भेजने में हुए खर्च को कंपनी पालिका को भुगतान करेगी। इसके साथ ही आगे से ऐसी कोई भी समस्या आने पर कंपनी के द्वारा ही मरम्मत कराई जाएगी। अन्यथा की स्थिति में काम न करने देने के साथ ही अनापत्ति प्रमाण पत्र को रद्द कर दिया जाएगा।

# अनदेखी के चलते अधूरा पड़ा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र

संवाददाता तिर्वा,कन्नौज

**अमृत विचार।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांव में बन रहे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का काम अब तक अधूरा है। इस कारण गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। स्थानीय लोगों ने केंद्र का निर्माण पूरा कराते हुए समस्या समाधान की मांग की है।

केंद्र सरकार ने गांव-गांव स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की। इसके तहत सरकार ने गांव के घरो से निकलने वाले कूड़े के प्रबंधन के लिए गांव-गांव ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्रों का निर्माण कराने के निर्देश दिए। इन केंद्रों पर गीला व सूखा कूड़ा अलग कर उसका निस्तारण किए जाने की व्यवस्था की जाती है। इसी क्रम में उमर्दा ब्लाक के ग्राम मवई विलवारी गांव के मजरे गुनाह में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। इसका काम अधर पर लटका हुआ है। ऐसे में गांव में जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हैं और घरों से निकलने वाले कूड़े का भी निस्तारण नहीं हो पा रहा है। सचिव सत्यम वर्मा ने बताया कि केंद्र का निर्माण बजट के अभाव में लटका पडा है इस कारण वह नही बन पाया।


अधूरा पड़ा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र।

● जगह-जगह फैली गंदगी व जलभराव से संक्रमण का खतरा पैदा हो गया है

## नशीला पदार्थ रखने में तीन माह 21 दिन की सजा

**कन्नौज।** एडीजे तीन के न्यायालय में एक व्यक्ति को नशीला पदार्थ रखने के जुर्म में दोष सिद्ध पाते हुए तीन माह 21 दिन की सजा तथा जुर्माने से दंडित किया गया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि पुलिस ने सुमित कटियार पुत्र राधेश्याम कटियार निवासी मधूपुर थाना कन्नौज को 25 अक्टूबर 2009 को शाम 6.45 बजे नेरा पुल पर पकड़ा था। उसकी तलाशी ली गई तो 25 ग्राम स्मैक बरामद हुई। मामले में विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। सुनवाई पूरी होने के उपरांत न्यायाधीश ने अभियुक्त को दोष सिद्ध पाया। इसके बाद तीन माह 21 दिन के कठोर कारावास तथा 3500 रुपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न किए जाने पर दोषी को एक माह की सजा और भुगतने का आदेश दिया।

# मंत्री ने पौधरोपण के बाद देखी राष्ट्रीय आपातकाल की प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम-2.0 थीम के तहत विकास खंड सदर कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। जिले की प्रभारी व उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने आम का पौधा रोपा। साथ ही राष्ट्रीय आपातकाल के 50वीं वर्षगांठ लगाई गई प्रदर्शनी को भी देखा। उन्होंने कहा कि एक पौधा लगाना केवल पर्यावरण की सेवा नहीं, बल्कि अपने जीवन मूल्यों और परिजनों के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का माध्यम भी है। कहा कि पर्यावरण संरक्षण को एक व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रूप में अपनाएं। इस वर्षाकाल में अधिकाधिक पौधे लगाकर पौधरोपण जनअभियान 2025 को सफल बनाएं। साथ ही पौधों की निरंतर सिंचाई, सुरक्षा, देखभाल करने का भी आवाहन किया। जिससे पर्यावरण को शुद्ध रखा जा सके। इस मौके पर विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, प्रदेश मंत्री भाजपा अभिजात मिश्रा, सीडीओ रामकृपाल चौधरी, जिलाध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख कन्नौज रामू कठेरिया, प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. हेमंत सेठ आदि मौजूद रहे।


सभागार में प्रदर्शनी को देखतीं जिले की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी व अन्य लोग।

● जिले की प्रभारी मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण को व्यक्तिगत जिम्मेदारी बताया

# शिवाजी नगर व कनपटियापुर में 350 मीटर केबल चोरी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला शिवाजी नगर व कनपटियापुर के निकट चोरों ने बिजली पोल से 150 व 200 मीटर एवीसी केबिल चोरी कर ली।

मानपुर विद्युत उपकेंद्र के कलक्ट्रेट फीडर के अवर अभियंता दीपक कनौजिया ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 23 जून की रात पोल से बिजली केबल चोरी होने के संबंध में लाइनमैन दिनेश पाल ने सूचना दी। इस पर वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र मानपुर से निकली 11 केवी कलक्ट्रेट फीडर के शिवाजी मोहल्ले में रखे 250 केवीए के ट्रांसफार्मर की एलटी लाइन अशोक दुबे के स्कूल से मुकेश कटियार की बगिया से हरिशरण दिवाकर के मकान तक की केबल पोल से उतार कर चोरी करली। इसी तरह मानपुर उपकेंद्र के अवर अभियंता करन सिंह ने भी सदर कोतवाली में बिजली केबल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि 15 जून की रात चोरों ने कनपटियापुर गांव के पास कनपटियापुर- मकरंदनगर को जाने वाली एवीसी केबिल करीब 200 मीटर पोल से उतार कर चोरी करली। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# सौरिख का सुमित था नौ दिन पहले नहर में कूदा युवक

संवाददाता सौरिख

- परिवार ने पोस्टमार्टम हाउस में हाथ पर प्रभु लिखा देख की पहचान
- कानपुर देहात की सचेंडी चौकी के पास नहर में मिला शव

**अमृत विचार।** नौ दिन पहले सौरिख में नहर में कूदे युवक के शव की पहचान हो गई है। उसका शव कानपुर देहात में नहर से मिला है। परिजनों ने कानपुर में ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

सौरिख कस्बा के मोहल्ला सदर बाजार निवासी सुमित कुमार गुप्ता पुत्र भालचंद्र गुप्ता (40) 17 जून 2025 को अपने घर से किसी बात से नाराज होकर निकला था और सकरावा रोड स्थित मिर्जापुर पुल पर नहर में छलांग लगा दी। परिवार के लोगों ने देर रात तक उसके आने का इंतजार किया और अगले दिन थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पिछले रविवार को कानपुर देहात के चौकी सचेंडी के पास निचली गंग नहर के किनारे एक शव दिखाई दिया। चौकी पुलिस ने शिनाख्त के लिए प्रयास किया तब तक परिवार के लोग वहां पहुंच गए। शव से आती बदबू के कारण परिजन उस तक नहीं पहुंच सके। बुधवार को कानपुर पोस्टमार्टम हाउस में परिवार के बताए हुए निशान को देखने के लिए डॉक्टर ने उसके हाथ पर केमिकल लगाया तो प्रभु लिखा मिला।


सुमित की फाइल फोटो।

इससे परिवार ने पहचान की और पोस्टमार्टम के बाद परिवार ने कानपुर में ही अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी पर मृतक की पत्नी भी पहुंच गई थी। मृतक अपने पीछे दो पुत्र छोड़ गया। कस्बा में सुमित बरतन भंडार के नाम से दुकान चलाता था।

**पहल** — ब्लॉक छिबरामऊ के कंपोजिट विद्यालय विसमा मुड़िया के शिक्षक नगला खगू पहुंचे

# स्कूल में प्रवेश बढ़ाने के लिए कर रहे संपर्क

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में अभी इस महीने छात्र-छात्राओं का अवकाश चल रहा है। शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक विद्यालय जा रहे हैं। कई अध्यापक नामांकन बढ़ाने के लिए घर-घर संपर्क कर रहे हैं। साथ ही योजनाएं भी गिना रहे हैं।

ब्लॉक छिबरामऊ क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय विसमा मुड़िया में बच्चों का नवीन नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षक मंगलवार को नगला खगू में संपर्क करने निकले। रजिस्टर में नाम व पते लिख रहे हैं। अभिभावकों को फायदे गिना रहे हैं तो बच्चों में उत्साह भी बढ़ा रहे हैं। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि सभी बीईओ के जरिए निर्देश दिए गए हैं कि प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट स्कूलों में छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ाई जाए। बीईओ छिबरामऊ आनंद द्विवेदी ने बताया कि विसमा मुड़िया का विद्यालय बेहतर है। यहां छात्र संख्या भी ठीक है। प्रधानाध्यापक भुवनेश्वर सिंह, शिक्षक धर्मेंद्र सिंह, राहुल वर्मा, शिवम सिंह, मनीष सिंह व शंभूशरन ने मंगलवार को गांव के शिशुपाल, शेरसिंह, राजन, सरमन, महेश चंद्र, रामनिवास, बृजेश आदि कई लोगों से संपर्क किया। बच्चों को भी 1 जुलाई से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा बच्चों के आधार कार्ड बनवाने को भी कहा।


गांव में अभिभावक व बच्चों से संपर्क करते विसमा मुड़िया के शिक्षक। अमृत विचार

● परिषदीय विद्यालयों की योजनाएं गिनाईं, बच्चों से भी 1 जुलाई से आने को कहा

# आईडी न आने से तबादले पर आए शिक्षकों का वेतन लटका

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● 21 से 23 जून तक हाजिरी लॉक करने का समय भी निकला

**अमृत विचार।** अंतरजनपदीय पारस्परिक तबादले पर आए 107 शिक्षकों में करीब 10 को वेतन नहीं मिल सकेगा। इसका कारण, संबंधित जिलों से आईडी का न भेजा जाना है।

बीएसए संदीप कुमार ने सभी 107 सहायक अध्यापकों का वेतन नियमानुसार भुगतान करने का आदेश तो जारी कर दिया है लेकिन हरदोई के 8 अध्यापकों की मानव संपदा पोर्टल की आईडी ही नहीं भेजी गई है। इसके अलावा भी एक-दो अन्य शिक्षकों को आईडी का इंतजार है। कन्नौज जनपद में कानपुर देहात, फतेहपुर, सुल्तानपुर, फिरोजाबाद, बांदा, अमेठी, इटावा, सीतापुर, हाथरस, मिर्जापुर, चित्रकूट, आगरा व ललितपुर समेत कई जिलों से 107 अध्यापकों ने पारस्परिक तबादले के तहत कार्यभार ग्रहण किया है। उनके ही वेतन का आदेश 23 जून को जारी हुआ है।

बताया गया है कि प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों के स्टॉफ की ओर से हर महीने की 21 से 23 तारीख तक हाजिरी लॉक की जाती है।

## आज का मौसम

गुरुवार को अधिकांशतया बादल छाए रहने की संभावना है। इस कारण उमस भरी गर्मी पड़ने के आसार हैं।

| 34.0° | 28.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 18 | सूर्यास्त 07 : 08 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## एक नजर

### छिबरामऊ के सोलर पैनल की क्षमता देखी

**कन्नौज।** जिला ग्राम्य विकास संस्थान छिबरामऊ में लगे सोलर पैनल का यूपी नेडा के प्रभारी परियोजना अधिकारी अनुपम राय ने निरीक्षण किया। साथ में प्रशिक्षण केंद्र सियरमऊ के तकनीशियन अमित चतुर्वेदी रहे। बताया गया कि संस्थान में 25 केवीए के सोलर प्लांट का निरीक्षण मुख्यालय से गठित समिति के सहयोग से हुआ। साथ में जिला प्रशिक्षण अधिकारी सर्वेश सिंह भी रहे। प्रशिक्षण कक्ष के ऊपर कंपनी के 585 वॉट के 36 सोलर पैनल लगे पाए गए जिनकी कुल पावर क्षमता 21.06 किलोवाट है। प्रशिक्षण कक्ष संख्या 1 के अंदर 3 रैक में 9 लीथियम बैट्री प्रत्येक रैक में 600 एएच की 3 लीथियम बैट्री लगी मिली।

### पालिका में राजस्व निरीक्षक व कर अधीक्षक की तैनाती

**कन्नौज।** लंबे समय से नगर पालिका के खाली पड़े राजस्व निरीक्षक तथा कर अधीक्षक के पदों पर शासन की तरफ से तैनाती कर दी गई है। वहीं सफाई निरीक्षक तथा अवर अभियंता का तबादला गैर जिले के लिए हो गया है।

नगर पालिका परिषद कर अधीक्षक के रूप में खुर्जा से अबरार हुसैन को भेजा गया है जबकि राजस्व निरीक्षक के रूप में मनोज कुमार की तैनाती की गई है। इसी क्रम में अवर अभियंता राजकुमार का तबादला इसी बद पर राबर्ट्सगंज के लिए हो गया है। सफाई निरीक्षक संदीप सिंह को इसी पद पर उरई भेजा गया है

### वांछित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**सौरिख।** जनपद मैनपुरी के थाना कुर्रा के गांव नगला झाला निवासी राजेश कुमार पाल पुत्र रामसनेही पाल हाल पता राजस्थान के जिला हनुमानगढ़ी के थाना पीली वंगा को पुलिस ने आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के सौरिख कट से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवक सौरिख थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिक लड़की को 14 जून 2025 को भगा ले गया था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला पंजीकृत करते हुए लड़की को बरामद कर लिया था।

### कूड़ा डालने के विवाद में महिला को पीटा

**गुरसहायगंज।** कूड़ा डालने के विवाद को लेकर आरोपी ने महिला के साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर पंचायत समधन के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी सहाना बेगम पत्नी मोहम्मद आरिफ ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 19 जून की शाम लगभग 07 बजे उसके पड़ोसी अमीर और ओसामा में कूड़ा डालने के विवाद को लेकर दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

## सार-संक्षेप

### संदिग्ध अवस्था में युवक का शव फंदे से लटका मिला


मृतक की फाइल फोटो।

**तिर्वा।** संदिग्ध अवस्था में युवक का शव फंदे पर लटकते देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया कि दंपति में आए दिन विवाद होता था। माना जा रहा है कि घटना से पहले भी कोई बात हुई होगी। थाना ठठिया के पलटेपुर्वा गांव निवासी दीपू (32) पुत्र उद्धन सिंह का विवाह सात साल पहले कानपुर के विधनू निवासी शांति देवी के साथ हुआ था। उसकी चार साल की एक पुत्री भी है। वह पत्नी व बच्चे के साथ माता पिता से अलग दूसरे मकान में रहता था। बताया जा रहा कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद हुआ करता था। इस कारण माता पिता ने अलग घर रहने को दे दिया था। मंगलवार की रात पति-पत्नी व बच्ची घर पर थी। रात में किसी बात से नाराज होकर युवक ने घर से कुछ दूरी पर सड़क किनारे बनी दुकान में जाकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह उसका शव लटकते देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों के अनुसार की पति पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता था। थानाध्यक्ष जयप्रकाश ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा।

### मुकदमे में समझौता न करने पर धमकी देने की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज।** डेढ़ वर्ष पूर्व दुकान से लौट रहे सराफा व्यापारी से लूट के बाद हत्या के मुकदमे में समझौता न करने पर आरोपियों ने पीड़ित को रास्ते में रोक कर धमकी दी। उससे समझौता करने का दबाव डाला। इस पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला दारासराय समधन निवासी कासिम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है 05 जनवरी 2024 की शाम 05 बजे समधन से पहले स्थित पेट्रोल पंप के सामने उसके पड़ोसी तालिब और इजहार ने उसके भाई अयाज के गोली मारकर हत्या कर दी थी। सोने चांदी की जेवरात लूट कर फरार हो गए थे। इसके बाद 11 जनवरी 2024 को पुलिस मुठभेड़ में इजहार की मृत्यु हो गई और तालिब को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था। तालिब ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से अपनी जमानत करवा ली। इसके बाद 11 जून 2025 को जब वह कन्नौज कोर्ट से तारीख करके लौट रहा था। तभी रास्ते में तालिब ने उसे रोककर मुकदमे में सुलह करने की बात कहीं और सुलह न करने पर जान से मारने की धमकी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


सम्भ्रान्त लोगों के साथ वार्ता करते एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

### कोतवाली परिसर में ताजियों को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**छिबरामऊ।** कोतवाली परिसर में ताजियों को लेकर नगर के सम्भ्रान्त लोगों की बैठक हुई। बैठक में कामरान खान ने एन एच 34 पर सदरजहां के सामने एनएचएआई द्वारा कट बंद करने का मामला उठाया। इसके अलावा बिजली विभाग से ताजियों के दौरान तार ऊंचे कराने की बात रखी गई।

# भाजपा प्रदेश की बिजली ही नहीं पूरे देश को बेच देगी: अखिलेश

## सपा के दिवंगत सांसद छोटे सिंह यादव की तेरहवीं पर आए अखिलेश यादव

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



पत्रकारों से वार्ता करते सपा मुखिया अखिलेश यादव अमृत विचार

**अमृत विचार**। सपा के दिवंगत सांसद छोटे सिंह यादव की तेरहवीं पर बुधवार को आए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा भाजपा ने सड़क, बिजली बेच दी। जल्द पूरे देश के संसाधन को सरकार बेच देगी। इटावा में गैर ब्राह्मण भागवताचार्यों की चुटिया काटे जाने के मामले पर भाजपा पर जमकर भड़ास निकाली।

शहर के बीवीगंज स्थित गेस्ट हाउस में बुधवार को तेरहवीं के कार्यक्रम में शिरकत करने आए समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान भाजपा के इमरजेंसी कार्यक्रम पर तंज कसा। इटावा में यादव भागवताचार्यों की चुटिया काटे जाने और मारपीट किए जाने के मामले पर कहा कि भाजपा कानून लाए कि कोई भी गैर ब्राह्मण भागवत नहीं करा सकता। उन्होने कहा कि इटावा में भागवत करने वाले की चुटिया काटी गई, मारपीट की गई। आज गैर ब्राह्मण का भागवत करना भी अपराध की श्रेणी में आ गया। यह कौन से ग्रंथ में लिखा है कि पंडित ही भागवत कर सकता है,अन्य जाति का नहीं। यह भाजपा राज्य में हो रहा है।

सपा सुप्रीमो ने वंदे भारत ट्रेन में पानी चूने के प्रश्न पर कहा कि पूरी भाजपा में भ्रष्टाचार, महंगाई का पानी चू रहा है। भाजपा की विचारधारा अंग्रेजों ने बनाई और भाजपा सरकार अंग्रेजों के कानून के अनुसार ही चल रही है। बिजली को निजी हाथों में देने के सवाल पर उन्होंने कहा भाजपा पूरे प्रदेश की बिजली ही नहीं पूरे देश को बेच देगी। उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद का टेक्सटाइल्स पार्क चला गया, गंगा एक्सप्रेस वे भी चला गया। भाजपा सरकार ने जिले के विकास के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने घोषणा की कि सपा सरकार आने पर पांचाल घाट पर आठ लेन का पुल और आगरा में यमुना पर भी आठ लेन का पुल बनाया जायेगा। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, वरिष्ठ सपा नेता युनुस अंसारी सहित सैकड़ों सपाई मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर से किसानों का नुकसान : सत्यभान झा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। भारतीय किसान यूनियन किसान शक्ति के जिला अध्यक्ष सत्यभान झा के नेतृत्व में पदाधिकारी में कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। बाद में अपर जिलाधिकारी न्यायिक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अपर जिलाधिकारी से कहा कि यदि 48 घंटे के अंदर समस्याओं का निस्तारण नहीं होता है तो तीसरे दिन पुनः कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गांव गांव डिजिटल मीटर लगाए जा रहे हैं इन मीटरों के लगाने से किसानों को पुराने मीटरों से 30 प्रतिशत अधिक रीडिंग आने से बिल अधिक आएंगे। इससे किसानों का काफी नुकसान हो रहा है। इन पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को मुख्यमंत्री योजना के तहत किसानों को सिंचाई के लिए नलकूप का लाभ दिया जाता है जो किसान सबमर्सिबल खुद खरीद लेते हैं उसका पैसा उनके खाते में भेजा जाता है लेकिन दर्जनों किसानों का बोरिंग होने के बाद भी बावजूद भी अभी तक सबमर्सिबल की अनुदान का पैसा उनके खाते में नहीं पहुंचा है।

किसान ऑफिस के चक्कर लगाकर हार गया है। यही नहीं ऑफिस कर्मचारी अभद्र भाषा का भी प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने तत्काल भुगतान कराए जाने की मांग की है।

उन्होंने कहा खनन अधिकारी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सौ घन की परमिशन दी जाती है लेकिन खान माफिया 200 से 250 घन मीटर खुदाई करके जगह और मार्ग को बर्बाद कर रहे हैं। इस संबंध में कई बार शिकायत शिकायत करने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## सार-संक्षेप



आचार्य की भूमिका पर संगोष्ठी में बोलते प्रदेश निरीक्षक। अमृत विचार

### विद्यालय में आचार्य की भूमिका पर हुआ गहन मंथन

**फर्रुखाबाद**। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्यामनगर में चल रहे नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के चतुर्थ दिवस पर दो प्रमुख सत्र आयोजित किए गए। यहां आचार्य की भूमिका पर गहन मंथन हुआ। अयोध्या प्रसाद मिश्रा (प्रदेश निरीक्षक), जवाहर लाल वर्मा (प्रबंधक) एवं रामकृष्णबाजपेई (प्रधानाचार्य) ने दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर सत्र का शुभारंभ किया। प्रथम सैद्धान्तिक सत्र में आधारभूत विषय के शिक्षण पर अयोध्या प्रसाद मिश्र द्वारा मार्गदर्शन किया गया। प्रदेश निरीक्षक ने जड़-चेतन शरीर के विकास में पंचकोषों अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय एवं आनन्दमय कोश की भूमिका स्पष्ट की। उन्होंने पांच कर्मेन्द्रियां (आंख, नाक, कान, जिह्वा, त्वचा) के संतुलित विकास को आवश्यक बताया। इस क्रम में उन्होंने योग शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, संगीत शिक्षा, संस्कृत शिक्षा तथा नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा जैसे पांच आधारभूत विषयों की व्याख्या की। शारीरिक शिक्षा से अनुशासन, सामूहिकता, स्वास्थ्य तथा संतुलन का विकास होता है, वहीं योग शिक्षा से प्राणशक्ति, चरित्र एवं इन्द्रियों का विकास होता है। संगीत से जीवन रसमय बनता है, संस्कृत शिक्षा से अभिव्यक्ति, मेधा व संस्कृति का संरक्षण होता है तथा नैतिक शिक्षा से मूल्यों और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित होती है। द्वितीय सत्र में विद्यालय विकास में आचार्य की भूमिका पर अयोध्या प्रसाद मिश्र ने आचार्य को विद्यालय का शैक्षिक नेतृत्व बताया।

### नहर में गिरी बाइक, चार लोग घायल

**जालौन**। कोंच से बाइक लेकर उरगांव की ओर जा रहे युवकों की बाइक बेकाबू होकर उरगांव रोड पर नहर में चली गई। मौके से निकल रहे राहगीरों ने युवकों को बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया। जहां एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे उच्च संस्थान रेफर किया गया। कोंच कोतवाली क्षेत्र निवासी सोएब (25), सागर (23), सादाब (22) व सलमान (25) कोंच से बाइक लेकर किसी काम के चलते उरगांव की ओर जा रहे थे। एक की बाइक पर चारों युवक सवार थे। बाबई रोड से उरगांव कट से युवक ने बाइक उरगांव की ओर मुड़ दी। उरगांव पर नहर के पास एक तीव्र मोड़ है। बाइक चालक मोड़ पर नियंत्रित नहीं कर सका और मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर नहर में जा गिरी। मौके से निकल रहे राहगीरें ने चारों युवकों को बाहर निकाला और उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन युवकों को छुट्टी दे दी गई जबकि सोएब की गंभीर हालत को देखते हुए उसे उच्च सस्थान रेफर कर दिया गया।

### आयल मिल में लगी आग, लाखों का माल जला

**उरई**। रामपुरा थाना क्षेत्र के जगम्मनपुर में अज्ञात कारणों से तेल मिल मं आग लग गई। जिससे मिल में रखा तेल व लाही सहित लाखों रुपये का सामान जलकर तबाह हो गया। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम जगम्मनपुर के नजर बाग स्थित बाजार में सुशील कुमार यादव पुत्र रूपसिंह यादव की तेल मिल में देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। मिल में रखा बड़ी मात्रा में सरसों का तेल, सरसों, खली सहित अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। वहीं स्पेलर सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण व मशीनरी भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। अनुमान लगाया जाता है कि विद्युत पोल से आयल मिल तक आई पावर कनेक्शन की केबिल गर्म होकर जल गई और उसकी जलती हुई रबर लाही अथवा खली के बोरों पर गिरी जिससे यह हादसा हो गया। सुशील कुमार के अनुसार इस आग में लगभग 80 क्विंटल लाही की खली, 30 क्विंटल लाही व 200 लीटर सरसों का तेल और अंदर रखा सामान जल गया।

### अन्ना मवेशी की टक्कर में वृद्ध किसान की मौत

**उरई**। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सारंगपुर में खेत से घर जा रहे वृद्ध किसान को अन्ना मवेशी ने टक्कर मार दी। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सारंगपुर निवासी किसान मनीराम 68 वर्ष 19 जून की शाम को मूंग की फसल कटाई के बाद खेत से वापस लौट रहा था। जैसे ही वह गांव के पास पहुंचा। तभी एक जानवर ने उन्हें पीछे से ठोकर मार दी। जिससे किसान घायल होकर वहीं गिर गया। उनके पुत्र राजेश व सुनील उन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां पर उनकी हालत नाजुक होने पर उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। पांच दिनों तक चले इलाज के बाद मंगलवार की रात को किसान की मौत हो गई।

### बस संचालन को आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत

**जालौन**। कोंच-जालौन मार्ग पर रोडवेज बस के संचालन के लिए नगर के व्यक्ति ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की थी। शिकायत के निस्तारण में झांसी कोच मार्ग पर बस चलने की जानकारी दी गई है। जबकि मांग पर कोई जानकारी न दिए जाने की शिकायत पुन: की गई है। मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफाक राईन ने बताया कि उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की थी कि जालौन से कोंच मार्ग पर परिवहन विभाग की एक भी बस का संचालन नहीं हो रहा है। लगभग 30 किमी लंबे इस मार्ग पर एक दर्जन से अधिक गांव हैं। जिनमें उदोतपुरा, लहचूरा, भेंड़, देवरी, सिकरीराजा, रनवां आदि प्रमुख गारंव हैं। उन्होंने मांग की थी कि इस मार्ग पर रोडवेज बस का संचालन किया जाए ताकि लोगों को परेशानी से निजात मिल सके। शिकायत का निस्तारण सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक उरई डिपो द्वारा किया गया। जिसमें बताया गया है कि झांसी डिपो द्वारा झांसी कोंच मार्ग पर बसों का संचालन किया जा रहा है। इस निस्तारण में न तो उनकी मागं पर कोई ध्यान दिया गया और न ही आगामी समय में बसों के संचालन के संदर्भ में कोई जानकारी दी गई है।

### सड़क हादसे में दो लोग घायल, एक की मौत

**बसरेहर (इटावा)**। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत चैनल नंबर 112 नीवासई के पास एक लोडर (छोटा हाथी) आगरा से लखनऊ की तरफ जा रहा था तभी चालक को नींद का झोंका आ जाने से वह पुलिया से टकरा गया। जिससे लोडर पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लोडर चालक मोहम्मद इलायक उम्र 33 वर्ष पुत्र रईस निवासी टेडीमऊ थाना मलिहाबाद जनपद लखनऊ अपने साथी मोहम्मद जैद पुत्र रफीक मोहम्मद निवासी उपरोक्त के साथ मथुरा से लखनऊ लोडर से जा रहा था तभी जैसे ही यह थाना चौविया क्षेत्र के अंतर्गत पहुंचा अचानक चालक को नींद का झोंका आ गया जिससे लोडर पुलिया से टकरा गया। घटना की जानकारी राहगीरों ने यूपीडा के गश्ती दल को दी। सूचना मिलते ही गश्ती दल मौके पर पहुंचा और दोनों घायलों को एंबुलेंस से सैफई मेडिकल अस्पताल में भिजवाया। जहां पर इलाज के दौरान मोहम्मद इलायक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# मकान मालिक ने किराएदार और उसके भाई को पीटा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। दबंग मकान मालिक ने किराएदार से मारपीट की महिला एक किशोर घायल हो गया।

पीड़िता प्रियंका सक्सेना निवासी न्यू सैनिक कालोनी कोतवाली फतेहगढ़ ने तहरीर दी है जिसमें कहा कि उसका मकान मालिक मलिखान सिंह राठौर व उसका बेटा शिवम उर्फ सत्यम, ऊषा पत्नी मलिखान सिंह ने बाइस जून को सुवह घर में घुसकर लोहे की राड व अन्य से मारपीटकर जान से मार डालने की नियत से जान लेवा हमला किया जिससे पीड़िता व उसका भाई यश सक्सेना गम्भीर घायल हो गए। यश का मोबाइल तोड़ दिया। जान से मार डालने की धमकी दी है कि पीड़िता इलाज के तुरन्त बाद थाना आई। इलाज की वजह से रिपोर्ट दर्ज कर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**शराब पीने से मना किया तो युवक ने लगा ली फांसी, हालत गंभीर : कायमगंज**। युवक अपने घर पर दुपट्टे से फांसी का फंदा डालकर झूल गया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई।

जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर निवासी अनिल (40) शराब पीकर घर पर पहुंचा था। जिसे देखकर सभी घर वालों ने उसे डांट दिया। जिससे घर के कमरे में ही एक दुपट्टे से गले में फांसी का फंदा डालकर झूल गया। लेकिन परिजनों के देख लेने पर युवक को आनन फानन में फांसी के फंदे से नीचे उतारा। सीएचसी में डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# जिले की रैंक गिरने पर बिफरे प्रभारी मंत्री

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद




विकास कार्यों की समीक्षा करते जिले के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह।

**अमृत विचार**। प्रदेश के पर्यटन एवं जनपद के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में क्लेक्ट्रेट सभागार विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिले की रैंक गिरने पर उन्होने नाराजगी जताई।

मंत्री द्वारा 04 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल भेंट की गयी, तत्पश्चात मा. मंत्री द्वारा 09 विद्यार्थियों को टैबलट वितरित कियें गये, इसके बाद उद्यान एवं खाद्य विभाग के 03,मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के 02, वृद्धावस्था पेंशन के 02 लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरण किया गया व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 117 स्वयं सहायता समूहों को 17550000 रु की चेक वितरित की गई। समीक्षा में मंत्री द्वारा विगत समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गयी,जिला विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि तीसराम की मड़ैया की सड़क ठीक हो गई, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग द्वारा बताया गया कि 234 लाख का स्टीमेट बनकर कार्ययोजना में गया है स्वीकृत होते ही नये सिरे से सड़क निर्माण शुरू करा दिया जायेगा, मंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव लेकर जिन रोडों पर गड्ढे है उन्हें तत्काल सही कराया जाये, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सड़को व गलियों का रीस्टोरेशन की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाये, विद्युत विभाग के अधिकारियो को कार्यप्रणाली में सुधार करने के निर्देश दिये, जनपद में विद्युत विभाग में हटाये गये कर्मियो की समीक्षा जिलाधिकारी स्वयं करे कि उन्हे किस कारण से हटाया गया, मंत्री द्वारा जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि विद्युत विभाग की रिवैम्प योजना की जांच टीम गठित कर कराई जाये।

### जिस पार्टी ने लगाया आपातकाल उसी के लोग लोकतंत्र की बात करते

**फर्रुखाबाद**। जयवीर सिंह ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सरकार को बचाए रखने के लिए देश की संवैधानिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ध्वस्त करते हुए राष्ट्रपति के द्वारा आपातकाल की घोषणा कर दी गई थी। उसी पार्टी के लोग आज लोकतंत्र की बैत करते हैं। उन्होने कहा कि आपातकाल के बाद जो चुनाव हुआ उसमें देश की जनता ने सिद्ध कर दिया कि लोकतंत्र से बड़ा कोई नहीं है और कुछ चुनाव में जनता ने कांग्रेस को बुरी तरह परास्त करके जनता पार्टी के नेतृत्व में विभिन्न दलों की प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाकर कांग्रेस को नेस्तनाबूत करने का जनता ने काम किया। जो भी राजनीतिक दल लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं कोखत्म करने का काम करेगा देश उसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा।

# विवाह गृह में मारपीट करने पर 10 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार**। एक महीने पहले स्थानीय एक विवाह गृह में मारपीट की घटना के मामले को लेकर पीड़ित पक्ष के द्वारा दो नामजद समेत 10 लोगों के खिलाफ कालपी कोतवाली में दलित उत्पीड़न एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उक्त प्रकरण को लेकर वादी मानवेंद्र सिंह पुत्र सोबरन सिंह निवासी ग्राम मैनूपुर थाना कालपी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है के मेरी बहन की शादी एक गार्डन में 26 मार्च 2025 को थी। टीका के कार्यक्रम के दौरान 8-10 लड़के लाठी डंडे लेकर आ गये तथा गाली गलौज करने लगे। रोकने पर प्रार्थी से मारपीट की।

जिससे प्रार्थी का मोबाइल फोन टूट गया। 5 हजार रुपये तथा सोने की चेन व अंगूठी गिर गई। अपने बेटे मानवेंद्र को बचाने के लिए मां राम देवी व चाची अनुसुइया एवं छोटा भाई अनमोल आए तो उनके साथ मारपीट की गयी। घायलों का सरकारी अस्पताल में इलाज चला। आरोपियों ने जाति सूचक शब्दों की गालियां बकते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस नेमामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आश्वासन दिया है कि मामले की जांच के बाद जो भी दोषी मिलेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कालपी में घर के अंदर घुसकर महिला से मारपीट

**कालपी**। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हरकुपुर में बच्चों के ऊपर ट्रैक्टर का पहिया चढ़ने की आशंका को लेकर मारपीट की घटना हो गयी। पीड़ित पक्ष ने 4 नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कराया है। इस मामले को लेकर वादिनी मालती देवी पाल पत्नी स्व. रामनरेश पाल निवासी ग्राम हरकूपुर थाना कालपी ने मुकदमा दर्ज कराते हुये अवगत कराया है कि 24-जून 2025 को सुबह 8 बजे प्रार्थनी अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी। भतीजा हिमांशु 3 वर्ष घर के सामने खेल रहा था। तभी गांव का छोटे पुत्र बबलू पाल ट्रैक्टर लेकर तेजी व लापारवाही से चलाते हुए आया और मेरा भतीजा ट्रैक्टर के नीचे आते आते बचा। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसमें आरोपियों छोटे पुत्र बबलू पाल, उषा तथा शिवपाल व अभिषेक मेरे घर पर के सामने गाली देने लगे। मना किया तो आरोपी मेरे घर के अंदर घुस आए और मेरे भाई को मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी है।

# मामा के घर रह रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**माधौगढ़**। मामा के घर रह रहे भांजे की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह मां व पिता की मौत के बाद से अपने मामा के घर रहकर अपनी जीविका चला रहा था।

कानपुर नगर के ग्राम सरसौल निवासी अंकित (19) पिता पुत्तन व मां पुष्पा देवी की कई साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी। इस कारण वह बंगरा में अपने मामा राम अवतार के यहां रहता था, और वह पास के ही पेट्रोल पंप पर काम करके अपनी जीविका चलाता था। बताया गया कि मंगलवार की रात को वह किसी काम से कुठौंदा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। उसे सीएचसी माधौगढ़ से मेडिकल कालेज भेजा गया था। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी निरीक्षक बंगरा सुरेंद्र सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गोहन हत्याकांड में तीन लोग गिरफ्तार

संवाददाता, उरई

**अमृत विचार**। गोहन थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व मिले अधेड़ के शव मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

घटना का खुलासा करते हुए सीओ माधौगढ़ रामसिंह ने बताया कि 23 जून को ग्राम सरावन में कंचनपुर पुलिया के नीचे ग्राम सरावन निवासी सुनील कुशवाहा 45 वर्ष का शव बरामद किया गया था। मृतक के गले पर किसी धारदार हथियार से काटे जाने के निशान थे। प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा था। मृतक की पुत्री सुरक्षा कुशवाहा ने तीन लोगों के विरुद्ध गोहन थाना पर तहरीर दी थी। जिसमें आरोप लगाया था कि 22 जून को मेरे पिता को शराब पिलाने के बहाने ले जाकर रामकेश पुत्र रामप्रकाश, विश्वास पुत्र शशि कुशवाह निवासीगण सरावन व गुलबसर पुत्र रहीशुद्दीन निवासी ग्राम बदनपुरा ने मुर्गा काटने वाले चाकू से मेरे पिता सुनील कुशवाहा की हत्या कर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी और मुखबिरों का जाल फैला दिया था। परिणाम स्वरूप पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी। घटना के तीनों हत्यारोपी सरावन श्रमदान से हदरुख जाने वाली रोड पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस अंडरपास के पास छिपे बैठे कहीं भागने की फिराक में किसी वाहन का इंतजार कर रहे हैं। सूचना पाकर थाना प्रभारी सतीश कुमार ने टीम सहित मुखबिर के बताए ठिकाने की घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। बल्कि उनके कब्जे से खून से सनी छुरी व रक्त रंजित एक शर्ट बरामद की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

**कार्यक्रम** कोंच रोड स्थित एक मैरिज हॉल में भारतीय जनता पार्टी ने आपात काल पर वार्ता कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

# आपातकाल लगाकर की गई संविधान की हत्या : प्रकाश मिश्रा

कार्यालय संवाददाता, उरई




कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार**। शहर के कोंच रोड स्थित एक मैरिज हॉल में भारतीय जनता पार्टी ने आपात काल पर वार्ता कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि राजेंद्र चौहान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कानपुर रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि ने कहा कि 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'आंतरिक अशांति' का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप दिया और देश के संविधान की हत्या कर दी थी। 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है, उसकी नीयत आज भी वैसी ही तानाशाही वाली है। 1975 में कोर्ट ने इंदिरा गांधी को चुनाव में आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी ठहराया और उन्हें 6 वर्षों तक किसी भी निर्वाचित पद पर रहने से अयोग्य करार दिया गया। रातो-रात प्रेस की बिजली काटी गई, सारे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया, प्रेस से आजादी छीन ली गई, अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को रौंदा गया। संसद, न्यायपालिका को अपंग बना दिया गया और 26 जून की सुबह देश पर कांग्रेस की तानाशाही सरकार ने आपातकाल थोप दिया। कांग्रेस शासित राज्यों में कानून व्यवस्था का हाल आज भी वही है, जो आपातकाल में था- विरोध का दमन, धार्मिक तुष्टीकरण और सत्ता का अहंकार खुलेआम दिखता है। मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, विधायक मूलचंद्र निरंजन, पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा, लोकतंत्र सेनानी राजाराम व्यास, नरेंद्र सिंह जादौन, महादेव गोस्वामी, बृजेंद्र मयंक, मनोज यादव एवं सभी मंडल अध्यक्ष एवं लोकतंत्र सेनानी उपस्थित रहे।

# एसपी ने ताजियों के जुलूस मार्गों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता उरई



निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार**। सदर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक ने मोहर्रम पर्व को लेकर पैदल मार्च कर ताजियों के जुलूस रूटों का निरीक्षण किया। कोतवाल को निर्देश दिए कि परंपरागत मार्गों से ताजियों के जुलूस निकालने दिए जाएं।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार सदर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने सदर क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह एवं अन्य पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर मुहर्रम के जुलूस की सुरक्षा संबंधी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मोहर्रम के जुलूस निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएं। नए मार्गों एवं नए जुलूसों को निकालने की अनुमति न दी जाए। कानून से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। बैठक के बाद उन्होंने शहर के मोहल्ला आजाद नगर, कबीर नगर, श्याम नगर, प्रेम नगर, चूड़ी मार्केट व गोपालगंज में पैदल मार्च मुहर्रम के जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान सदर क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह, सदर कोतवाल अरुण राय, बजारिया चौकी इंचार्ज अनिल राणा, जिला अस्पताल चौकी इंचार्ज अभिषेक सिंह, डिप्टी गंज चौकी इंचार्ज आदि अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# गैरइरादतन हत्या की दोषी पत्नी और प्रेमी को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कोर्ट ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया
- जुर्माना अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास



**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश आवश्यक वस्तु अधिनियम अंकुर शर्मा ने तीन साल पुराने पति की गैरइरादतन हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए पत्नी व उसके प्रेमी को दोषी पाया। दोनों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोनों पर 25- 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना न अदा करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पडे़गा। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि जुर्माने की आधी रकम वादी को दी जाएगी।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मंजू शाक्य ने बताया कि भरथना थाना क्षेत्र के गांव नगला हनुमान रौरा समथर निवासी सुखवीर ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसका भाई कुंअर चंद उर्फ टिल्लू 9 जून 2022 को कहीं दावत खाने के लिए गया था। जब रात को घर लौटकर आया तो उसने देखा कि कमरे में उसकी पत्नी रानी देवी अपने ममेरे भाई श्रीपाल निवासी वीरमपुर थाना ठठिया जिला कनौज के साथ आपत्ति जनक स्थिति में थी। जब उसने इसका विरोध किया तो उसकी पत्नी रानी देवी व श्रीपाल ने उसक साथ मारपीट की। बाद में दोनों ने उसके गले में फंदा डालकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया। कुंअर पाल के शोर मचाने पर परिवार मौके पर पहुंचा तो दोनों ने उसे फंदा लगा छोड़ दिया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राइवेट डाक्टर के पास ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गैरइरादतन हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। बाद में पुलिस ने रानी देवी व उसके प्रेमी श्रीपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छानबीन के बाद पुलिस ने रानी देवी व श्रीपाल के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिया।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश आवश्यक वस्तु अधिनियम कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मंजू शाक्य द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने रानी देवी व श्रीपाल को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उन पर 25- 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उन्हें छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पडे़गा। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि जुर्माने की आधी रकम वादी को दी जाएगी।

### गैंगेस्टर के दोषी को साढ़े छह साल का कारावास

इटावा। विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट मधु गुप्ता ने छह साल पुराने एक गैंगेस्टर के मामले की सुनवाई करते हुए अभियुक्त को दोषी पाया। कोर्ट ने उसे साढे.छह साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे दस दिन का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा। जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि थानाध्यक्ष ऊसराहार योगेंद्र शर्मा ने गिरोह बनाकर क्षेत्र में लूटपाट डकैती आदि वारदातों को अंजाम देने पर आशीष यादव पुत्र महेश चंद्र निवासी नंदपुर अछल्दा औरैया व उसके साथी शिवम यादव पुत्र कैलाश निवासी 28वीं बटालियान पीएसी के सामने मोहित यादव पुत्र ओम प्रकाश निवासी रूपपुर अछल्दा औरैया व विनय पुत्र आज्ञा राम निवासी पुरवा महासुख अजीतमल औरैया के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई की थी। बाद में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने सभी के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। सुनवाई के दौरान आशीष यादव ने अपनी पत्रावली अलग करा ली। मामले की सुनवाई गैंगेस्टर कोर्ट में हुई। जला शासकीय अधिवक्ता के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने आशीष यादव को दोषी पाया और उसे साढे.छह साल की सजा सुनाई। इसके अलावा उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे दस दिन का अतिरिक्त कारावास भोगना पडे़गा।

## आपा की जीत पर मनाया जश्न

**इटावा।** देश में हुए पांच सीटों के उपचुनाव में आम आदमी पार्टी ने दो सीटों पर जीत दर्ज की। इसी को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष और जोश है।

गुजरात की विसवादर सीट और पंजाब के लुधियाना वेस्ट में जीत दर्ज करके पार्टी ने इतिहास बनाने का काम किया है। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद गुजरात के विसावदर विधायक ने आप छोड़ भाजपा का दामन थामा था अब वहां पुनः चुनाव होने पर आम आदमी पार्टी ने वापसी की। वहां गोपाल इटालिया ने भाजपा प्रत्याशी को हराकर जीत दर्ज की। पंजाब में आप प्रत्याशी संजीव अरोड़ा ने बड़ी जीत दर्ज की। शहर के पचराहा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण जीत का जश्न मनाया जिसमें आप जिलाध्यक्ष संजीव शाक्य, जिला महासचिव इकरार अहमद, मनोज कुमार, विकास शाक्य आदि थे।


डीएम को ज्ञापन देते पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव व अन्य। अमृत विचार

# अधिशासी अधिकारी की कराएं नियुक्ति

कार्यालय संवाददाता भरथना

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद में बीते करीब दो वर्ष से अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त होने और नियमित तौर पर तैनाती न होने के चलते पालिकाध्यक्ष ने सभासदों के साथ मुख्यालय पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू सहित पालिका के सभासदों ने बताया कि भरथना नगर पालिका परिषद में बीते करीब दो वर्ष से नियमित तौर पर अधिशासी अधिकारी की तैनाती न होने के कारण सरकारी कार्य सहित जनहित के कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। ज्ञापन देने वालों में पालिकाध्यक्ष के साथ सभासद सुशील पोरवाल, पम्मी यादव, शिवा यादव, रोहित भंसाली, प्रमोद गुप्ता, संजू पोरवाल आदि शामिल रहे।

# चंबल में नहा रहे किसान पर मगरमच्छ ने किया हमला, तलाश में जुटी टीम

## गढ़िया मुलु सिंह निवासी किसान पशुओं को चंबल नदी में पानी पिलाने गया था

कार्यालय संवाददाता, इटावा


घटना स्थल पर मौजूद सदर विधायक व एसडीएम। अमृत विचार

- चरवाहों ने बचाने का किया प्रयास, सदर विधायक सहित अधिकारी पहुंचे मौके पर

**अमृत विचार।** थाना बढ़पुरा क्षेत्र के अंतर्गत उदी में एक अधेड़ किसान को चंबल नदी में मगरमच्छ ने अंदर खींच लिया। मौके पर मौजूद तीन चरवाहों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सके। जानकारी होने पर प्रशासनिक अमला और रेस्क्यू टीम नदी में अधेड़ की तलाश में जुटी गई। नदी लेकिन खबर लिखे जाने तक किसान का पता नहीं चल सका है।

नरेश सिंह पुत्र राजाराम कुशवाहा (55) निवासी ग्राम गढ़िया मुलु सिंह अपने पशुओं को चंबल नदी पर पानी पिलाने ले गये थे। नरेश सिंह भैंसों को पानी पिलाने के बाद स्वयं नदी में नहाने लगे, तभी घात लगाए बैठे मगरमच्छ ने उन पर हमला कर दिया और पानी में खींच ले गया। घटना के समय मौजूद तीन अन्य चरवाहे भी अपने जानवरों को पानी पिला रहे थे। उन्होंने शोर मचाकर नरेश को बचाने की कोशिश की, लेकिन मगरमच्छ पलक झपकते ही किसान को पानी में समेट ले गया और गायब हो गया। चरवाहों ने तत्काल घटना की जानकारी नरेश सिंह के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस एवं वन विभाग को सूचित किया। कुछ ही देर में मौके पर थाना पुलिस, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, तहसीलदार राजकुमार सिंह और वन सेंचुरी के दारोगा ओपी बघेल मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान क्षेत्रीय विधायक सरिता भदौरिया भी मौके पर पहुंचीं और अधिकारियों को तत्काल सर्च ऑपरेशन शुरू करने के निर्देश दिए। जिसके बाद चकरनगर के सहसों क्षेत्र से मोटरबोट मंगाई गई और जिला मुख्यालय से गोताखोरों की टीम बुलाई गई। हालांकि खबर लिखे जाने तक कोई जानकारी हाथ नहीं लगी है। घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और ग्रामीणों में भय का माहौल है।

## बाइकों की भिड़ंत में दो लोगों की मौत

**इटावा।** भरथना थाना क्षेत्र के अंतर्गत विधूना रोड पर दो बाइकों की भिडंत में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

बताया गया है कि क्षेत्र के गांव ढकपुरा निवासी एक परिवार के तीन लोग बाइक से जा रहे थे तभी सती मंदिर के पास दूसरी बाइक से उनकी भिडंत हो गई। बाइकों के टकराने से एक बाइक पर सवार तीन लोग सड़क पर जा गिरे। तभी पीछे से आ रहे डंपर ने दो लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद डंपर चालक मय डंपर के भाग जाने में सफल रहा। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी भिजवाया। जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया। मृतकों में सुरेंद्र 60 वर्ष व रेहान 3वर्ष निवासी ढकपरा भरथना है जबकि प्रवेश घायल है।

# सत्ताधारी दल के दबाव में पीड़ित के मकान पर कब्जा करने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता इटावा


प्रेसवार्ता वार्ता करते पूर्व चेयरमैन नगर पालिका भरथना मनोज पोरवाल। अमृत विचार

- नगर पालिका भरथना के पूर्व चेयरमैन ने लगाया आरोप

**अमृत विचार।** पूर्व चेयरमैन नगर पालिका भरथना मनोज पोरवाल ने सत्ता दल के लोगों पर महिलाओं पिछड़े वर्ग व वैश्य वर्ग के लोगों के शोषण एवं उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उन्होंने न्यायपूर्ण कार्रवाई करने की शासन प्रशासन से मांग की है।

पूर्व चेयरमैन मनोज पोरवाल ने प्रेसवार्ता में आरोप लगाया कि योगेश कुमार पुत्र स्व. गयाप्रसाद शाक्य निवासी मन्दिर दान सहाय थाना भरथना का एक किता मकान मंदिर दान सहाय कस्बा व परगना भरथना में स्थित है। उक्त मकान पीड़ित के पिता को उनके पिता स्व. रघुवर दयाल से वसीयत द्वारा प्राप्त है तथा नगर पालिका परिषद भरथना में पिता के नाम से इन्द्राज है जिसका हाउस टैक्स, वाटर टैक्स, बिजली का बिल आदि पिता के नाम से अदा किया जा रहा है। न्यायालय सिविल जज इटावा के निर्देश में गठित कमीशन ने उक्त मकान का स्थलीय निरीक्षण किया और अपनी रिपोर्ट में उक्त मकान पर योगेश कुमार का कब्जा दखल व निस्तार होना पाया। उक्त मकान को हड़पने के उद्देश्य से भाजपा नेता ने अपने पिता के नाम फर्जी तरीके से कुछ भाग का इकरारनामा करा लिया। मकान पर कब्जा करने की नीयत से भाजपा नेता ने अपने 10-12 साथियों के साथ ताले व कैमरा आदि तोड़ दिये तथा गेट को तोड़कर अपने साथ ले गये। पीड़ित थाने गया तो उसे पुलिस ने भगा दिया। योगेश कुमार ने अपनी माताजी के इलाज के लिए उक्त मकान को राधा जैन पत्नी स्व. प्रवीन जैन व शिल्पी जैन पत्नी नवीन जैन को बेच दिया। उक्त बैनामा रजिस्टर्ड कराने के लिए प्रभारी उप निबन्धक भरथना के समक्ष प्रस्तुत किया। उप निबन्धक भरथना ने सत्तादल के दबाव में बैनामा रजिस्टर्ड नहीं किया। सत्ता पक्ष के लोग राजीनमा का दबाब बना रहे हैं।

# सदर विधायक व डीएम ने किया लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, इटावा



लोकतंत्र सेनानी को सम्मानित करतीं सदर विधायक सरिता भदौरिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें 36 लोकतंत्र सेनानी जिसमें सदर तहसील के 15 लोकतंत्र सेनानियों को मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया एवं जिलाधिकारी द्वारा शॉल, माला एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

सदर विधायक ने कहा कि आज का कार्यक्रम समस्त जनपद एवं तहसील तथा समस्त ब्लॉक स्तर पर मनाया जा रहा है। आपातकाल की काली रात को याद किया गया।

उन्होंने कहा कि दुनिया में आपातकाल जैसी स्थिति कभी नहीं आनी चाहिए इसकी निंदा हम सभी सदैव करते रहेंगे। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, तहसीलदार सदर राजकुमार सिंह, जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं लोकतंत्र सैनानी उपस्थित रहे।

## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल

**भरथना।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम उमरसेडा चौराहे के पास तेजी से आ रही बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार मां बेटा व बहन घायल हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुलेरो को अपने कब्जे में लेकर घायलों को इलाज के लिए चिकित्सालय भेजा है।

ग्राम समंथर निवासी आर्यन ने बताया कि वह अपनी मां उपासना, 8 वर्षीय छोटी बहन राधिका के साथ बाइक पर सवार होकर भरथना से बहन राधिका को दवा दिलाकर अपने घर वापस जा रहे था। जैसे ही वह उमरसेडा चौराहे के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रही बुलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया गया।

# रियाज अब्बासी पुनः युवा जिलाध्यक्ष बने

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा जिला इकाई का पुनर्गठन

**अमृत विचार ।** प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जनपद प्रभारी सर्वेश सिंह चौहान की उपस्थिति में एक रिसोर्ट में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा इकाई का पुनर्गठन किया गया। जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने सर्वसम्मति से पुनः युवा जिलाध्यक्ष पद पर रियाज अब्बासी को युवा अध्यक्ष का दायित्व सौंप दिया गया।

वहीं गठन के दौरान अजीत कुमार सविता को जिला महामंत्री, रिषभ शर्मा, बल्लू फैय्याज, शेख सादिक, मोहिसिन फरीदी, अरूण यादव, शेख नबाब, मु. अली फैय्याज, इकरार अब्बासी, सौरभ वर्मा, हिमांशु गुप्ता, अशफाक सिद्दीकी को जिला उपाध्यक्ष, धर्मेन्द्र यादव, ओम वर्मा, अंसार अहमद, सुधीर शर्मा, मनोज कुमार , आफताब अली,फ़ैज़ आलम कुरैशी, तनवीर अहमद को जिला मंत्री, तथा गौरव पोरवाल लखना, आकाश वर्मा को भरथना नगर अध्यक्ष, मु. आरिफ, रिषी यादव को नगर उपाध्यक्ष भरथना, सत्येंद्र, शाह वारिस, मोहित यादव को भरथना नगर संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब, अभय टंडन, लखना नगर अध्यक्ष विपिन कुशवाहा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रौनक इटावी ने किया।

## सार-संक्षेप


भक्तों के साथ स्वामी उपेद्रानंद। अमृत विचार

### कलियुग के प्रभाव से बचना है तो हरि नाम जपें : स्वामी उपेंद्रानंद

**इटावा।** इस कलिकाल में परमात्मा का नाम ही जीव को कलियुग के प्रभाव से बचाकर इस भवसागर से पार लगा सकता है, इसलिए चलते फिरते हरि नाम जपते रहो। यह बात नैमिष पीठाधीश्वर जगदाचार्य उपेंद्रानंद सरस्वती ने यमुना तलहटी स्थित प्राचीन राम मंदिर पर बुधवार को आयोजित गुरू पूजन कार्यक्रम में प्रवचन देते हुए उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि अजामिल ने तो अपने बेटे को नारायण नाम लेकर पुकारा था, लेकिन भगवान ने अपने पार्षद भेज दिए और यमदूतों को वापस लौटना पड़ा। तो कोई अगर भाव सहित हरि नाम लेगा, उसका तो परम कल्याण होना ही है। इसलिए जमुहाई आने पर भी यदि कोई राम नाम ले लेता है, गोस्वामी तुलसीदासजी लिखते हैं, राम राम कहि जेजमुहाही। तिनहि न पाप पुंज समुहाही। इससे पूर्व भक्त शिष्यों ने गुरू चरणों का पूजन कर महाराज का आशीर्वाद लिया, और कईयों ने नाम दीक्षा भी ली। प्रखर गौड़ ने सुमधुर भजन सुनाए। इस अवसर पर पं. अमरनाथ दीक्षित रामायणी, सात्विक विष्णु महायज्ञ समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हरि प्रकाश नारायण शुक्ला, कोषाध्यक्ष घनश्याम केसरवानी, सुधीर मिश्र, राम मंदिर के पुजारी गोपाल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### दीवार गिरने से महिला घायल

**महेवा।** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत दाईपुर के मजरा नगला लश्करियान में बरसात के चलते किसान के भूसा वाले कमरे की दीवार गिर जाने से किसान की पत्नी बुरी तरह से जख्मी हो गई। आलोक कुमार की पत्नी मंदाकिनी बुधवार सुबह पशुओं के लिए भूसा लेने गईं थी तभी अचानक दीवार गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गईं। उसे महेवा सीएचसी ले आकर आए, जहां चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर ग्राम प्रधान रामसखी, ग्राम सचिव गौरव यादव, लेखपाल राहुल यादव मौके पर पहुंचे व रिपोर्ट तहसील को प्रेषित की।

### शिविर में किया पशुओं का टीकाकरण

**चकरनगर।** विकास खण्ड चकरनगर की न्याय पंचायत भरेह में पशुपालक गोष्ठी एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बाढ़ संभावित इलाके को देखते हुए डिप्टी सीवीओ डॉ. अशोक कुमार की देखरेख में पशुओं के टीकाकरण किया गया। गोष्ठी में डिप्टी सीवीओ डा. अशोक कुमार ने पशुओं में होने वाली बीमारी से कैसे बचा जाए और पशु कैसे सुरक्षित किया जाए पशुपालकों को बारीकी से समझाया, निशुल्क दवा वितरित की और टीकाकरण भी किया। शिविर टीकाकरण अभियान में सुनील कुमार, हुकुम सिंह, मनोज कुमार, प्रशांत तिवारी, आलोक, दिनेश ने भी टीकाकरण किया। इस अवसर पर सैकड़ों पशु पालक उपस्थित रहे।

### एसएसपी ने किया थाना वैदपुरा का निरीक्षण

**इटावा।** एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने थाना वैदपुरा का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना प्रभारी कार्यालय, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, विवेचना कक्ष, मन्दिर परिसर तथा आवश्यक सुविधाओं/व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित प्रभारी से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं थाना परिसर की साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी भरथना एवं पुलिस के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

आपातकाल के 50 साल | सिंचाई विभाग के डाकबंगले में आयोजित संगोष्ठी में बोले, भाजपा के प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह

# आपातकाल में किया अधिकारों का हनन, चलवाईं गोलियां

कार्यालय संवाददाता, इटावा



सम्मानित लोकतंत्र सेनानियों के साथ भाजपा नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान ने कहा है कि कांग्रेस ने 25 जून 1975 को देश में आपातकाल घोषित किया था। इस आपात काल में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश के नागरिकों के अधिकारों का हनन किया था। न्यायपालिका में हार को इंदिरा गांधी पचा नहीं सकीं और आपातकाल लागू कर दिया। लाखों लोगों को जेल में डाल दिया गया था।

भाजपा की ओर से सिंचाई विभाग के डाकबंगले में आयोजित संगोष्ठी में भाजपा प्रदेश महामंत्री ने कहा कि गरीबों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने का नाटक रच रहे राहुल गांधी यह कैसे भूल जाते हैं कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने दिल्ली की तुर्कमान गेट पर अपने घरों को बचाने के लिए गुहार लगाने वाले गरीबों पर गोलियां चलवाईं थीं। उस दौरान विरोध करने वालों को जेल में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाती है, लेकिन इतिहास गवाह है कि सबसे ज्यादा बार संविधान संशोधन कांग्रेस ने ही किए हैं। यही नहीं उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के साथ भी अन्याय किया।

सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि इंदिरा गांधी की तानाशाही मानसिकता अभी भी कांग्रेस के नेतृत्व में दिखाई देती है। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार की मानसिकता हम ही राष्ट्र हैं, की है। यही कारण है उन्हें जनता का स्पष्ट बहुमत भी हमेशा लोकतंत्र का संकट नजर आता है। संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद रघुराज शाक्य व प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रमाकांत शर्मा, अजय धाकरे, कार्यक्रम संयोजक देवप्रताप भदौरिया, शिवकिशोर धनगर, जितेंद्र गौड़, रजत चौधरी, ममता कुशवाहा, विरला शाक्य, सौरभ दीक्षित, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, सतेंद्र राजपूत, विमलेश शाक्य, कृष्ण मुरारी गुप्ता,अंशुल दुवे, मुकेश यादव, बासु चौधरी, प्रीति दुबे, अनुग्रह सेंगर मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी पवन जैन, रणवीर सिंह चौधरी, मधुसूदन, गोपाल, चंदन, मेवाराम, हामिद खां, मुन्नी, ओमप्रकाश, मंसूर अहमद, श्याम बाबू वर्मा, सहदेव सिंह को सम्मानित किया गया।

## भाजपा देश पर अपनी विचारधारा थोपना चाहती है

**इटावा।** भारतीय जनता पार्टी जो आपातकाल की 50वीं सालगिरह मना रही है। बीजेपी ने स्वतंत्रता के समय से ही मानसिक और आर्थिक, धार्मिक आधार पर भी आपातकाल लगा रखा है उसको लगता है कि सनातन धर्म उसकी निजी संपत्ति है और सनातन धर्म पर एकाधिकार है।

कांग्रेस के पीसीसी प्रशांत तिवारी ने एक प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने कहा कि जब से मोदी, योगी का शासन काल आया है तब से देश पर अनेक प्रकार के आपातकाल आघोषित रूप से लगा रखे हैं। आर्थिक आपातकाल, सामाजिक, धार्मिक आपातकाल के नए प्रतिमान रोज बनाए जा रहे हैं। लोगों के जीवन जीने का अधिकार। धार्मिक अभिव्यक्ति का अधिकार। पूजा पद्धति का अधिकार छीन कर वह अपने अपने अनुसार पूरे देश पर अपनी विचारधारा को थोपना चाहती हैं। यही हिटलर शाही है।

# सोते वक्त किशोरी का अपहरण कर दुराचार

## पिता की तहरीर पर अपहरण और दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज

संवाददाता, अयाना (औरैया)

- अपनी बहन की ससुराल आया था आरोपी युवक
- सीओ ने गांव पहुंचकर पीड़िता से पूछताछ की

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में रात में घर के बाहर सो रही किशोरी को एक युवक ने अगवा करने के बाद दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी पीड़िता को अपने साथ ले गया और फिर दुबारा दुराचार किया। आरोपी युवक अपनी बहन की ससुराल आया था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण और दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है। इस घटना के बाद गांव के दो परिवारों के बीच तनाव की स्थिति है।

थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक ने बुधवार को अयाना थाने में पुलिस को तहरीर दी। उसने बताया कि 23 जून की रात उसकी 15 वर्षीय बेटी घर के बाहर चारपाई डालकर सो रही थी। परिवार के बाकी सदस्य बरामदा में सो रहे थे। रात करीब बजे अपनी बहन की ससुराल आए कानपुर देहात जनपद के सिकंदरा थाना क्षेत्र के मूढ़ादेव गांव निवासी अनिल उसकी बेटी को अगवा कर गांव के बाहर ले गया और बेटी के साथ दुष्कर्म किया। बेटी के विरोध करने पर आरोपी ने धमकी दी।

दुष्कर्म करने के बाद आरोपी बेटी को अपने गांव मूढ़ादेव ले गया। वहां आरोपी ने अपने सूने मकान का ताला तोड़ा और फिर बेटी को वहां बंधक बनाकर दोबारा दुष्कर्म किया। सुबह बेटी के गायब होने पर खोजबीन शुरू की। उधर, रात से गायब आरोपी अनिल की बहन और उसके एक रिश्तेदार ने आशंका के आधार पर छानबीन शुरू की। वे लोग मूढ़ादेव गांव पहुंचे, जहां से बेटी को साथ गांव ले आए। इसके बाद पीड़िता के परिजनों को जानकारी दी।

पीड़िता के पिता ने गांव के एक युवक को आरोपी की बहन के घर भेजकर बेटी को बुलवाया। घर आने पर बेटी ने अपनी आपबीती सुनाई। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर अजीतमल सीओ एमपी सिंह, थानाध्यक्ष अजय कुमार ने गांव पहुंचकर पीड़िता और उसके परिजनों से पूछताछ की। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण कर दुष्कर्म करने सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## ट्रैक्टर की टक्कर से पत्नी की मौत पति गंभीर घायल

**औरैया।** बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के पढ़ीन गांव के पास ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

फफूंद थाना क्षेत्र के आशा का पुरवा निवासी कीरत सिंह (45) और उनकी पत्नी पूजा (36) कचहरी में अधिवक्ता से मिलकर बाइक से घर लौट रहे थे। पढ़ीन पुल के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत कोतवाली पुलिस और एंबुलेंस को सूचित किया। घायलों को 50 शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान पूजा देवी की मौत हो गई, जबकि पति कीरत सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद चिचोली रेफर कर दिया गया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है।

# सहार एमओआईसी को चेतावनी देने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- वाद निस्तारण चार दिन में शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में डीएम ने जूम मीटिंग के माध्यम से कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दी जाने वाली आमजन को स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं की जानकारी प्राप्त करने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहार के प्रभारी (एमओआईसी) के कार्यालय में समय से न पहुंचने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए।

डीएम डा. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि चिकित्सालय कार्यालय में सभी अधिकारी समय से पहुंच कर आने वाले जरूरतमंदों को विभागीय सेवाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की किसी के द्वारा बरती गई शिथिलता के लिए संबंधित के विरुद्ध जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित संबंधितों को निर्देशित किया कि वाद निस्तारित हेतु दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष आगामी 30 जून के पूर्व वाद निस्तारण करते हुए लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करें, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आवारा गोवंशों को संरक्षित किए जाने हेतु संचालित अभियान के तहत आवारा गोवंशों को पकड़ने में बार-बार आगाह किए जाने के उपरांत भी शिथिलता बरती जा रही है, यह बहुत खेदजनक है।

उन्होंने सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और छुट्टा घूमने वाले गोवंशों को प्रत्येक दशा में पकड़वाते हुए संरक्षित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी संबंधितों को यह भी निर्देश दिए कि आईजीआरएस के संदर्भों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाए जिससे जनपद का सन्तुष्टि प्रतिशत ऊपर उठ सके।

## सार-संक्षेप

### डिप्टी जेलर के पद पर प्रमोशन मिलने पर बधाई दी

**अछल्दा।** इटावा जिला कारागार के जेल अधीक्षक कुलदीप भदौरिया और डिप्टी जेलर वंदना गौतम ने अछल्दा विकास खण्ड क्षेत्र के घसारा गांव के रहने वाले राजाबाबू कठेरिया को डिप्टी जेलर के पद पर प्रमोशन मिलने पर गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी। इस मौके पर जेल परिसर में एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जेल स्टाफ ने उन्हें मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।



प्रमोशन होने पर खुशी का इजहार करते डिप्टी जेलर। अमृत विचार



गाय को ट्रैक से हटाते कर्मचारी। अमृत विचार

### एक्सप्रेस ट्रेन की टक्कर से गाय गंभीर घायल

**अछल्दा।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर मंगलवार रात 8 बजे अप रेलवे ट्रैक पर 13-बी क्रॉसिंग पार करते समय एक्सप्रेस ट्रेन की टक्कर से एक गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। गाय रेलवे ट्रैक पार कर रही थी, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक्सप्रेस ट्रेन से उसकी टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे गेटमैन वेद प्रकाश ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल गाय को ट्रैक से हटाकर लाइन क्लियर की। इसके बाद कुछ देर के लिए रोकी गई ट्रेन को रवाना किया गया। प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय पशु चिकित्सक को बुलाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रैक पर जानवरों की आवाजाही आम हो गई है, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है।



कलश यात्रा के दौरान शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### रानीपुर में धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा

**फफूंद।** भाग्यनगर विकास खंड की ग्राम पंचायत रानीपुर में बुधवार से शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा के पहले धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। बुधवार को कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें परीक्षित आदित्य दुबे व उनकी पत्नी रमाकांती सिर पर पोथी रखकर सबसे आगे चल रहे थे। पीत वस्त्र धारण किए हुए 108 महिलाएं सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं। आगे-आगे चल रहे डीजे पर भक्ति भजनों पर युवा थिरक रहे थे। कलश यात्रा रानीपुर के विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस पंडाल में पहुंची। वहीं कथावाचक आचार्य पंडित रत्नेश महाराज ने कलशों को स्थापित कराने के बाद कथा की शुरुआत करते हुए श्रीमद्भागवत के मात्मज्ञान, वैराग्य भक्ति चरित्र का वर्णन किया। सभी भक्तों ने भावपूर्ण श्रद्धा से प्रसंग को सुना और परमपिता परमेश्वर को याद किया। शाम के समय प्रसाद वितरण हुआ।




फरियादियों की शिकायतें सुनते एसपी अभिजीत आर. शंकर। अमृत विचार

### पुलिस कप्तान ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं

**औरैया।** पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने पुलिस कार्यालय में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने पीड़ितों को न्याय का दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि थाना आने वाले पीड़ितों की समस्याओं का वहीं पर निस्तारण कराया जाए, जिससे उन्हें इधर-उधर न भटकना पड़े।

### राज्य स्तरीय समारोह में जिले के दो शिक्षक हुए सम्मानित

**अजीतमल।** बरेली में आयोजित राज्य स्तरीय प्रकृति मित्र शिक्षक समारोह में जिले के भाग्यनगर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय जैतपुर फफूंद के प्रधानाध्यापक ज्ञानप्रकाश और अजीतमल ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय ज्ञानपुर प्रताप सिंह के प्रधानाध्यापक नरेंद्र सिंह कुशवाहा को ईको फॉर मिशन लाइफ के प्रभावी क्रियान्वयन पर एडी बेसिक अजीत कुमार व जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने सम्मानित किया।



पिपरौली की शिव बस्ती का बदहाल रास्ता। अमृत विचार

## रास्ते पर पैदल गुजरना भी मुश्किल

संवाददाता, बिधूना

**अमृत विचार।** विकास खंड सहार की ग्राम पंचायत पिपरौली शिव के मजरा पिपरौली शिव की दलित बस्ती में जहां गलियों का निर्माण न कराए जाने के चलते ग्रामीणों का पैदल निकलना भी दूभर है।

वहीं संक्रामक रोगों के फैलने की भी आशंका बनी हुई है। कुसमा देवी कठेरिया, मुन्नू कठेरिया, सुरेश चंद्र कठेरिया, राकेश कठेरिया, संभू कठेरिया बाबूराम, छोटे आदि ने कहा कि गली और नालियों का ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण न कराए जाने के चलते वह लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। कहा कि उन्होंने ग्राम प्रधान और सचिव को कई बार समस्या से अवगत कराया लेकिन किसी के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में घरों में क़ैद होना पड़ता है। घरों में पानी भर जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से दलित बस्ती में नाली-खरंजा निर्माण कराने की मांग की है। ग्राम प्रधान ने कहा कि समस्या को कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है। शीघ्र निर्माण कार्य कराकर समस्या का निराकरण कराये जाने का प्रयास किया जायेगा।

# शादी में फिजूलखर्ची रोकने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की बैठक में चर्चा
- बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमन्त गुप्ता शामिल हुए

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की आवश्यक बैठक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमन्त गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को सुबह श्री गोपाल वाटिका आश्रम में हुई। बैठक में बरेली के नवाबगंज क्षेत्र के राजीव गुप्ता के हमलावरों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं होने पर रोष जताया गया।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.सुमंत गुप्ता ने कहा कि अगर शीघ्र हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेंटकर वैश्य समाज की ओर से समूचे प्रदेश में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि 28 जून को दानवीर भामाशाह की 478वीं जयंती बहादुर शाह जफर मार्ग दिल्ली स्थित प्यारेलाल भवन में मनाई जाएगी, जिसमें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष बृजेंद्र गुप्ता, लोकसभा अध्यक्ष ओम




बैठक के दौरान चर्चा करते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

बिरला, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, सांसद प्रवेश खंडेलवाल आदि लोग मौजूद रहेंगे।

उन्होंने जनपद के वैश्य समाज से जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की। बैठक के समापन पर उन्होंने समाज के लोगों से अपने बच्चों के विवाह से पूर्व प्री-वेडिंग रोकने व दिखावे के तौर पर रुपये की अनावश्यक बर्बादी रोकने के लिए व्यंजनों की संख्या सीमित रखने पर जोर दिया। समाज के लोगों को एकता से भाव से रहने का आग्रह किया। बैठक में प्रमुख रूप से परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक रमन पोरवाल, प्रांतीय प्रभारी अभिषेक गुप्ता, प्रांतीय उपाध्यक्ष आनन्द नाथ गुप्ता, राकेश गुप्ता, विष्णु गहोई, अनूप गुप्ता, विचित्र पहल सेवा समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू), नरेश शिवहरे आदि लोग मौजूद रहे।

## 25 हजार रुपये का इनामी गिरफ्तार

**बिधूना।** पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी और गैंगस्टर के आरोपी रहमान उर्फ अरबी कुरैशी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी बेला थाने की पुलिस ने की।

बिधूना तहसील के क्षेत्र के बेला थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार सुबह मल्हौसी मोड़ से गैंगस्टर को पकड़ा। पुलिस के मुताबिक गैंगस्टर रहमान कानपुर नगर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के जोगियान का निवासी है। आरोपी के खिलाफ कई थानों में मामले दर्ज हैं।

बेला ताने में गैंगस्टर एक्ट और वीएनएस एक्ट के तहत मामले हैं। ऐरवाकटरा थाने में वीएनएस एक्ट और कन्नौज के इंदरगढ़ थाने में भी एक मामला दर्ज है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम औरैया ने आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।

# आपातकाल देश के लिए कलंक: प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** आपातकाल (25 जून 1975) भारतीय लोकतंत्र के दुःखद व काले अध्याय के 50वीं बरसी पर भाजपा की ओर से संगोष्ठी हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री एवं जिले प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला, विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई सम्मिलित हुए।

प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आपातकाल के दौरान न केवल लोकतान्त्रिक संस्थाओं को रौंदा, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता, न्याय पालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलकर यह स्पष्ट कर दिया कि जब-जब उनकी सत्ता संकट में होती है, वे संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने से पीछे नहीं हटते। कांग्रेस आज भी लोकतंत्र को सिर्फ तभी मानती है, जब कुर्सी उसके पास होती है। कांग्रेस सरकार द्वारा लागू किये गए आपातकाल के दौरान भारतीय लोकतंत्र पर जो हमला और नागरिकों के अधिकारों का हनन हुआ था वह देश के लिए बेहद ही दुःखद था, जिसे देश की जनता कभी भुला नहीं सकती।




कार्यक्रम को संबोधित करतीं प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला। अमृत विचार

पूर्व कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत, कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ सर्वेश कठेरिया ने कहा कि जिस पार्टी ने संविधान का गला घोंटा, प्रेस की स्वतंत्रता को कुचला, उसे लोकतंत्र और संविधान की बात करने का कोई अधिकार नहीं है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, निवर्तमान जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय चौहान, जिला उपाध्यक्ष यशवीर सिकरवार मौजूद रहे।

वहीं, औरैया में आपातकाल के विरोध में प्रदर्शनी का प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद सलिल बिश्नोई ने उद्घाटन किया। प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

# कंचौसी में एक एकड़ में शीघ्र ही बनेगा बारातघर

संवाददाता, कंचौसी

- बारातघर के निर्माण में एक करोड़ रुपये खर्च होंगे

**अमृत विचार।** भाग्यनगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत कंचौसी गाँव में करीब एक एकड़ जमीन पर एक करोड़ से अधिक की लागत से बारात घर का निर्माण जल्द ही शुरू किया जाएगा।

यह जानकारी कंचौसी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भूरे चौबे ने दी। बारात घर का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। इस बाबत आज कंचौसी ग्राम सचिवालय में सम्बंधित आला अधिकारियों का तांता लगा रहा। इसकी सूचना जब ग्रामवासियों ने सुनी तो ग्राम सचिवालय के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। इस दौरान बारात घर के निर्माण स्थल पर जाकर लेखपाल सहित अन्य आला अधिकारियों ने बारात घर निर्माण के लिए भूमि का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस दौरान प्रमुख रूप से डीपीआरओ श्री कांत यादव, एसडीओ राजेन्द्र कुमार, एडीओ पंचायत संतोष तिवारी, लेखपाल सतेंद्र कुमार, जेई बिधुत विभाग सतीश जयसवाल, कानूनगो राजेश कुमार यादव, प्रधान प्रतिनिधि भूरे चौबे, ग्राम सचिव कल्पना शुक्ला, पंचायत मित्र अजय गुप्ता, कुलदीप तिवारी मौजूद रहे।

# महिला सिपाही का वर्दी में रील बनाते वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिले के अछल्दा थाने की एक महिला पुलिसकर्मी का सोशल मीडिया पर रील बनाते हुए वीडियो सामने आया है, जिसमें वह वर्दी में थाने परिसर के अंदर अलग-अलग पोज में नजर आ रही है। एक वीडियो 28 सेकेंड का है, जो थाने का अंदर का है और दूसरा 21 सेकेंड का है, जो पुलिस कार्यालय के मीटिंग हाल का है। बैक ग्राउंड में म्यूजिक बज रहा है।

थाने में जो रील बनाई गई है, उसमें गोद में एक बच्चे को लेकर प्यार करती नजर आ रही है। बैक ग्राउंड में फिल्म जोश का हाय, मेरा दिल चुरा के ले गया गाने का म्यूजिक बज रहा है। वीडियो में महिला सिपाही वर्दी में थाने के भीतर ही अलग-अलग रील में वह म्यूजिक और डायलॉग पर लिप-



वायरल वीडियो के फुटेज।

सिंक करती भी नजर आ रही हैं। इन वीडियो को लेकर प्रतिक्रिया हो रही है। खास बात यह है कि महिला सिपाही लंबे समय से इंस्टाग्राम पर रील बनाकर पोस्ट कर रही हैं। उनका पॉली भरद्वाज ऑफिसियल नाम से अकाउंट है। उनके इंस्टाग्राम पर 2 लाख 50 हजार फॉलोअर्स भी हैं। वह सेलिब्रिटी स्टाइल में वीडियो पोस्ट करती हैं। उनके कई वीडियो में लाखों में व्यूज आते हैं।

कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम | कलेक्ट्रेट सभागार में लोकतंत्र सेनानियों को शाल भेंटकर किया गया सम्मानित

# लोकतंत्र सेनानियों ने आपातकाल के संस्मरण सुनाए

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की 50वीं वर्षगांठ पर कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आपातकाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डा. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि सभी लोग एक-दूसरे का सम्मान करें। हमें इस बात पर चिंतन करना चाहिए कि आपातकाल जैसी स्थिति आगे कभी न आने पाए। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर राष्ट्र की प्रगति के बारे में सोचना चाहिए और अपना संपूर्ण योगदान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमें आपातकाल के दौरान घटित घटनाओं एवं उसके दुष्प्रभावों से सीख लेते हुए आगे आने वाली पीढ़ी को सजग भी करना है




कार्यक्रम को संबोधित करते डीएम डा. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

और हम सभी को राष्ट्र एवं लोकतंत्र का सम्मान भी करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी की ओर से लोकतंत्र सेनानियों को माला पहनाकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोकतंत्र सेनानियों द्वारा आपातकाल के दौरान हुई घटनाओं के बारे में जानकारी देते हुए अपने-अपने संस्मरण सुनाए।

कार्यक्रम के दौरान आपातकाल पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया और सामूहिक हस्ताक्षर अभियान चला कर आमजन को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) नीरज प्रसाद ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान मात्र सांकेतिक है। लोकतंत्र सेनानियों ने लोकतंत्र को बचाने के लिए जो संघर्ष किया, उसका आने वाली पीढ़ियां ऋण नहीं चुका सकती हैं। हम सभी उनके हमेशा ऋणी रहेंगे।

उन्होंने कहा कि जब तक लोकतंत्र जीवित है, हम जीवित हैं और हमारे अधिकार भी जीवित हैं। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, जिला विकास अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार मौर्य, संबंधित अधिकारी, लोकतंत्र सेनानी व उनके आश्रित सहित एनसीसी कैडेट मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुन श्रोता भाव-विभोर

संवाददाता, अटसू

- अटसू में श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन जुटे श्रद्धालु

**अमृत विचार।** नगर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के 6वें दिन कथावाचक आचार्य पं. अभिषेक द्विवेदी ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया।

अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की वंशी की मधुर धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी। जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ।

रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधि पूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया। नगर में सार्वजनिक सहयोग से हो रही श्रीमद् भागवत कथा में क्षेत्रीय ग्रामीण एवं नगर की जनता का विशेष सहयोग है।



# अंतरिक्ष की उड़ान



## राकेश शर्मा मेरे आदर्श हैं

अंतरिक्ष में उड़ान से पूर्व शुभांशु शुक्ल ने कहा कि मेरे आदर्श भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा हैं। मैं उनसे बेहद प्रभावित हूं। उनको पढ़कर बड़ा हुआ हूं। मैं जिस सफर पर हूं, यह एक लंबी यात्रा रही है। मुझे नहीं पता था कि यह यहां तक पहुंच जाएगा। मैं यह मौका पाकर खुद को भाग्यशाली और खुशकिस्मत महसूस कर रहा हूं, उड़ना हमेशा से ही मेरा एक सपना रहा है। मैं बहुत खुश हूं...।



"नमस्कार। मेरे प्यारे देशवासियों, क्या यात्रा है। हम 41 साल बाद एक बार फिर अंतरिक्ष में वापस आए हैं। यह एक अद्भुत सवारी है। हम 7 .5 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से पृथ्वी के चारों ओर घूम रहे हैं। मेरे कंधों पर उभरा हुआ तिरंगा मुझे बताता है कि मैं आप सभी के साथ हूं। मेरी यह यात्रा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की शुरुआत नहीं है, बल्कि भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत है। मैं चाहता हूं कि आप सभी इसका हिस्सा बनें। इस यात्रा पर आपका सीना भी गर्व से चौड़ा हो जाना चाहिए... आइए, मिलकर भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत करें। लखनऊ के शुभांशु ने जब यह संदेश भेजा तो उसे पढ़कर/देखकर मौजूद राजधानीवासी गर्व से अभिभूत हो गए। शुभांशु के अंतरिक्ष में रवाना होते ही समूचा सीएमएस कंपाउंड भारत माता की जय और वंदेमातरम का जयघोष गूंज उठा। शुभांशु ने सीएमएस से शिक्षा पाई है।"

# शुभांशु ने छुआ आसमान

## मां ने मांगी दुआ, पिता बोले-मिशन गढ़ेगा कीर्तिमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 'मेरा शुभांशु.. लखनऊ का शुभांशु... प्रदेश/देश का शुभांशु। हमें उस पर नाज। उसकी अंतरिक्ष उड़ान सफलता की नई इबारत लिखेगी। हमारा शुभांशु मिशन में जरूर कामयाब होगा। हम ईश्वर से प्रार्थना और आशीर्वाद मांगते हैं कि इस अंतरिक्ष मिशन से हमारा देश सफलता के नीत कीर्तिमान गढ़े। हमें शुभांशु पर नाज है। उसका अंतरिक्ष मिशन हर हाल में सफल होगा। क्योंकि ईश्वर के आशीर्वाद के साथ करोड़ों भारतवासियों की दुआएं भी तो उसके साथ है। अंतरिक्ष में मिशन पूरा कर वह धरती पर सकुशल आएगा।'

सीएमएस,लखनऊ में आयोजित 'व्योमोत्सव' में यह कहते शुभांशु की मां आशा शुक्ला के नेत्र भर आए। लेकिन, उनके ये आंसू खुशी के हैं। ...और हो भी क्यों न? उनका होनहार बेटा अंतरिक्ष की उड़ान भरने वाला दूसरा भारतीय जो बन बैठा है।

मां आशा की तरह ही पिता शंभू दयाल शुक्ला भी गर्व व रोमांच से भरे दिखे। वे बार-बार ईश्वर का धन्यवाद करते दिखे। बताया कि शुभांशु का अंतरिक्ष मिशन सफलता का कीर्तिमान गढ़ेगा। साथ ही वे अपने बेटे की सलामती की दुआ मांगते भी दिखे। बुधवार को 'व्योमोत्सव' में मौजूद लोगों में तो अलग ही उत्साह और रोमांच दिख रहा था। उधर, शुभांशु के अंतरिक्ष उड़ान के ऐतिहासिक क्षण का लाइव प्रसारण सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस) में किया गया। इस अवसर पर सीएमएस की सभी ब्रांच के छात्र और टीचर मौजूद रहे।

इस दौरान शुभांशु के परिजन भी रहे। सीएमएस में आयोजित 'व्योमोत्सव' के माध्यम से सभी ने यान का लाइव प्रसारण देखा। जैसे-जैसे यान के लांच होने का समय नजदीक आता जा रहा था लोगों का रोमांच आसमान छू रहा था। जैसे ही स्पेसएक्स फाल्कन-9 रॉकेट ने अमेरिका के फ्लोरिडा से भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे आकाश की ओर उड़ान भरी वैसे ही स्कूल के वर्ल्ड यूनिटी कन्वेंशन सेंटर तालियों, अश्रुपूरित आंखों और हर्षोल्लास से गूंज उठा। हर किसी ने भारत माता की जय के नारे लगाने शुरू कर दिए।



शुभांशु का राकेट उड़ता देख भावुक मां आशा।

### माता-पिता हुए भावुक

शुभांशु शुक्ल के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है, बहुत खुशी है। मैं भगवान का धन्यवाद करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि उसका मिशन सफल रहे, भगवान उसे आशीर्वाद दें। उनकी मां आशा शुक्ला की आंखें नम हो गईं। वह अपनी आंखें पोंछती हुई बोली यह देश के लिए गर्व की बात है, बेटे का मिशन कामयाब हो, वह सकुशल वापस लौट आए यही प्रार्थना है।

### कपोला विंडो की प्रतिकृति प्रदर्शित

लाइव लॉन्च टेलीकास्ट कार्यक्रम के दौरान अंतरिक्ष स्टेशन की 'कपोला' विंडो की प्रतिकृति, डीफाई ग्रेविटी फोटो बूथ, टेलीस्कोप से आकाश दर्शन, सिम्युलेटेड मिशन कंट्रोल सेंटर को भी दिखा गया।



सीएमएस में लाइव लांचिंग देखने के बाद प्रसन्न मुद्रा में भारती गांधी, शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ल, मां आशा शुक्ला, बहनें शुचि मिश्रा, निधि और पीछे खड़े छात्र व छात्राएं। अमृत विचार



ईश्वर से प्रार्थना करतीं शुभांशु की छोटी बहन शुचि मिश्रा।

### 1985 में लखनऊ में जन्म

शुभांशु शुक्ल का जन्म 1985 में लखनऊ में हुआ और उन्होंने सीएमएस अलीगंज कैम्पस से मॉन्टेसरी से लेकर कक्षा 12वीं तक शिक्षा प्राप्त की। तत्पश्चात वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक होकर वर्ष 2006 में भारतीय वायुसेना में कमीशन प्राप्त कर फाइटर पायलट बने। 2000 से अधिक घंटे का उड़ान अनुभव रखने वाले शुभांशु को वर्ष 2019 में गगनयान मिशन के लिए चुना गया और बाद में अंतरिक्ष मिशन के लिए पायलट नियुक्त किया गया। अपने 14 दिवसीय अंतरिक्ष अभियान में वे नासा की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पेगी व्हिटसन (मिशन कमांडर) तथा हंगरी व पोलैंड के अंतरिक्ष यात्रियों के साथ मिलकर मानव शरीर, पोषण और शून्य गुरुत्वाकर्षण में बीज अंकुरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध करेंगे।

### मिशन में होंगे 60 प्रयोग

इस मिशन में कुल 60 प्रयोग किए जाएंगे जिसमें भारत के 6 प्रयोग किया जाना है। धातुविज्ञान, सूक्ष्म जैवप्रोद्योगिकी, माईक्रो ग्रेविटी आदि पर प्रयोग किया जाना है। अंतरिक्ष यात्राओं में विभिन्न देश अपने शोध के विषय देते हैं जिनको नासा लिस्ट में डालकर सूची तैयार करता है। उनका यह मिशन देश के तेजी से बढ़ते विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र की पहचान है। हम अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में पहले से बेहतर करते आ रहे हैं। अंतरिक्ष में भारत के दूसरे मिशन से वैश्विक स्तर पर हमारी साख बढेगी। इसके अलावा जिन विषयों पर भारत शोध करना चाहता है वह वैश्विक कल्याण के लिए है। जिन छह बिदूंओं पर प्रयोग किया जाना है उनमें कृषि, बायोटेक्नॉजी संबंधित विषय हैं जिससे नवाचार, शोध और नए प्रयोग के अनेक मार्ग खुलेंगे। भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ल को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।



स्पेश शटल ने जैसे ही अंतिरक्ष के लिए उड़ान भरी, लखनऊ के सीएमएस में सीधा प्रसारण देख रहे लोग मारे खुशी थिरकने लगे। अमृत विचार

# लांचिंग का पल-पल रहा रोमांच से भरपूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ के शुभांशु शुक्ला एक्सियम मिशन-4 के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हो गए। शुभांशु को उनके स्कूल सीएमएस ब्रांच से भी लोगों ने स्पेस स्टेशन में जाते हुए देखा। अंतरिक्ष यान लांचिंग का लाइव टेलीकास्ट देखने के लिए बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। बुधवार सुबह दस बजे ही कानपुर रोड स्थित स्कूल पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और सीएमएस की सभी शाखाओं के शिक्षक भी मौजूद रहे। स्क्रीन पर लाइव टेलीकास्ट के प्रसारण की व्यवस्था के साथ अंतरिक्ष के कृत्रिम मॉडल भी प्रदर्शन के लिए रखे गए थे। सीएमएस कानपुर रोड स्थित शाखा पर शुभांशु के माता पिता और उनकी दो बड़ी बहनें भी पहुंचीं। जिनका विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने जोरदार स्वागत किया। अंतरिक्ष यान के लांचिग का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा था लोगों का रोमांच बढ़ता जा रहा था। यान को 12 बजकर एक मिनट पर उड़ान भरना था, इसका समय करीब आते ही लोगों का रोमांच चरम पर पहुंच गया और सीएमएस का आडिटोरियम भारत माता की जय और बंदेमातरत से गूंजने लगा।

### छात्रों ने कहा, शुभांशु हमारे हमारे आदर्श



अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ल के बचपन के स्कूल के छात्र दक्षराज सिंह ने कहा कि शुभांशु शुक्ल मेरे आदर्श हैं, हम भी बडे होकर देश सेवा करेंगे और देश का नाम रौशन करेंगे। दक्षराज सिंह को अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थान हासिल हो चुका है।



-सीएसएस की छात्रा परी अग्रवाल जिनको अमेरिकी स्कॉलरशिप प्राप्त हो चुकी है उन्होंने कहा कि यह देश के लिए गर्व का विषय है। हमारे विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय विभूतियां हैं जिनसे हम सबको प्रेरणा मिलती है।

### शुभांशु की यात्रा संभावना का प्रकाश स्तंभ



सीएमएस की संस्थापिका और निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने कहा कि सीएमएस के अनेक छात्रों ने देश का नाम रोशन किया है। लेकिन शुभांशु की यह यात्रा प्रत्येक भारतीय बालक-बालिकाओं के लिए संभावना का प्रकाश स्तंभ बन गई है। शुभांशु के इस मिशन से सीएमएस सहित देश के अनेक छात्र-छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी और वह जीवन में आगे चलकर देश के लिए सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रदेश और देश में छात्र-छात्राओं को विज्ञान व तकनीकि के अध्ययन के लिए प्रेरणा मिलेगी। इसके अलावा हमारे छात्र वैश्विक स्तर पर देश का नाम रोशन करने को प्रेरित होंगे।

## शुभांशु के माता-पिता के साथ टीचर्स ने किया भांगड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** शुभांशु शुक्ला ने जैसे ही अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी, उनके माता-पिता रोमांचित होकर ताली बजाने लगे। खुशी के मारे शुभांशु की मां की आंखों से आंसू छलक पड़े। हाथ जोड़कर उन्होंने बेटे की सलामती की दुआ की। मिशन की सफल लॉन्चिंग के बाद शुभांशु के माता-पिता, स्कूल के टीचर्स ने भांगड़ा किया। शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने कहा कि इस पल का इंतजार लंबे अरसे से था। मेरी खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। कभी नहीं सोचा था कि बेटा इतनी ऊंचाई पर जाएगा। बेटा 14 दिन के लिए अंतरिक्ष में गया है, उसका मिशन कामयाब हो और वह सकुशल वापस आए यही दुआ है।

## शुभांशु की अंतरिक्ष उड़ान गौरव का क्षण : ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ स्थित शुभांशु शुक्ला के आवास पर जाकर उनके माता-पिता और परिजनों को बधाई और मिशन सफल होने की शुभकामनाएं दीं शुभांशु की अंतरिक्ष उड़ान को उन्होंने देश एवं लखनऊ के लिए गौरव का क्षण भी बताया।



शुभांशु शुक्ल के माता-पिता और परिजनों को बधाई देते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

## महापौर ने भी दी बधाई

**अमृत विचार लखनऊ :** महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को लखनऊ के गौरव भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक उपलब्धि पर उनके निवास स्थान पर जाकर परिजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस उपलब्धि पर उनकी माता आशा शुक्ला एवं पिता शंभु दयाल शुक्ला से भेंट कर इस अद्भुत क्षण के लिए बधाई दी और कहा कि "यह उपलब्धि भारत के वैज्ञानिक और सामरिक सामर्थ्य को दर्शाती है। शुभांशु शुक्ला युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर पार्षद दल उपनेता सुशील तिवारी पम्मी सहित पार्षद मुन्ना मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## वर्ग पहेली-13

**बाएं से दाएं**

3.1. पानी गिरने की ध्वनि 2. ज़ोर से उछाला हुआ पानी का छींटा 3. धारा के किसी वस्तु से टकराने के बाद उत्पन्न होने वाला शब्द, छपाछप।

4.1. चुभना, पीड़ा देना, गड़ना 2. किसी दुखद घटना का बार-बार स्मरण होना 3. टीस उठना 4. किसी की याद में तड़पना।

5.1. कंघा, कंघी 2. कंधा, भुजबल।

6.1. ऐसे वर्ण या अक्षर जिनके उच्चारण में मुंह के अतिरिक्त नाक से अनुस्वरात्मक ध्वनि निकलती है 2. नाक के योग से बोलने या गाने वाला।

8.1. पत्रभाग 2. स्तंभ 3. पंक्ति 4. हाशिया।

**ऊपर से नीचे**


1.1. भोग करने वाला, भोगी 2. खाने वाला, भक्षक 3. भोजन पर आमंत्रित अतिथि।

2.1. किसी को दबाना 2. रस्सी या सूत के दो टुकड़ों को बटकर जोड़ना।

3.1. किसी भार या धक्के से वस्तु का वेग से दूर जाना 2. दूर या अलग रहना 3. बंधन से निकल जाना 4. कूदना, उछलना 5. किसी व्यक्ति या जंतु का अपने नमिता

5.1. साग-सब्जी 2. हरी पत्तियों वाली छोटी वनस्पति से बनी सब्ज़ी 3. तरकारी।

7. ज्योतिष, तारे, सितारे।



### वर्ग पहेली -12 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | शी | | 2 आ | | | 3 फ़े |
| | | 4 म | न | ब | सि | या |
| 5 ए | | | न | | | ज़ी |
| 6 की | श | | फा | | 7 फ | |
| क | | 8 अ | न | भ | ला | |
| 9 र | ह | मा | न | | दे | |
| ण | | न | | 10 सं | श | य |

## सुडोकू -20

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 3 | | | 4 | |
| 2 | 8 | | | | 5 | | 6 | 7 |
| | | 6 | 4 | | | 1 | | |
| | 6 | 9 | 2 | | 3 | | 5 | 8 |
| 8 | | 5 | | | 6 | 4 | | |
| | 3 | | 5 | | | | 1 | |
| 6 | | | | | 2 | 9 | | 1 |
| 9 | | 3 | 7 | | | | 8 | |
| | 5 | | | 6 | 9 | | | 4 |

### सुडोकू - 19 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 2 | 8 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 7 | 4 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 8 | 3 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 1 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 1 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 7 | 9 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा-13 .24 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-आर्द्रा 08 .46 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष**: आज का दिन अत्यंत शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। प्रेमी जन के साथ रोमान्टिक डेट पर जाने का विचार बना सकते हैं। कारोबारी यात्रा के योग बन रहे हैं। बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

**वृष**: आज लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। इसके कारण कुछ मित्रों से संबंध भी प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना उत्तम रहेगा। फाइनेन्स संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मिथुन**: आज नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं तो उसके लिए मैनेजमेन्ट सुनिश्चित कर लें। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आयेगी। शोध कार्यों में अपेक्षित सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा। आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणादायक रहेगा। गले में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**कर्क**: आज आपके ऊपर बेवजह के आरोप लग सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें। अनेक बाधाओं के साथ आपके काम आगे बढ़ेंगे। किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है। सहयोगी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं।

**सिंह**: आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। किसी वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जायेगा। इंटरनेट के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकती हैं। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

**कन्या**: आज सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। शरीर में थोड़ी थकावट हो सकती है, इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती हैं। करियर को लेकर चिंता हो सकती है। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी।

**तुला**: आज कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। प्रेम संबंधों का तनाव दूर होगा। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

**वृश्चिक**: आज किसी सहकर्मी के साथ आपको विवाद का सामना करना पड़ेगा। अपने खर्चों को नियन्त्रित रखने का प्रयास करें। जीवनसाथी के साथ किसी कारणवश झगड़ा हो सकता है। इसके कारण आपका मन भी अशान्त हो सकता है। बहसबाजी के बजाय आज शांत होकर रहें।

**धनु**: आज जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट कर सकता है। सरकारी कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है। व्यवसाय को लेकर नए विकल्प आज आपको मिलेंगे। भोगवादी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे। व्यवसाय में टैक्स आदि को लेकर परेशानियां दूर होंगी।

**मकर**: आज कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी। मौसम में आ रहे बदलावों के कारण तेज बुखार और सिरदर्द की समस्या होने की आशंका है। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

**कुंभ**: आज प्रेमी जन के साथ विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। छात्रों को करियर को लेकर थोड़ी कन्फ्यूजन हो सकती है। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से संपर्क कम करना हितकर होगा। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**मीन**: आज वैवाहिक जीवन को आप पर्याप्त समय नहीं दे पायेंगे। जिसके कारण मन कुछ असन्तुष्ट रहेगा। नए बिजनेस रिलेशन को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। जोड़ों में दर्द और अकड़न जैसी समस्या हो सकती है। कानूनी मामलों में नुकसान हो सकता है।

कर्मणा मनसा वाचा यदभीक्षणं निषेवते।
तदेवापहरत्येनं तस्मात् कल्याणमाचरेत् ॥

मन, वचन, और कर्म से हम लगातार जिस वस्तु के बारे में सोचते हैं, वही हमें अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। अत: हमे सदा शुभ चीजों का चिंतन करना चाहिए।

## संपादकीय

# टकराव टालने का अवसर

इजराइल और ईरान के बीच लागू हुआ युद्ध विराम एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सुखद है कि यह लागू कर दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश ने दोनों देशों से युद्ध विराम की घोषणा का पूरी तरह से पालन करने का आग्रह किया है। इजराइल द्वारा 13 जून को ईरान में परमाणु केन्द्रों व सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए जाने के साथ ही हिंसक टकराव की शुरुआत हो गई थी, जिसके बाद अमेरिका ने भी ईरान के तीन परमाणु केन्द्रों को निशाना बनाया। जवाब में ईरान ने कतर में एक अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर हमले किए। इससे क्षेत्र में असुरक्षा और गहरी हुई। इस बीच अमेरिका की मध्यस्थता के बाद दोनों देशों में समझौता हुआ। इन हमलों में बड़े पैमाने पर जान-माल की हानि हुई है। गौरतलब है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के इरादे से सुरक्षा परिषद की बैठक में 2015 में एक समझौते पर सहमति हुई थी, जिसे संयुक्त व्यापक कार्रवाई योजना के नाम से जाना जाता है, और इसकी अवधि इस वर्ष अक्टूबर में समाप्त हो रही है। यूएन अवर महासचिव रोज़मैरी डीकार्लो के अनुसार इस समझौते के समर्थन में पारित हुए प्रस्ताव की शर्तों को पूरा नहीं किया गया है। ओमान के सहयोग से ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच पांच दौर की द्विपक्षीय वार्ता के बावजूद, परमाणु समझौते को पूरी तरह लागू करने की दिशा में कोई रास्ता नजर नहीं आया है। ईरान व इजराइल के हिंसक टकराव की वजह से वार्ता के छठे दौर को स्थगित कर दिया गया था। ईरान के अनुसार, इसराइली हमलों में कम से कम 606 लोगों की जान गई है और 5,300 घायल हुए हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान का परमाणु नष्ट हो गया है, जबकि अमेरिका की एक खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी हमले के बाद ईरान का परमाणु कार्यक्रम कुछ महीने पीछे चला गया है लेकिन पूरी तरह से तबाह नहीं हुआ है। साथ ही ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि आक्रामक दुश्मन परमाणु सुविधाओं को नष्ट करने और परमाणु ज्ञान को कम करने के साथ-साथ सामाजिक अशांति को भड़काने के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रहा। इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम पर सहमति की खबर निश्चित रूप से अच्छी बात है। परंतु देखना होगा कि इस युद्ध का आगे जाकर क्या असर होने वाला है। युद्ध विराम समझौता एक भयावह टकराव को टालने और ईरान परमाणु मुद्दे को शातिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए एक अवसर है। अब इस मुद्दे के कूटनीतिक समाधान की तलाश की जानी होगी।

# युद्धप्रिय देशों पर हावी न्यूक्लियर वार टेक्नोलॉजी



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विस्तृत इतिहास पर नज़र डालने से रेडियोएक्टिव मिनरल्स, इनकी एनरिच्मेंट और इनसे बम बनाने की टेक्नोलॉजी और डिवाइसेस का स्तर दिमाग की चूलें हिलाने के लिए काफी है।

ईरान के विरुद्ध इजराइल और अमरीका ने युद्ध लड़ा उसमें किन लोगों की जीत हुई है। न तो अमरीकनों की और न ही ईरानियों की। यहूदी और क्रिश्चियन के विरुद्ध ईरान के शिया मुसलमानों की भी नहीं बल्कि इस नई शैली के युद्ध में जीत हुई है टेक्नोलॉजी की। सीग्फ्रिड गेईडियोन ने सन 1947 में प्रकाशित किताब मैकेनाइज़ेशन टेक्स कमांड में भविष्यवक्ता की तरह महसूस किया था कि टेक्नोलॉजी के विकास के उस समय स्वरुप और गति को देखते हुए एक दिन ऐसा आएगा जब टेक्नोलॉजी मनुष्य पर हावी हो जाएगी।

अभी तो मनुष्य ही टेक्नोलॉजी पर हावी है लेकिन कृत्रिम मेधा और इंस्ट्रूमेंटेशन में जो प्रगति हुई है उससे युद्धास्त्र अधिक संहारक, सटीक, त्वरित, गाइडेड और चतुर बना दिए गए हैं। यूक्रेन का रूस पर ड्रोन हमला, भारत द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के लिए हाई-टेक कमांड एंड कण्ट्रोल सिस्टम का इस्तेमाल और ईरान-इजराइल के हालिया संघर्ष में अमरीका द्वारा प्रयुक्त सर्वोन्नत टेक्नोलॉजी ने न केवल गेईडियोन की सोच को पुष्ट किया है वरन साइंस फिक्शन राइटर्स की दशकों पुरानी कल्पनाओं को साकार कर दिया है। अमरीका और यूरोपियन देश नहीं चाहते कि ईरान बम ग्रेड न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी हासिल करे।

ईरान के न्यूक्लियर ऊर्जा और सम्बद्ध ठिकानों पर हमले के प्रसंग में अमरीका ने इंटेलिजेंस गैदरिंग से किसी तरह खुद को आश्वस्त कर लिया कि ईरान के न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स और इंजीनियर कुछ दिन में ही परमाणु बम बना लेंगे और इसीलिए अतिशीघ्र ऐसे ठिकानों को नष्ट करना जरूरी है। कंक्रीट या ठोस चट्टानों को भेदते हुए 60 मीटर की गहराई तक मार करने वाले 13,600 किलोग्राम भारी मैसिव आर्डिनेंस पैनीट्रेटर और गाइडेड बम की 14 यूनिट और 30 टॉमहॉक प्रक्षेपास्त्रों को दाग कर अमरीका ने हमला किया था।

परमाणु ठिकाने पर डाले गए विशालतम बम विस्फोट से नुकसान की संभावना इस बात पर निर्भर है कि परमाणु एनरिच्मेंट सुविधा के भीतरी कक्षों में किस-किस वस्तु पर स्ट्राइक से असर

ईरान के न्यूक्लियर ऊर्जा और सम्बद्ध ठिकानों पर हमले के प्रसंग में अमरीका ने इंटेलिजेंस गैदरिंग से किसी तरह खुद को आश्वस्त कर लिया कि ईरान के न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स और इंजीनियर कुछ दिन में ही परमाणु बम बना लेंगे और इसीलिए अतिशीघ्र ऐसे ठिकानों को नष्ट करना जरूरी है।

पड़ा है। फोर्दो, नतांज़ और इस्फ़हान के प्लांट्स पर 22 जून के हमले में क्या एनरिच किए हुए यूरेनियम के अति-सुरक्षित कंटेनर भी ध्वस्त हुए या 400 से 1200 किलोग्राम, 60 प्रतिशत तक एनरिच किया गया यूरेनियम ईरान ने पहले ही हटा लिया था? मार्च के अंत में अमेरिकी खुफिया समुदाय ने एक आकलन प्रस्तुत किया था जिसके द्वारा राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने यह कहा कि ईरान का समृद्ध यूरेनियम भंडार उच्चतम स्तर पर है और परमाणु अस्त्र रहित एक देश के लिए एनरिच्ड यूरेनियम का इतना बड़ा भंडार रखना अभूतपूर्व है।

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने भीतर के गलियारों और कक्षों में रासायनिक और रेडियोलॉजिकल संदूषण होने की बात तो कही है परन्तु रेडियोधर्मी विकिरण का बाहर का स्तर अभी तो सामान्य ही है। हमले में यह सुनिशिचित किया गया कि ईरान के परमाणु इंजिनियर वार हेड्स की कन्फिग्यूरेशन कर पाएं इससे पहले सब-कुछ नष्ट कर दिया जाना चाहिए। पेंटागन की खुफिया शाखा रक्षा खुफिया एजेंसी की पांच पृष्ठों की प्रारंभिक, क्लासिफाइड रिपोर्ट में कहा गया है कि यूरेनियम एनरिच्मेंट करने वाले सेंट्रीफ्यूज, अधिकांशतः सही हैं और क्षतिग्रस्त नहीं हैं। कोशिश करने से ईरान के इंजिनियर सेंट्रीफ्यूज़ यूनिट्स को फिर से कुछ ही महीनों में चालू कर सकते हैं।

अभी किसी को मालूम नहीं है कि अमरीका ने 22 जून के मिडनाइट हैमर ऑपरेशन पर कितना खर्चा किया है। सात बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर विमानों से गिराए गए 14 गाइडेड बमों और 30 टॉमहॉक मिसाइलों की कुल कीमत ही 140 करोड़ अमरीकी डॉलर है। गाइडेड बम यूनिट 57 -बी और टॉमहॉक मिसाइल की रचनात्मक इंजीनियरिंग में फाइनल कॉन्फिग्युरेशन में विस्फोटक पदार्थ भर कर सील करने तक फ्लीट एक्स्पेरिमेंटेशन स्टेज तक इसे टेस्ट किए जाने तक वर्षों का समय लगता है। बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बमवर्षक विमानों ने अमरीका के मिसौरी एयरबेस से उड़ान भर कर ईरान के परमाणु संस्थानों को बमबारी से नष्ट करने से पहले लक्ष्य क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए लगभग 11,400 किलोमीटर से अधिक की एकतरफा दूरी तय की जिसके लिए कई बार हवा में ईंधन भरने के अलावा 37 घंटे तक बिना रुके उड़ना पड़ा। एक बी-2 बॉम्बर को 37 घंटा उड़ाने का खर्चा करीब 50 करोड़ भारतीय रुपये के मूल्य के बराबर है। इस प्रकार बम, मिसाइल और उड़ानों पर 1 ख़रब 70 अरब भारतीय रुपये खर्च हुए।

न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विस्तृत इतिहास पर नज़र डालने से रेडियोएक्टिव मिनरल्स, इनकी एनरिच्मेंट और इनसे बम बनाने की टेक्नोलॉजी और डिवाइसेस का स्तर दिमाग की चूलें हिलाने के लिए काफी है। थ्योरेटिकल से एक्सपेरिमेंटल फिजिक्स और विस्फोटकों की केमिस्ट्री की खोजयात्रा में टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट का जुड़ाव और विकास खुद में चकित करने वाली विद्यायें हैं। न्यूक्लियर वेपन्स के विकास का इतिहास वैसे तो अल्बर्ट आइंस्टीन की एनर्जी इक्वेशन (ई=एमसी 2) से शुरू होता है परन्तु, सन 1939 में जर्मन सेना आयुद्ध नीति नियामकों ने पहल करके यूरेनियम पदार्थ के विखंडन के सैन्य प्रयोग की जांच के लिए सेना के भौतिक विज्ञानी कर्ट डाइबन्हेर के नेतृत्व में एक शोध कार्यक्रम की स्थापना की। शीघ्र ही अमरीका को इसकी भनक लग गई और अमरीका के राष्ट्रपति ने भौतिकीविद ओपनहाइमर को परमाणु बम बनाने के प्रोजेक्ट पर लगा दिया जिसका कोड-नेम मैनहट्टन रखा गया। अगस्त 1945 में परमाणु बमों को जापान के शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर डाला गया। प्रोजेक्ट मैनहट्टन के सभी डाक्यूमेंट्स अब अध्ययन हेतु डी-क्लासिफाई हो चुके हैं। इसी सिलसिले में रूस, फ्रांस और चीन के परमाणु युद्धास्त्रों के विकास के बारे में अपेक्षाकृत कम जानकारी प्रकाशित होती है। रूस ने तो अपनी जानकारी को दशकों तक गोपनीय रखा और आज भी इन तीनों के बारे में लोगों को अधिक जानकारी नहीं है। बाद में ये तीनों देश न्यूक्लियर बम बनाने और इनका परीक्षण करने में जुट गए थे।

ईरान के तीन न्यूक्लियर संस्थानों को नष्ट करने का मामला अमरीका और इजराइल की एकतरफा कार्रवाई का द्योतक है। पूरे मामले में पुख्ता सूचनाओं की कमी है। ईरान के रहनुमाओं ने कहा है कि देश के एक प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों की हमले में मौत होने के बावजूद यूरेनियम एनरिच्मेंट प्लांट के मरम्मत करके फिर से कुछ महीनों की बाद ही चालू कर दिया जाएगा। साफ़ है कि इरादा न्यूक्लियर बम बनाने का ही है। न्यूक्लियर बम ग्रेड की यूरेनियम और प्लूटोनियम बनाने के लिए एनरिच्मेंट प्लांट का होना जरूरी है। इसके लिए सेंट्रीफ्यूज़ की एक कतार लगाना आसान काम नहीं होता। ईरान में परमाणु टेक्नोलॉजी को लेकर जिस दर्जे का नुकसान हुआ है उसे फिर से स्थापित करने में कम से कम पांच-सात साल का समय तो लगेगा ही। हिस्ट्री ऑफ़ वार टेक्नोलॉजी और न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी के विस्तार का अध्ययन करें तो चकित करने वाले छोटे स्तर की हज़ारों तकनीकी पहलु उजागर होने लगते हैं। पिछले सौ साल में जितना भी बौद्धिक श्रम और प्राकृतिक संसाधन इन सबमें लगा है इनके बारे में पब्लिक डोमेन में उपलब्ध रिसर्च हिस्ट्री के प्रकाशनों को देखने से ही इनकी व्यापकता का बोध होता है। इन प्रकाशनों की संख्या 30 लाख से अधिक है जिसमें क्लासिफाइड इनफार्मेशन का तो जिक्र ही नहीं है।

## प्रसंगवश

# नशे का फैलता मकड़जाल समाज की तबाही

दिवस विशेष

मादक पदार्थों का सेवन अब केवल व्यक्ति की निजी कमजोरी नहीं बल्कि मानवता के विरुद्ध सबसे बड़े अपराध के रूप में उभर रहा है। यह प्रवृत्ति केवल शहरों के क्लबों, पार्टियों और रेव-संस्कृति तक सीमित नहीं रही बल्कि अब भारत के दूरस्थ गांवों और कस्बों तक अपने पांव पसार चुकी है। ग्रामीण अंचलों में अफीम, चरस, गांजा और हेरोइन जैसे पारंपरिक मादक पदार्थों के साथ-साथ इंजेक्शन के जरिए लिए जाने वाले आधुनिक नशीले रसायनों का चलन भी खतरनाक रूप से बढ़ रहा है। सबसे चिंता की बात यह है कि अब यह सब कुछ हमारे सामाजिक ढांचे का अभिन्न अंग बनता जा रहा है, मानो जैसे यह कोई स्वाभाविक हिस्सा हो। वैसे यह समस्या केवल भारत तक ही सीमित नहीं है बल्कि दुनिया के अनेक देशों में नशीली दवाओं की अवैध तस्करी और खासकर युवाओं में नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 26 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस' मनाया जाता है लेकिन 36 वर्षों से यह दिवस मनाते रहने के बावजूद नशे की तस्करी पर लगाम कसे जाने के बजाय यह समस्या दुनियाभर में विकराल होती गई है। चिंताजनक स्थिति यह है कि भारत में तो नशे का कारोबार अब देश के नामीगिरामी शिक्षण संस्थानों तक फैल चुका है। बड़े शहरों की रेव पार्टियां, जहां महंगे होटल और फार्म हाउसों में धुआं, शराब और कोकीन की महक में आधुनिक युवा वर्ग डूबा होता है, इस विघटन की सबसे वीभत्स तस्वीरें पेश करती हैं। राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक शिथिलता ने इन पार्टियों को लगभग 'छूट प्राप्त अड्डों' में बदल दिया है, जहां पुलिस की कार्रवाई महज दिखावा बनकर रह जाती है। रईसजादों के लिए यह नशे की संस्कृति, 'स्टेटस सिंबल' और 'मॉडर्निटी' का पर्याय बन गई है। कोकीन जैसे पदार्थ, जिनमें गंध तक नहीं होती, उनके लिए नया फैशन स्टेटमेंट हैं, बिना यह समझे कि ये पदार्थ तंत्रिका तंत्र पर सीधा प्रहार करते हैं और धीरे-धीरे शरीर और आत्मा को खोखला कर देते हैं।



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

इस भयावह स्थिति को और बढ़ावा देने वाला माध्यम है इंटरनेट। यह सूचना क्रांति का माध्यम अब नशीली दवाओं की उपलब्धता और प्रचार-प्रसार का भी प्लेटफॉर्म बन गया है। भारत में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में कॉलेज छात्रों की भागीदारी चालीस प्रतिशत से अधिक है और इस आंकड़े में लड़कियों की संख्या भी चिंताजनक स्तर तक बढ़ चुकी है। अनेक कॉलेज परिसरों में अब यह स्थिति बन गई है कि छात्र अपने ही परिसर में नशा खरीद सकते हैं, यह व्यवस्था किसी संगठित गिरोह से कम नहीं। छात्रों का नशे की ओर झुकाव कई कारणों से होता है, साथियों के दबाव में, मॉडर्न दिखने की चाह में, रोमांच की तलाश में या फिर अवसाद, चिंता और मानसिक अकेलेपन की स्थिति में। चौंकाने वाली बात यह है कि वे दवाएं, जिन्हें मानव जीवन की रक्षा के लिए बनाया गया था, उन्हें अब नशे के औजार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। मादक पदार्थों का सेवन धीरे-धीरे व्यक्ति की इच्छाशक्ति को इस हद तक खत्म कर देता है कि वह इनका गुलाम बन जाता है। प्रारंभिक प्रयोग के बाद, व्यक्ति पहले जैसी अनुभूति के लिए मात्रा बढ़ाता जाता है और एक ऐसी अवस्था में पहुंच जाता है, जहां उसका पूरा अस्तित्व इन पदार्थों पर निर्भर हो जाता है। इस समय समाज को एक जिम्मेदार संरक्षक की भूमिका निभानी चाहिए। सरकारें जितनी भी योजनाएं बना लें, कानून जितने भी कठोर हों, यदि समाज सजग नहीं हुआ तो इन प्रयासों की सफलता अधूरी रह जाएगी। युवाओं को बचाने के लिए सबसे पहले संवाद की आवश्यकता है, परिवारों में, विद्यालयों में, सामाजिक और धार्मिक मंचों पर। मार्गदर्शन, सहयोग और करुणा से ही युवा वर्ग को उस गर्त से बाहर निकाला जा सकता है, जिसमें वह आज फंसता जा रहा है। यह सोच गलत है कि नशे से लड़ाई केवल सरकार की जिम्मेदारी है, यह संपूर्ण समाज की परीक्षा है और यदि हम सचमुच इस परीक्षा में सफल होना चाहते हैं तो अब और देर नहीं करनी चाहिए। हमें यह स्वीकार करना होगा कि नशा अब एक व्यक्तिगत समस्या नहीं बल्कि राष्ट्रीय आपदा है और इस आपदा से लड़ने का एक ही रास्ता है जनचेतना, सहयोग और सामूहिक संकल्प।

# क्या नील गाय की हत्या ही विकल्प है

दो राज्यों के बीच फैले बुंदेलखंड में सड़कें बहुत अच्छी बन गई हैं लेकिन सड़कों पर चलना जानलेवा होता जा रहा है। आए रोज सड़कों पर तेज गति से चल रही कार-मोटर सायकिल से आवागमन करने वालों से एशिया की सबसे बड़ी हिरण प्रजाति रोजड या रोजा का सामना हो जाता है। वाहन तो चकनाचूर होता ही है, चोटें लोगों की मौत का कारण बन चुकी है। मालवा के मंदसौर –नीमच में अफीम के कई किसान पशु के डर से खेती छोड़ चुके हैं। हालांकि कभी इनकी गणना हुई नहीं लेकिन अंदाज है कि सारे देश में नील गाय या रोजा या फिर घोड़परास किसानी के लिए खतरा बने हुए हैं।

हाल ही में बिहार में राज्यभर में 3909 घोड़परास या नील गाय को मारने के लिए काम सौंपा गया है। इनमें सर्वाधिक घोड़परास की संख्या पूर्वी चंपारण में 576 है। समस्तीपुर से ले कर सारण, वैशाली और नालंदा तक आम लोगों की अर्जियां आई हैं कि उनके यहां नील गाय के आतंक से मुक्ति के लिए मारने की अनुमति दी जाए। बीते वर्ष बिहार में आधिकारिक रूप से 4279 नील गाय को मारा गया था जिनमें सर्वाधिक उस वैशाली जिले में मारे गए जहां अहिंसा के पुजारी गौतम बुद्ध का अंतिम उपदेश की घोषणा की थी। यहां 3057 नील गायों को गोली से उड़ा दिया गया था।

उत्तर प्रदेश के राज्य कृषि विभाग के अनुसार, पूरे प्रदेश में लगभग 2.33 लाख (233,000) नील गाय हैं। ललितपुर और इटावा जैसे जिलों में इनका प्रकोप ज्यादा है। राजस्थान के 2015 के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में नील गाय की संख्या 55,000 से अधिक थी। हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

भले ही राज्यों में इनके नाम अलग-अलग हों लेकिन सभी जगह इनका आतंक एक जैसा है। नील गाय के लगातार हमलों से किसान बहुत परेशान और निराश हैं।

प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक जैसे अन्य राज्यों में भी नील गाय की आबादी पाई जाती है और कुछ जगहों पर यह काफी अधिक है।

भले ही राज्यों में इनके नाम अलग-अलग हों लेकिन सभी जगह इनका आतंक एक जैसा है। नील गाय के लगातार हमलों से किसान बहुत परेशान और निराश हैं। कई मामलों में, इस नुकसान के कारण किसानों को अपनी खेती छोड़नी पड़ रही है या वे दूसरी फसलें लगाने से हिचकिचा रहे हैं। कुछ मामलों में, भारी नुकसान से निराश होकर किसानों द्वारा आत्महत्या करने की खबरें भी आई हैं। हालांकि कुछ राज्यों में नीलगाय को मारने की अनुमति दी गई है, यह एक संवेदनशील मुद्दा है। कई लोग नीलगाय को "गाय" से जुड़ा होने के कारण मारना पसंद नहीं करते, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। इसके समाधान के लिए प्रभावी और टिकाऊ उपायों की आवश्यकता है।

तो क्या केवल उनकी हत्या कर देना ही नील गाय का एकमात्र निदान है? पिछले साल पंजाब कृषि विश्व विद्यालय में सुश्री कीरं रानी और भूपेंदर कौर बब्बर का एक शोध कार्य प्रकाश में आया था- मिटीगेटिंग ब्लू बुल मेनान्सः एसेसिंग सट्रेजीस फॉर सस्टैनबल ऐग्रिकल्चर, जिसमें नील गाय से खेती को निरापद रखने के बहुत से विकल्प बताए थे। एनआईएससीपीआर और रिसर्च गेट में प्रकाशित शोध के अनुसार, प्राकृतिक और रासायनिक दोनों प्रकार के निरोधक के जरिए जानवरों को डरा कर उनकी नुकसान करने की आदत को काफी कुछ कम किया जा सकता है। खेतों के चारों तरफ बाड़, खाइयां और गड्ढे नील गायों को खेतों में प्रवेश करने से रोक सकते हैं, सोलर शक्ति से संचालित बिजली की बाड़ अधिक प्रभावी निवारक हो सकते हैं, लेकिन इनके लिए उचित डिजाइन और रखरखाव की आवश्यकता होती है। रिसर्चगेट की रिपोर्ट के अनुसार नायलॉन या लोहे की जंजीर की कम से कम 7 फीट ऊंची बाड़ प्रभावी होते हैं। शोध में बताया गया है कि फसलों के चयन को लेकर थोड़ी सावधानी भी इस जानवर की खेत से दूरी बना सकती है। ऐसी फसलें चुनें जिन्हें नील गायों द्वारा खाने की संभावना कम हो। तोरिया, तंबाकू, लेमन ग्रास, नागफनी। रामदाना आदि पर यह जानवर मुंह नहीं मारता। यदि खेत के बाहरी तरफ इन फसलों को बोया जाए तो यह खेत में घुसेगी नहीं। हालांकि यह तरीका आंशिक ही सफल है-एक तो यदि इसे भूख लगे तो यह कुछ भी खा लेता है, दूसरा इसकी लंबही छलांग लगाने की भी क्षमता होती है। फसलों को बदलने से नील गायों के आहार पैटर्न में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। यह वैज्ञानिक भी स्वीकारते हैं कि पारंपरिक तरीके जैसे गौमूत्र, पशु मल या दुर्गंधयुक्त मिश्रण का प्रयोग नील गायों को रोकने में सहायक हो सकता है। इसके अलावा फोरेट और फिनाइल घोल जैसे रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग निवारक के रूप में किया जा सकता है, लेकिन उनकी प्रभावशीलता सीमित है।

## सोशल फोरम

# कमजोर सामाजिक सत्ता

जब आप हिन्दू-मुस्लिम के आधार पर देखिएगा, तो आपकी सोच भी उसी के अनुरूप होती जाएगी। आपके पास उसी के पक्ष में तर्क मिलने शुरू हो जाएंगे। यही हाल जाति को लेकर है। आप लोगों को काम, आचरण, व्यवहार और सोच से आकलित करना शुरू कीजिए तो ऐसे वाइरस से बच सकते हैं। वरना झूठ, लूट, परिवारवाद और बकवास को ऐसा खुलेआम तर्क सहित समर्थन भारतीय राजनीति के इतिहास में इसके पहले नहीं था।



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक


देखिए संस्कृति तात्विक नहीं, यौगिक होती है। वह " एक" से बनती ही नहीं है। वह सामाजिक सहयोग और सरोकार से ही विकसित होती है। भारतीय संगीत से आप हिन्दू-मुस्लिम को आधार बनाकर अलग कीजिएगा तो वह बिखरकर छिन्न-भिन्न हो जाएगा। वही हाल फिल्मों का है और साहित्य का भी,सोच-विचार का भी। महात्मा गांधी आचरण में सबसे बड़े और घोषित हिन्दू थे। मुसलमान उन पर सबसे यकीन किए। आप उनको बार-बार पाकिस्तानी बताइएगा और कहिएगा कि ये सब अंदर से यही है। फिर कहिएगा इन पर विश्वास नहीं। आपको पता है कि "वंदे मातरम्" नाम से उर्दू में एक साप्ताहिक निकलता था। सब स्वतः बोलते थे। हर समाज के भीतर बीमारियां ही हैं। सरकार का काम सामाजिक सुधार के काम का नेतृत्व करना नहीं है। इसमें वह सहयोग कर सकती है। सामाजिक कुरीतियां समाज सुधारक ही दूर कर सकते हैं। इसके लिए आपको उसी समाज के भीतर से इन्लाइटमेंट वाले लोगों को ढूंढना होगा। उनको आगे करना होगा। आज शिक्षा को लेकर और अनेक मामलों को लेकर मुस्लिम युवतियां सामने आई हैं और बहुत प्रभावशाली ढंग से अपना काम कर भी रही हैं। इसमें बार-बार असफलता, कम सफलता और फिर धीरे-धीरे सफलता मिलती है। सामाजिक परिवर्तन बहुत दुरूह होता है। इसे आप समाज सुधारकों की जीवनी पढ़कर जान सकते हैं। सोचिए आप अपने भीतर से जात-पात और छुआछूत को तो हटा नहीं पाए और दूसरे को सुधारने को लेकर पैमाल हो रहे हैं। भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में सामाजिक आंदोलन बहुत तेज और सशक्त था। आजादी के बाद आपने सामाजिक सत्ता को बिलकुल कमजोर कर दिया।

-फेसबुक वॉल से

# सार्थक बहस की सीमाएं और जनतंत्र का दर्शन

क्या एक आस्थावान मज़हबीऔर एक अनीश्वरवादी के बीच धर्म के मुद्दे पर ईमानदार, स्वस्थ और सार्थक बहस हो सकती है? मुश्किल है क्योंकि दोनों के बुनियादी प्रमेय भिन्न हैं और दोनों अपने-अपने प्रमेयों को अंतिम मानकर चलते हैं। फिर मज़हब है आस्था का विषय और आस्था न संप्रेषित हो सकती है, न तर्क से उसका खंडन हो सकता है। मुश्किल तो है किंतु अवधारणात्मक रूप से संभव है। शर्त सिर्फ़ यह है कि दोनों में सौजन्य हो और एक-दूसरे के मनुष्य की मनुष्यता के प्रति सम्मान हो। मनुष्यता का सामान्य आधार तो अमिट है। इसी तरह दो भिन्न मज़हब मानने वालों के बीच भी उसी शर्त पर सार्थक बहस हो सकती है, भले ही उनके बुनियादी प्रमेय भिन्न हों।

जनतंत्र की अवधारणा में राज्य-संबंधी मामलों पर इस तरह की बहस की कोई ज़रूरत ही नहीं क्योंकि जनतंत्र के मूल प्रमेय के अनुसार आस्था और अनास्था राज्य-क्षेत्र के विषय ही नहीं हैं। यदि किसी मज़हब की व्यवस्था इतनी व्यापक है कि राज्य-व्यवस्था उसका अविभाज्य अंग है तो जनतंत्र के साथ उसमें समस्या आनी निश्चित है। जनतंत्र के साथ शरीयत नहीं चल सकती, चलेगी तो वह जनतंत्र का ढोंग मात्र होगा। एक ही समाधान है कि ऐसा मज़हब अपने में अंतर्निहित राज्य-व्यवस्था से अपने को पृथक कर ले। विचारधारा के साथ यह सुविधा नहीं



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

ऐसी विचारधारा के लोगों के भीतर भी मूल प्रमेय पर बहस नहीं हो सकती। समय में आए बदलाव के अनुरूप केवल विस्तार के ब्योरों पर बहस हो सकती है।

क्योंकि वह तो राज्य और उसके कार्य-क्षेत्र के इर्दगिर्द ही घूमती है। यदि किसी विचारधारा में (वह वाम हो या दक्षिण, मार्क्सवादी हो या सांस्कृतिक राष्ट्रवादी) यह अंतर्निहित है कि उसने अंतिम सत्य पा लिया है और अस्तित्व की गुत्थी को अंतिम रूप से और हमेशा के लिए सुलझा लिया है, तो उस विचारधारावालों की बाहरवालों के साथ सार्थक बहस नहीं हो सकती। बल्कि विचारधारावालों के लिए असहमति के प्रति सहिष्णुता एक अवसरवादी, समझौतावादी क़दम होगा, कायरता होगी। ऐसी विचारधारा के लोगों के भीतर भी मूल प्रमेय पर बहस नहीं हो सकती। समय में आए बदलाव के अनुरूप केवल विस्तार के ब्योरों पर बहस हो सकती है। किंतु ऐसे ब्योरों पर भी भीतर एक राय बन जाने के बाद बाहर वालों के लिए वह अंतिम हो जाएगी, उससे असहमति के प्रति सहिष्णुता विचारधारा के प्रति बेवफ़ाई हो जाएगी। लिहाज़ा, बाहर वालों के साथ उनकी बहस केवल उन्हें कन्वर्ट करने के लिए या मात्र दिखावे के लिए होगी, बहस से निकले किसी इतर निष्कर्ष को मानने के लिए नहीं। यानी, बहस सार्थक नहीं होगी।

राजनीतिशास्त्र का विद्यार्थी होने के नाते जनतंत्र का दर्शन और इतिहास तथा 'विचारधारा' का दर्शन और इतिहास-दोनों की चाहे-अनचाहे घोटाई करनी पड़ी है (वही रोज़ी-रोटी का सवाल)। अब तो उम्र हो गई लेकिन मेरे मन से एक संशय नहीं गया-क्या जनतंत्र और विचारधारा में सामंजस्य संभव है? लगता तो यही है कि सही अर्थ में नहीं। कारण, जनतंत्र में अंतिम कुछ भी नहीं है, न मूल प्रमेय, न विस्तार के ब्योरे। सब कुछ समय-सापेक्ष है और समय किसी भी विचारधारा के अंदरूनी विकास की गति से ज़्यादा तेज़ी से बदलता है। तो जनतंत्र में (संविधान, जो स्वयं भी खास प्रक्रिया से संशोधन के अधीन है, की सीमा के भीतर) सब कुछ जनता को तय करना है। ट्रायल एंड एरर से। इसीलिए पांच साल की सीमा है। ग़लत हो जाए, तो पांच साल बाद रास्ता बदल देंगे। फिर ग़लत हो जाए, तो फिर बदल देंगे। अंतिम सत्य पर आधारित मूल प्रमेयों से लैश विचारधारा के लिए ट्रायल एंड एरर का कोई मतलब नहीं। पांच साल का भी कोई मतलब नहीं। वह तो मूल प्रमेय के अनुरूप विजय को कन्सॉलिडेट करने या 'लिबरेट' करने के लिए जनतांत्रिक संस्थाओं में हेरफेर शुरू कर देगी। विचारधारा के प्रयोग हो चुके हैं। निरंकुश राजतंत्र असफल हो गया तो सीमित राजतंत्र के प्रयोग हुए जो वस्तुतः जनतंत्र ही है। उसी तरह निरंकुश विचाराधारा तंत्र के भी प्रयोग हुए और असफल हो गए। पुनः जनतंत्र की ओर लौटना पड़ा।

जनतंत्र बहुत उत्तम व्यवस्था नहीं है। किंतु जितनी भी व्यवस्थाएं ज्ञात हैं उन्हें आज़माकर देखने के बाद यह साबित हो गया है कि उन सबसे बेहतर है। जनतंत्र में शांतिपूर्ण सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। जैसे वर्तमान पूंजी और सत्ता के गठजोड़ को तोड़ने के लिए चुनाव कानूनों में बुनियादी परिवर्तन संभव है। आज के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ज़माने में उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने जैसे कुछ नियमनों के साथ जनता के (सरकारी) ख़ज़ाने से भी चुनाव कराए जा सकते हैं। जनता का संकल्प हो तो बेहतरी के लिए कोई भी मूलभूत सुधार हो सकता है। किंतु कोई भी सुधार सापेक्ष फल ही देगा। दिव्यान्तर कभी नहीं हो सकता क्योंकि मूल मानव स्वभाव में आमूल परिवर्तन कभी नहीं हो सकता। इसलिए मानव समाज की नियति में दिव्यांतर नहीं है। अस्तु जनतंत्र दिव्यांतर की महत्वाकांक्षा नहीं पालता, न उसका आश्वासन देता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# जामुन तोड़ने में टूट गई जिंदगी की सांस

## कुरारा क्षेत्र के सिमरा गांव में पेड़ की डाल टूटने से युवक की मौत

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

- पेड़ पर चढ़कर जामुन तोड़ते ही टूटकर गिरी डाल
- छह बेटियों के सिर से छिन गया पिता का साया



शिवस्वरूप।



मौत के बाद रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मिश्रीपुर ग्राम पंचायत के मजरा सिमरा में जामुन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा युवक डाल सहित नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे फौरन परिजन कस्बे की सीएचसी लाए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कुरारा क्षेत्र की सिमरा गांव निवासी शिव स्वरूप (45) पुत्र कालीदीन बुधवार की सुबह 8 बजे खेत के पास लगे पेड़ में जामुन तोड़ने के लिए चढ़ा। जैसे ही वह एक डाल पकड़कर जामुन तोड़ने लगा, तभी डाल सहित टूटकर नीचे गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन दौड़ते-भागते खेत पहुंचे और फोरन उसे लेकर कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची थाने की पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक के पिता कालीदीन ने बताया कि सुबह 6 बजे तक शिवस्वरूप घर की छवाई करता रहा। इसके बाद करीब 8 बजे घर से खेतों की तरफ निकल गया था। शिवस्वरूप की मौत से एक पुत्र और 6 बेटियों के सिर से पिता का साया छिन गया है। वह पिता के साथ खेती-बाड़ी में हाथ बंटाता था।

## पुलिस की मौजूदगी में मंदिर निर्माण की मांग

**हमीरपुर।** मंदिर के पुर्न निर्माण एवं मूर्ति स्थापना में असामाजिक तत्वों द्वारा बाधा उत्पन्न करने से आहत मंदिर के पुरोहित ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। जिसमें उन्होंने असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई कर पुलिस की मौजूदगी में मंदिर का पूरा निर्माण एवं मूर्ति स्थापना कराने की मांग की है।

जलालपुर थाना क्षेत्र के बरहरा निवासी रामगोपाल पाठक ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव में प्राचीन राम जानकी मंदिर और शिव मंदिर है, जिसकी देखरेख एवं पूजा-अर्चना उनके पूर्वज करते आए हैं। पिता की मौत के बाद भाई वीरपाल पाठक देखभाल कर रहा है। शिव मंदिर प्राचीन होने के कारण मंदिर की दीवारें और मूर्ति क्षतिग्रस्त हो गईं है। उन्होंने शिव परिवार की समस्त मूर्ति जयपुर से लाकर मंदिर का पुर्न निर्माण कराना चाहते है। किन्तु गांव के ही असामाजिक तत्व नरेश लोधी, कपिल लोधी, धर्मेंद्र, बृजभूषण ने आपराधिक कृत्यों के चलते बाधा डाल रहे है। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई कर पुलिस की मौजूदगी में मंदिर का पूरा निर्माण एवं मूर्ति स्थापना कराने की मांग की है।

# बाढ़ से निपटने के लिए आज होगा पूर्वाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- केसरिया डेरा, बेतवा तटबंध और बेतवा पुल पर होगा मॉकड्रिल
- डूबने पर रेस्क्यू, नाव पलटने पर बचाव के तरीके बताए जाएंगे

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय में संभावित बाढ़ की तैयारियों के मूल्यांकन के लिए गुरुवार को बाढ़ मॉक एक्सरसाइज का आयोजन होगा। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशन में राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण एवं जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में पूर्वाभ्यास होगा। इसका उद्देश्य बाढ़ की स्थितियों से निपटने के लिए विभिन्न विभागों की तत्परता एवं समन्वय का आकलन करना है।

पूर्वाभ्यास के तहत केसरिया का डेरा, बेतवा तटबंध, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा परिसर बाढ़ से पूर्व मुनादी द्वारा सुरक्षित निकासी, डूबते व्यक्ति का रेस्क्यू व प्राथमिक उपचार तथा राहत शिविर, चिकित्सा, पशु चिकित्सा, राहत सामग्री वितरण, बाढ़ स्कूल एवं स्टेजिंग एरिया संचालन का प्रदर्शन किया जाएगा। संयुक्त अभ्यास में राजस्व, पुलिस, पीएसी, अग्निशमन, चिकित्सा, सिंचाई, विद्युत, नगर निकाय, पंचायती राज, शिक्षा विभाग सहित आपदा मित्र, एनसीसी, एनएसएस व गैर सरकारी संगठनों की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

अपर जिलाधिकारी (वि/रा) विजय शंकर तिवारी ने बताया कि इस मॉक ड्रिल के माध्यम से विभागीय समन्वय को परखा जाएगा, ताकि किसी आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। प्रमुख अभ्यास स्थल के तहत केसरिया का डेरा में सुबह 9:30 बजे कराया जाएगा। जिसमें बताया जाएगा कि बाढ़ की चेतावनी मिलने पर राजस्व कर्मी सूचना देंगे। ग्रामीणों को आवश्यक सामग्री सहित शरणालय (कुछेछा) तक पहुंचाया जाएगा। इसी तरह बेतवा तटबंध, बेतवा पुल पर 10:30 बजे डूबते हुए व्यक्ति का रेस्क्यू, नाव पलटने पर बचाव, सीपीआर एवं प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र कुछेछा तक स्थानांतरण जैसे कार्य दिखाए जाएंगे।

## एक नजर

### जिलाधिकारी से चकबंदी पुनः कराने की मांग

**हमीरपुर।** सरीला तहसील के भेड़ी डांडा गांव में पुन: चकबंदी संचालित कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी घनश्याम मीना को ज्ञापन सौंपा है। भेड़ी डांडा गांव निवासी रामबहादुर मिश्रा, सूरज प्रसाद अनुरागी, जगमोहन अहिरवार सहित अन्य ग्रामीणों ने दिए ज्ञापन में आरोप लगाते हुए बताया कि उनके गांव में 24 साल पहले चकबंदी प्रक्रिया चल रही थी जिसमे भू माफियाओ द्वारा अधिकारीयों को रिश्वत देकर रोक लगा कर चकबंदी निरस्त करवा दी थी। चकबंदी निरस्त होने से किसान परेशान है। किसानों के खेतो की पैमाइस और हतबंदी नहीं हो पा रही है। उन्होंने गांव में पुन: चकबंदी संचालित कराने की मांग की है।

### घर में चोरी के माल सहित पुलिस ने चोर को पकड़ा

**मुस्करा।** तीन दिन पूर्व हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा किया है। चोरी गए माल सहित चोर को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी योगेश तिवारी ने बताया कि बीते 22 जून को हुसैना गांव निवासी हल्के कुशवाहा ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें घर का ताला तोड़कर चोर एक साइकिल, एक कुंतल गेहूं और 1500 रुपये नगदी चुरा ले जाना बताया था। पीड़ित की निशानदेही पर उप निरीक्षक रामशिरोमणि, एसआई राजीव कुमार साहू ने चोर हरिश्चंद्र पुत्र झन्नी निवासी हुसैना को पकड़ा। उसके पास से चोरी की गई साइकिल, दो बोरियों में 77 किलो गेहूं और 1000 नगद बरामद किया गया। हरिश्चंद्र ने बताया कि चोरी किए 500 रुपये उसने खर्च कर लिए हैं।

### भाई-भाभी के साथ मारपीट

**मौदहा।** छोटे भाई ने बड़े भाई और भाभी को डंडे से पीटकर घायल कर दिया। बड़े भाई की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहिया निवासी बालेंद्र पुत्र हरभान सिंह ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि मंगलवार रात जब वह सो रहा था। तभी उसका छोटा भाई शैलेंद्र लाठी लेकर आया और गाली गलौज करते हुए उसके सिर में मार दिया। जिससे वह वहीं पर गिर गया। पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी बचाने दौड़ी तो उसके साथ भी मारपीट की। वह आए दिन गालीगलौज करता है। विरोध करने पर मारपीट करता है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राठ में 15 मीटर चौड़ी सड़क पर बनी सहमति

संवाददाता, राठ

- चौड़ीकरण को लेकर एसडीएम कार्यालय में पीडब्ल्यूडी और व्यापारियों की हुई बैठक
- कल से लोगों को दिए जाएंगे नोटिस, 15 दिन के अंदर हटाना होगा अतिक्रमण

**अमृत विचार।** कस्बे में सड़क चौड़ीकरण को लेकर एसडीएम की मौजूदगी में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और व्यापारियों के बीच बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में सड़क चौड़ीकरण को लेकर व्यापक चर्चा हुई और 18 मीटर की जगह 15 मीटर चौड़ी सड़क बनाने पर फैसला हुआ, जिस पर व्यापारियों ने सहमति जताई।

कार्यालय में एसडीएम अभिमन्यु कुमार की अध्यक्षता में सड़क चौड़ीकरण को लेकर अधिकारियों और व्यापारियों के बीच बैठक हुई। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता दृगपाल सिंह ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए 15 मीटर का मानक तय किया गया है। इसमें 10 मीटर में डामरीकरण किया जाएगा। इसके अलावा सड़क के दोनों ओर 2.5 मीटर में नाला और पटरी का निर्माण कराया जाएगा।

बैठक में मौजूद व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल, काशी प्रसाद गुप्ता समेत अनेक व्यापारियों ने इस पर सहमति जताई। अधिशाषी अभियंता ने बताया कि 27 जून से नोटिस जारी किए जाएंगे। चौड़ीकरण के दायरे में आने वाले लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया जाएगा। इसके बाद सड़क के चौड़ीकरण का कार्य शुरू होगा। बैठक में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता डीआर भार्गव, विनोद यादव आदि भी मौजूद रहे।

# डीएलएड परीक्षा केंद्र बनाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



सदर विधायक से मिलने पहुंचा प्रतिनिधि मंडल। अमृत विचार

- विधायक ने अधिकारियों से वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया

**अमृत विचार।** जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित डीएलएड की कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की विभिन्न समस्याओं का सदर विधायक से निराकरण कराने की मांग की गई है। सदर विधायक ने समस्याओं के निराकरण के लिए उच्च अधिकारियों से वार्ता की।

जनपद के ऊँ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरस्वती विद्या पीठ, सुंदरलाल शिवहरे महाविद्यालय, हीरानंद महाविद्यालय, किशनू बाबू शिवहरे महाविद्यालय, अभिनव प्रज्ञा महाविद्यालय में डीएलएड की कक्षाएं संचालित है। जिनमें लगभग सात सौ छात्र/छात्राएं अध्ययनरत है। छात्र/छात्राओं का परीक्षा केंद्र दूसरे जनपद महोबा में बनाया जाता है। जिससे छात्रों को लगभग सौ किमी दूर परीक्षा देने जाना होता है। जिससे छात्र/छात्राओं को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कोरोना काल के पूर्व जनपद को ही परीक्षा केंद्र बनाया जाता रहा है। विगत सत्रांत परीक्षा के दौरान कुछ छात्र/छात्राओं को दुर्घटना का शिकार होना पड़ा तथा अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था। प्रथम व तृतीय सेमेस्टर में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं हो पाई है। ऊँ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डा.स्वामी प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सदर विधायक डा.मनोज प्रजापति को समस्याओं अवगत कराया। विधायक ने डायट सुमेरपुर के प्रभारी प्राचार्य आलोक कुमार सिंह एवं परीक्षा नियामक प्राधिकारी के सचिव से वार्ता कर परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र जनपद में बनाने तथा अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति तत्काल निर्गत कराने का आग्रह किया है। प्रतिनिधि मंडल में रमेश सविता, विवेक रंजन, सुरिज पाल सोनकर, श्यामेन्द्र पाठक आदि सम्मिलित रहे।

## पुजारी के झोले से 24 हजार रुपये चोरी

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के सरसई गांव के पास स्थित बजरंगबली संकट मोचन मंदिर में रहने वाले एक साधु वेशधारी संत के कमरे के अंदर रखें झोले में रखी 24000 रुपये की नगदी चोरी हो गए। संत ने कोतवाली में तहरीर दी है।

सरसई गांव के पास स्थित संकट मोचन बजरंगबली के मंदिर में रहने वाले संत मूरत ध्वज उर्फ़ मोहनदास पुत्र धन्नू ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 8 बजे वह मंदिर के पास गाय का दूध निकाल रहा था। बताया कि उसी दौरान समीप में मजदूरी करने वाले पहरा गांव निवासी एक युवक ने मंदिर के कमरे में उसके झोले में रखी 24000 रुपये की नगदी निकाल कर चोरी कर ली। कोतवाली पुलिस का कहना था कि घटना की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत पर अज्ञात में एफआईआर

संवाददाता, सुमेरपुर

- 31 मई को नरायनपुर के पास वाहन ने मारी थी टक्कर

**अमृत विचार।** 31 मई को हाईवे पर नरायनपुर के आगे पेट्रोल पंप के पास तीन युवकों की मौत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। इस घटना में एक युवक की मौके पर और दो युवकों के इलाज के दौरान मौत हुई है।

बिवांर थानाक्षेत्र के बंडा गांव निवासी रामगोपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि बीते 31 मई को उसका पुत्र आशीष (25), देवेंद्र कुमार (24) व जयशंकर (25) के साथ रिश्तेदारों की बारात में शामिल होने हमीरपुर जा रहे थे। बारात सुमेरपुर से हमीरपुर जा रही थी। तीनों हाईवे में नरायनपुर गांव के आगे पेट्रोल पंप के पास साधन का इंतजार कर रहे थे। तभी अज्ञात वाहन कुचलकर भाग गया। तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया था। सदर अस्पताल में आशीष को मृत घोषित कर दिया गया था। जयशंकर और देवेंद्र को कानपुर रेफर किया गया था। देवेंद्र को परिजन इलाज के लिए ग्वालियर ले गए थे। सात जून को देवेंद्र की ग्वालियर में इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि 10 जून को जयशंकर की मौत इलाज के दौरान कानपुर में हो गई थी। तीनों की मौत के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। तीन मौतों से गांव में मातम पसरा है।

### संदिग्ध हालात में नलकूप में पड़ा मिला युवक का शव

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के बेरी गांव में निजी नलकूप में 45 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के बेरी गांव निवासी शिवपाल (45) पुत्र शिवनाथ पाल अपने निजी नलकूप में रहता था। मंगलवार की शाम वह नलकूप में मृत अवस्था में पड़ा मिला। उसके भाई रामखिलावन ने बेरी चौकी में लिखकर दिया है कि मृतक भाई बीते 10 दिनों से बीमार रहता था। बीमारी के चलते ही शायद उसकी मौत हुई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली निरीक्षक नंदराम प्रजापति ने बताया कि मृतक के परिवारजनों ने बीमारी से मौत होने की सूचना दी है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## संदिग्ध हालात में किसान की मौत

**राठ।** मुस्करा थाना क्षेत्र के गहरौली गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में गश खाकर गिरने से 53 वर्षीय किसान की मौत हो गई। किसान के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

मुस्करा थाना क्षेत्र के गहरौली गांव का अरिमर्दन राजपूत (53) पुत्र अजीत सिंह खेतों से वापस घर लौट रहा था, तभी रास्ते में अचानक वह गश खाकर गिर गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वह दो भाइयों में बड़ा था। 95 बीघा कृषि भूमि में भाई के साथ खेती कर परिवार का भरण-पोषण करता था। मौत से पत्नी मिथलेश, छोटा भाई अरविंद राजपूत और पुत्र-पुत्री रोते-बिलखते रहे। मुस्करा थाना प्रभारी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है।

**काला दिवस मनाया** — आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया

# आपातकाल सिर्फ कुर्सी बचाने की राजनीति थी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित करते जिला प्रभारी व सदर विधायक। अमृत विचार

- भाजपा ने 1975 के आपात काल को कलंक बताया

**अमृत विचार।** शहर के एक गेस्ट हाउस में बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक की अध्यक्षता में भारतीय लोकतंत्र और राजनीति के सबसे दुखद और काला अध्याय एवं कांग्रेस के लोकतंत्र पर कुठाराघात के 50 वर्ष पूरे होने पर लोकतंत्र सेनानियों को गीता व पौधा देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी देवेश कोरी रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति ने कहा कि 1975 में आपातकाल की घोषणा कोई राष्ट्रीय संकट का नतीजा नहीं था, बल्कि यह एक डरी हुई प्रधानमंत्री की सत्ता बचाने की राजनीति थी, जिसे न्याय पालिका से मिली चुनौती से बौखलाकर थोपा गया था। मुख्य अतिथि देवेश कोरी ने कहा कि इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति की आड़ लेकर अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग किया। जबकि न उस समय कोई युद्ध की स्थिति थी, न विद्रोह और न ही कोई बाहरी आक्रमण हुआ था।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा इंदिरा की चुनावी सदस्यता रद्द करने के निर्णय को निष्क्रिय करने और अपनी कुर्सी बचाने की जिद थी। इस मौके पर विजय पांडेय, नीलम बाजपेई, आराधना राजपूत, सरस्वती शरण द्विवेदी, मानवेंद्र सिंह मनु, अरविंद श्रीवास्तव, लक्ष्मी रतन साहू, शकुंतला निषाद, गीता ओमर, किशन व्यास, जितेंद्र पाल, रणवीर सिंह, सीमा वर्मा एवं जिले तथा मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जुताई करते समय ट्रैक्टर पलटा, किसान की मौत

संवाददाता, राठ

- चिकासी थाना क्षेत्र के बरौली खरका गांव में हुआ हादसा

**अमृत विचार।** चिकासी थाना क्षेत्र के बरौली खरका गांव में खेत की जुताई करने के दौरान ट्रैक्टर के पलटने से 26 वर्षीय युवा किसान की मौत हो गई। हादसे की जानकारी लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

चिकासी थाना क्षेत्र के बरौली खरका गांव निवासी किसान श्यामजी (26) मंगलवार की शाम ट्रैक्टर लेकर खेत की जुताई करने के लिए गया था। खेत की जुताई करने के दौरान अचानक ट्रैक्टर के पलटने से श्यामजी ट्रैक्टर के नीचे दबकर घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने ट्रैक्टर के नीचे दबे श्यामजी को कस्बे की सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक चंद्रशेखर ने किसान श्यामजी को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक श्याम जी के पास 20 बीघा कृषि भूमि थी। जिसमें खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था, जो कि अपने पीछे मां रातरानी के अलावा पत्नी निधि व भाई दिनेश कुमार और रामजी सहित सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। चिकासी थाना प्रभारी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते सीएमओ डॉ .गीतम सिंह। अमृत विचार

### नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जनऔषधि केंद्र खुला

**सुमेरपुर।** कस्बे के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। तपोभूमि में संचालित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा .गीतम सिंह ने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ करते हुए कहा कि सरकार सभी को सस्ती औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जन औषधि केंद्र संचालित कर रही है ताकि सरकारी अस्पतालों में ही सस्ती और सुलभ औषधि उपलब्ध करा सके। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा .पुष्पेंद्र कुमार, डा .अंकिता, डा .तरुण पाल, डा .परवेज कादरी, डा .शशांक, डा .शमा परवीन, फार्मासिस्ट डा .संगीता, डा .बीपी सिंह आदि मौजूद रहे। जन औषधि केंद्र के संचालक आशुतोष सिंह ने सभी के प्रति आभार जताया।



कलेक्ट्रेट सभागार में महिलाओं की समस्याएं सुनतीं महिला आयोग की सदस्य।

### महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता ने सुनीं समस्याएं

**हमीरपुर।** उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाए जाने एवं महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में जनपद की विभिन्न क्षेत्रों से आई कुल 18 शिकायतें दर्ज की गई। सदस्य ने प्राप्त शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया है। इसके बाद उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र झलोखर, वन स्टाप सेंटर हमीरपुर में आवासित बालिकाओं से वार्ता की। इसके बाद जिला कारागार में निरुद्ध महिला बैरिक का निरीक्षण किया। जिसमें 23 महिला बन्दी निरुद्ध पाई गई। इसके बाद उन्होंने जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया।

### पप्पू बुंदेला मानवाधिकार संगठन के मंडल अध्यक्ष बने

**मौदहा।** चित्रकूट धाम मंडल में मानवाधिकार संगठन ने फेरबदल करते हुए शाहिद मसरूर उर्फ़ पप्पू बुंदेला को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। कस्बा निवासी शाहिद मसरूर सोशल मीडिया में बुंदेला ब्रेकिंग न्यूज से जनपद ही नहीं चित्रकूट मंडल में अपनी अलग पहचान बनाई है। मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशांत गिरी ने इनको मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। शाहिद मसरूर ने बताया कि जल्द ही मंडल के चारों जनपदों में जिला व तहसील स्तर पर संगठन में फेरबदल किया जाएगा। संगठन का जो पदाधिकारी निष्क्रिय पड़ा है उसको हटा कर नए लोगों को संगठन की जिम्मेदारी दी जाएगी।



वन विहार कार्यक्रम को संबोधित करते विभाग संघ चालक। अमृत विचार

### कुरारा में आरएसएस का वन विहार कार्यक्रम संपन्न

**कुरारा।** एचएस कान्वेंट इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने वन विहार कार्यक्रम मनाया। कार्यक्रम में प्रांत कार्यवाह रामकेश ने वन विहार कार्यक्रम के महत्व को विस्तार से समझाया। विभाग संघ चालक गोपाल दास पालीवाल ने स्वयं सेवकों से नित्य संघ की शाखा में पहुंचने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि संघ ही ऐसा संगठन है, जो बड़े वृक्ष के समान समाज में एकता का भाव ला सकता है। वन विहार कार्यक्रम समापन के बाद सभी ने एक साथ भोजन किया। कार्यक्रम में जिला शारीरिक प्रमुख उमाशंकर, खंड कार्यवाह विवेक पालीवाल, खंड शारीरिक प्रमुख शुभम द्विवेदी, खंड बौद्धिक प्रमुख ओमप्रकाश सोनी, खंड व्यवस्था प्रमुख ओपेंद्र सिंह, कृष्णकांत द्विवेदी, शशांक गुप्ता, अभिनव तिवारी, डॉ अमित दीक्षित, डॉ आशुतोष त्रिपाठी, आशीष मिश्रा, रमेश यादव, ओम प्रकाश शुक्ला, गोविंद त्रिपाठी, टिंकू यादव, सुशील सोनी, कृपाशंकर त्रिपाठी, कालका शुक्ला एवं मातृ शक्तियां आदि सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते ग्रामीण। अमृत विचार

### भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

**कुरारा।** क्षेत्र के मनकी खुर्द गांव में श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास गांव के लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। गांव में शंकर जी के स्थान पर श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर गांव के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें मनकी कला, उमराहट, हरौलीपुर भैदन डेरा, मिश्रीपुर, ददरी आदि गांवों के ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम प्रधान धर्मेंद्र अनुरागी ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा भंडारे का आयोजन गांव के सभी वर्गों के सहयोग से कराया गया है।

### सीसी निर्माण के दौरान विवाद में गर्भवती को पीटा

**सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत बदनपुर में बन रही सीसी के दौरान दबंगों ने गर्भवती महिला को लात जूते से पीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बदनपुर निवासी सुलोचना साहू ने पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया कि उसके दरवाजे पर सीसी मार्ग का निर्माण कराया जा रहा। सुबह चचिया ससुर अपने पुत्रों के साथ आकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसे और उसके पति को मारा-पीटा। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शराबी पति के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**सुमेरपुर।** थानाक्षेत्र के सुरौली बुजुर्ग की एक महिला ने पति पर शराब पीकर मारपीट करने तथा बच्चों सहित घर से बाहर निकाल देने का रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुरौली बुजुर्ग निवासी राजदुलारी ने आरोप लगाया कि उसका पति मलखान शराब और जुए का लती है। शराब पीकर आए दिन बच्चों सहित उसके साथ मारपीट करता है और घर से बाहर निकाल देता है। बीते 23 जून की रात वह शराब के नशे में धुत होकर घर आया और शराब पीने के लिए रुपए मांगे। मना करने पर जमकर मारा पीटा। कहा कि उसे रुपये चाहिए। चाहे मजदूरी करके लाओ या अनैतिक कार्य करके। उसे हर हाल में रुपये चाहिए। इसके बाद बच्चों सहित घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# महिला आयोग की सदस्य ने सुना दर्द

● महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अनुपमा सिंह लोधी ने बुधवार को महिलाओं और बालिकाओं का दर्द सुना। इस मौके पर महिलाओं ने महिला आयोग की सदस्या को उत्पीड़न संबंधी प्रार्थना पत्र दिए। सदस्य ने महिलाओं से बातचीत की और अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।


बैठक में महिलाओं की समस्याएं सुनतीं सदस्य अनुपमा सिंह लोधी। अमृत विचार

जनसुनवाई के बाद आयोग की सदस्य ने बुधवार को सुबह 9:30 बजे जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर बेटी जन्मोत्सव मनाया, जिसमें 15 नवजात बच्चियों के परिजनों को मिठाई, बेबी किट एवं उपहार प्रदान कर बेटी बचाओ-बेटी पढाओ का संदेश दिया। सदस्य ने कुल्लई पहाडिया, श्रीनगर के आंगनवाडी केन्द्र में गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें गर्भवती महिलाओं को फल, मिठाइयां एवं उपहार वितरित किए गए। विकास भवन सभागार में सुनवाई के दौरान 20 पीड़ित महिलाओं, बालिकाओं ने प्रार्थना पत्र दिए। चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए सदस्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए। सदस्या ने जिला प्रोबेशन कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया और लोगों से पौधरोपण कर संरक्षण करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखवीर सिंह, उपायुक्त स्वतः रोजगार अशोक कुमार, सीओ सिटी रविकान्त गौंड, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी हर्षवर्धन नायक, श्रम प्रवर्तन अधिकारी नवीन कुमार मिश्रा, परियोजना अधिकारी डूडा राकेश कुमार, महिला थाना प्रभारी प्रभा पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी शशिकान्त सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा, पवन कुमार राजपूत, संगीता राजपूत आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिजली गिरने से एक की मौत, वृद्ध महिला घायल

● अजनर थाना क्षेत्र के दो गांवों में हुए हादसे, घरों में कोहराम

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अजनर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई, जबकि एक महिला चपेट में आकर अचेत हो गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उसका उपचार चल रहा है। किसान की मौत से ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।

मगरिया गांव निवासी पुत्तन (50) पुत्र भुमानीदीन अपने खेत पर बुआई कराने गया था। उसी समय तेज बारिश होने लगी। तभी घर वापस आने लगा। रास्ते में तेज गड़गडाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आकर किसान गिर गया। थोड़ी देर बाद उसकी मौत हो गई। चरवाहों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

दूसरी घटना अजनर थाना क्षेत्र के ही जैलवारा गांव की है, जहां रामकली (60) पत्नी स्व. गजाधर अपने खेत पर थी। बुधवार को दिन में करीब तीन बजे तेज गड़गड़हट के साथ पास में आकाशीय बिजली गिरी, जिससे रामकली घबराकर अचेत हो गई। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगांव ले गए, जहां पर उसका उपचार चल रहा है।

## सार-संक्षेप


कथा की अमृतवर्षा से सराबोर होकर तालियां बजातीं महिलाएं। अमृत विचार

### अत्याचार बढ़ने पर प्रभु कृष्ण ने लिया जन्म

**महोबा।** अजनर के सिद्ध बाबा आश्रम में चल रहे पंचकुन्डीय श्रीराम महायज्ञ में व्यास ने कृष्ण जन्मोत्सव और कंश वध की कथा का व्याख्यान किया। कथावाचक सत्येन्द्र शास्त्री ने कहा कि मामा कंश जैसे महापापी का अत्याचार बढा तो भगवान कृष्ण ने जन्म लिया और कंश का वध किया। कृष्ण जन्म होते ही कथा पंडाल में जय कन्हैया लाल के जयकारे गूंजे। कथावाचक ने कहा कि कृष्ण के आशीर्वाद और कृपा को पाने के लिए हर साल लोग इस दिन व्रत रखते है और विधि-विधान से मध्य रात्रि में पूजा-अर्चना करते हैं। भजन-कीर्तन करते है और धूमधाम से जन्मोत्सव मनाते है। इस मौके पर कथा यजमान ग्राम प्रधान अजनर नन्हेराम अनुरागी, मुख्य यजमान फूलसिह यादव, संरक्षक छुनछुन महाराज, अध्यक्ष हरी सिंह राजपूत, संयोजक डा. एस पाठक, प्रबंधक सुरेन्द्र राजपूत, कोषाध्यक्ष सोनू सेठ, व्यवस्थापक पुष्पेन्द्र सक्सेना, नीलू रैकवार, हरीचरन कुलवाहा आदि मौजूद रहे।


रास्ते पर भरा पानी, जिससे निकलना दूभर है। अमृत विचार

### बारिश से सड़कों और गलियों में भरा पानी

**महोबा।** जिले में दो दिन से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त होकर रह गया है। सड़कों और मार्गे में जगह जगह पानी भर जाने से लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के चलते ग्रामीण अंचलों में मार्ग कीचड़ युक्त हो जाने से ग्रामीणों को घरों तक आने जाने में भारी असुविधा हो रही है। चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। नगर के अलावा ग्रामीण अंचलों में नालियों की सफाई न कराए जाने से जगह-जगह नालियां चोक होने से जलनिकासी नही हो पा रही है, जिससे पानी गलियों और सड़कों में बह रहा है। इससे सड़कें कीचड़ युक्त हो गई है। जल भराव की समस्या से लोगों के घरों में पानी घुस रहा है, इससे लोग परेशान है। प्रति दिन बारिश होने से लोगों के सामने कच्चे घर गिरने का संकट पैदा हो गया है। हालाकि बारिश से खेतों में अच्छी खासी नमी आ जाने के बाद किसान जुताई बुवाई की तैयारी में जुट गए है। इस साल समय से बारिश हो जाने से किसान खासा गदगद है। किसानों का कहना है कि इस साल उर्द, मूंग और मूंगफली की फसल की जुताई बुवाई समय से हो जाएगी। समय से बुवाई हो जाने से खरीफ की फसल की अच्छी पैदावार होने की उम्मीद बढ गई है। ग्रामीण अंचलों में पानी बरसने से जगह जगह जल भराव और कीचड़ फैला हुआ है, जिससे लोग परेशान है।

### अमावस्या पर भक्तों ने लगाई गोरखगिरि की परिक्रमा

**महोबा।** आषाढ़ अमावस्या पर बुधवार को सुबह भक्तों ने आस्था के केन्द्र गुरु गोरखनाथ की तपोभूमि गोरखगिरि की परिक्रमा लगाई और इस क्षेत्र को आदर्श पर्यटन तीर्थ बनाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व सदर विधायक राकेश गोस्वामी का आभार जताया। गोरखगिरि की परिक्रमा शिवतांडव मंदिर से प्रारंभ हुई और रास्ते में आने वाले सभी प्राचीन मंदिरों से होते हुए पांच किलोमीटर की दूरी तय कर वापस शिवतांडव मंदिर पर समाप्त हुई। इस मौके पर परिक्रमा की अगुवाई कर रहे बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने कहा कि आपराधिक गतिविधियां का केन्द्र बन जाने की वजह से दस वर्ष पहले गोरखगिरि क्षेत्र में आने से लोग डरते थे। प्रशासनिक सक्रियता बढ़ने के कारण माहौल में काफी सुधार हुआ है लेकिन अराजक तत्वों व नशेबाजों से इस तीर्थ को अभी भी मुक्ति नहीं मिल पायी है। उनकी दहशत से अभी भी भक्तगण शिवतांडव व काल भैरव जैसे गोरखगिरि के प्रमुख मंदिरों में आने से डरते हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में भक्तगण गोरखगिरि को चित्रकूट के कामदगिरि जैसा महत्व देते हैं। प्रभु श्रीराम से भी गोरखगिरि का गहरा नाता रहा है। परिक्रमा शिवतांडव से शुरू होकर पठवा के हनुमान जी, महावीरन, सकरे सन्या, काली माता, शनिदेव, छोटी चंडिका, नागौरिया, काल भैरव मंदिर होते हुए वापस शिवतांडव पर पहुंची। इस मौके पर दिलीप जैन, गया प्रसाद, प्रेम, महेन्द्र, प्रवीण चौरसिया, संतोष पटैरिया, प्रहलाद पुरवार, गौरव मिश्रा, प्रवीण श्रीवास्तव, गुमान, अवधेश गुप्ता, काशी प्रजापति, दिनेश खरे, कपूर साहब, अच्छे लाल, मुकेश तिवारी व बृजमोहन आदि मौजूद रहे।



गोरखगिरि की परिक्रमा लगाते भक्त।

### तीन माह बाद भी चोरी का नहीं हो सका खुलासा

**हमीरपुर।** तीन महीने बीतने के बाद भी वकील के घर से लाखों की हुई चोरी की घटना का खुलासा ना होने से नाराज अधिवक्ताओं ने बुधवार को जजी परिसर में क्रमिक अनशन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमे उन्होंने खुलासा ना होने पर क्रमिक अनशन को अनशन में बदलने की चेतावनी दी है। सुमेरपुर थानाक्षेत्र के सिमनौडी गांव निवासी अधिवक्ता राम किशन यादव ने ज्ञापन में बताया कि बीते 17 मार्च की रात चोरों द्वारा उनके घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमे 20 हजार नगदी सहित लगभग बीस लाख के जेवरात चोरी गए थे।बताया कि उन्होंने सुमेरपुर थाने में नामजद रपट दर्ज कराई थी किन्तु सुमेरपुर पुलिस की हीला हवाली के चलते तीन माह बीतने के बाद भी ना तो अभियुक्तों की गिरफ्तारी न ही घटना का खुलासा नहीं किया गया। उन्होंने घटना का खुलासा करने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं संग बुधवार को जजी परिसर में क्रमिक अनशन किया। मांग पूरी न होने पर क्रमिक अनशन को अनशन में बदलने की चेतावनी भी दी है।

## एक नजर

### रात में सांप के डसने से ग्रामीण की मौत

**महोबा।** पनवाड़ी थाना क्षेत्र के बहादुरपुर कला गांव में सांप के डसने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। ग्रामीण की मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ है। बहादुरपुर कला गांव निवासी काशीराम (55) मंगलवार की रात खाना खाकर घर में सो गया, तभी सांप ने उसे डस लिया। जिससे वह जाग गया और उसने शोर मचाया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पनवाड़ी ले गए, जहां पर डाक्टर ने चेकअप करने के बाद ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया।

### मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**बिवांर।** मोहर्रम को लेकर थाना परिसर में थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है। समस्याओं की जानकारी करते हुए भाईचारा शांति माहौल में त्यौहार के मनाए जाने की अपील की है। साथ ही जुलूस निकलने वाले रास्ते को साफ सफाई कर पहले से निकलने वाले मार्ग से ही ताजिया जुलूस निकाला जाएगा। अराजकता के फैलाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। गांव के इमाम अली, वाहिद खान, नजर मोहम्मद, गफूर अली, मेहंदी हसन, इमाम बख्श, मुराद अली, जावेद अली, साजिद, नूर मोहम्मद आदि लोग मौजूद रहे।

### सुमेरपुर के परनामी भवन में कवि गोष्ठी आज

**सुमेरपुर।** संस्था कलार्पण भारत के स्थापना दिवस पर कवि गोष्ठी का आयोजन गुरुवार को किया जाएगा। वरिष्ठ कवि गणेश सिंह विद्यार्थी ने बताया कि 26 जून को अपराह्न दो बजे कवि हरिराम गुप्त निरपेक्ष के आवास परनामी भवन में वैचारिक/ कवि गोष्ठी होगी। आयोजक हरिराम गुप्त निरपेक्ष ने कवियों से समय पर पधार कर सहभागिता करने की अपील की है।

### बिजली का कनेक्शन जुड़ा नहीं और बिल आ रहा

**मौदहा।** मुस्करा क्षेत्र के ग्राम बिहूनीकलां निवासी पुरुषोत्तम ने उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि अपने खेत में लगे ट्यूबवेल में विद्युत कनेक्शन 2018 में कराया था। जहां पर विभाग ने अभी तक तार तक नहीं लगाए है। न कोई बिजली उपयोग किया है। फिर भी उसके नाम बिल बराबर आ रहा है। जबकि उसके नलकूप में अभी तक कनेक्शन नहीं हुआ है। बताया कि कई बार इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों को अवगत करा चुका है, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं निकला है और बिल बराबर आ रहा है।

# कौशांबी के दुराचार कांड के विरोध में धरना और प्रदर्शन

## अखिल भारतीय पाल महासभा ने मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

● पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की उठाई मांग

● प्रदर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट में गूंजते रहे जोशीले नारे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय पाल महासभा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कौशाम्बी जिले में पाल समाज की 8 वर्षीया बेटी के साथ दुष्कर्म के मामले में पीड़ित परिवार की आवाज उठाते हुए कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अतिरिक्त उप जिलाधिकारी को सौंपकर प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए जाने की मांग की।

अखिल भारतीय पाल महासभा के सदस्य सुबह 11 बजे एकत्र हुए और फिर कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट में पाल एकता जिंदाबाद, पीड़ित परिवार को न्याय दो आदि नारे लगा रहे थे। ज्ञापन में कहा गया कि कौशांबी जनपद के एक गांव में पाल समाज की बेटी के साथ दबंगों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने राजनीतिक दबाव में पीड़ित परिवार के लोगों को ही जेल भेज दिया। पीड़ित परिवार को यातनाएं झेलना पड़ रही है। अखिल भारतीय पाल महासभा ने मांग की कि पीड़ित परिवार को सुरक्षा और न्याय दिलाया जाए। ज्ञापन में ग्राम प्रधान भूपनारायण पाल पर 25 हजार रुपये ईनाम और एनकाउंटर आदेश को तत्काल वापस लेने की भी मांग उठाई गई। महासभा ने इस घटना की घोर निंदा करते हुए शासन-प्रशासन से मांग की कि प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए, जिससे दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा रामप्रकाश पाल, आनंद गोपाल, भानसिंह पाल, इकराम खान, राजकुमार, धर्मेंद्र पाल, मधु पाल, संतोष पाल, अखिलेश पाल, अमित, संजय, रूपेंद्र, दीपक आदि लोग मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते पाल समाज के लोग। अमृत विचार

### 28 दिन बाद भी नहीं लगा किशोरी का सुराग

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के एक गांव में 28 दिन पहले अपहरण की गई नाबालिग को पुलिस बरामद नहीं कर पाई है। नाबालिग के पिता ने बुधवार को एसपी से पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है।

कुरारा थाना क्षेत्र के एक गांव में निवासी पिता ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 28 मई की सुबह उसकी नाबालिग पुत्री समोसा लेने दुकान गई थी। जहां से उसका किसी ने अपहरण कर लिया। बताया कि उसने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस से की थी। जिस पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। लेकिन उसकी खोज न होने से हताश होकर आला अधिकारियों से गुहार लगा चुका है। जहां से उसे मिलने पर सूचना देने का आश्वासन दिया जाता है। लेकिन 28 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस पुत्री को बरामद नहीं कर सकी है। पीड़ित पिता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए पुत्री को बरामद करने की गुहार लगाई है।

### 24 घंटे बाद भी अधेड़ का नहीं लगा सुराग

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के टूंका गांव के पास तालाबनुमा गड्ढे में नहाते समय डूबे अधेड़ का 24 घंटे के बाद भी पता नहीं चला। बुधवार को लखनऊ से आई एनडीआरएफ की टीम दिन भर खोजती रही, लेकिन सफलता हासिल नहीं लगी।

मझगवां थाना क्षेत्र के खड़ाखर गांव निवासी संतोष कुमार रैकवार (48) मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे टूंका गांव के पास तालाबनुमा गड्ढे के पानी में नहाने के लिए गया था। नहाने के दौरान संतोष पानी में गोता लगाने के दौरान डूब गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसकी खोजबीन के लिए नाव से सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं लग सका। बुधवार को लखनऊ से आई एनडीआरएफ की टीम ने गांन पहुंचकर खोजबीन शुरू की। सारा दिन पानी में मोटर बोट चलाकर खोजने का हर संभव प्रयास किया गया, लेकिन सफलता हासिल नहीं हुई।



आपातकाल की वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते वक्ता। अमृत विचार


कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

# इंदिरा ने कुर्सी बचाने को लगाया था आपातकाल

● भाजपा कार्यालय में मनाया गया काला दिवस

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**भाजपा कार्यालय में लगाई गई आपातकाल की प्रदर्शनी**

● 1975 की घटनाओं और अत्याचार को प्रदर्शित करती हुई भाजपा जिला कार्यालय में प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू, विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर, जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने किया। इस मौके पर कार्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

**अमृत विचार।** आज ही के दिन 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने देश में लोकतंत्र की हत्या की थी और मानव अधिकारों का हनन कर यातनाएं दी थीं। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की लाइट काटकर प्रतिबंधित कर दिया था।

आपातकाल के 50वीं वर्षगांठ पर बुधवार को भाजपा कार्यालय में काला दिवस मनाया गया। एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि आपातकाल के समय कांग्रेस सरकार ने जिसे चाहा उसे जेल में डलवा दिया। जिसने सरकार के खिलाफ आवाज उठाई, उसे मीसा में जेल भेज दिया गया। क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू ने कहा कि मध्य रात्रि में जब देश की जनता सो रही थी, तब कुर्सी बचाने के लिए इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था। जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कहा कि आज भी लोग 1975 के आपातकाल की याद कर सहम जाते है। कांग्रेस विपक्षी दलों के लोगों के साथ अत्याचार करती थी। भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तानाशाही से लोग कराह उठे थे। इसके बाद हुए चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया था। इस मौके पर कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया, पूर्व भाजपा अध्यक्ष कमलेश सक्सेना, अवधेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा मौजूद रहे।

**ज्ञान दिवस मनाया** | ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की पुण्यतिथि मनी

# नारियों को अध्यात्म के पथ पर चलने का संदेश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहर के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में ब्रह्माकुमारीज संस्थान की प्रथम प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 60वीं पुण्य स्मृति को आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मातेश्वरी के दिव्य जीवन पर प्रकाश डाला गया। उनके त्याग, तपस्या और सेवा से मानव समुदाय को जीवन मुक्ति की राह दिखाने और नारियों को आध्यात्मिकता के पथ पर चलते हुए समाज की सेवा करने के लिए प्रेरणा दी गई।


मातेश्वरी जगदंबा के चित्र पर पुष्प अर्पित करतीं ब्रह्माकुमारी बहनें। अमृत विचार

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी बीके सुधा बहन ने मातेश्वरी जगदंबा जी के दिव्य जीवन को दर्शाते हुए कहा कि मातेश्वरी हमेशा कहतीं थीं कि शरीर निर्वाह कर्म करते हुए भी उस ईश्वर को हमेशा याद करते रहना चाहिएए क्योंकि उसको जवाबदारी देंगे तभी हम निश्चिंत रहेंगे। सभी को आत्मा रूप में देखने का पुरुषार्थ किया। मातेश्वरी कहती थी कि हमेशा अपने को पवित्र रखो और अपने कर्मों को श्रेष्ठ बनाओ ये उसका हुक्म है। उनका स्लोगन रहता था हुकमी हुक्म चला रहा और हर घड़ी अंतिम घड़ी है इसलिए हमें अपने पुरुषार्थ को तीव्र करना है। कहा कि हमेशा हां जी पार्ट बजाया तभी कम समय में संस्था की पहली एडवांस पार्टी में पहुंच कर सम्पन्न ओर संपूर्ण बनी।

चरखारी उप सेवाकेंद्र संचालिका बीके जयदेवी बहन ने कहा कि मातेश्वरी जी ने अपने मातृत्व और वात्सल्यपूर्ण नेतृत्व कौशल से सभी के दिलों पर राज किया। उनका नियमित और मर्यादापूर्ण जीवन सभी के लिए आज भी आदर्श मिसाल है। कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की वर्ष 1937 में स्थापना के समय संस्थापक ब्रह्मा बाबा ने जब माताओ बहनों के नाम एक ट्रस्ट बनाया तो उसकी जिम्मेदारी सबसे पहले मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती को दी गई थी। तब से लेकर 24 जून 1965 तक आपने कम उम्र होने के बादभी इस ईश्वरीय विश्व विद्यालय की कुशलापूर्वक जिम्मेदारी को निभाया। बहन द्वारा मम्मा के जीवन विशेष रहस्यमयी संस्मरण सुनाए गए। कार्यक्रम में शामिल बीके रागिनी बहन, बीके साधना बहन, बीके बबीता बहन, बीके रिचा बहन, बीके हेमा बहन, बीके प्रतीक्षा बहन आदि बीके भाई बहनों ने मम्मा के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी भाई-बहनों ने ब्रह्माभोजन स्वीकार किया।

### प्रेमी युगल को घर वालों ने पकड़ा

**कुरारा।** पड़ोसी गांव के प्रेमी युगल घर से भागकर शादी करने जा रहे थे, जिन्हें कस्बे में उनके परिजनों ने पकड़ लिया। देखते ही देखते वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। फिलहाल परिजन दोनों को घर ले गए हैं।

थाना क्षेत्र के दो गांवों मंगलपुर व छक्की डेरा निवासी आपस में रिश्तेदार हैं। बुधवार सुबह करीब 10 बजे दोनों अपने घरों से भागकर कस्बा आ गए। इस बीच युवक बैंक से पैसे निकालने को लेकर युवती को खंड विकास कार्यालय के पास बैठाकर चला गया। वहां उसे ज्यादा समय लग गया। तभी दोनों के परिवार के लोग उनकी खोज करते आ गए और दोनों को पकड़ लिया। लेकिन दोनों घर जाने को राजी नहीं थे। इस पर खंड विकास कार्यालय के बाहर करीब दो घंटे तक यह ड्रामा चलता रहा। काफी मशक्कत के बाद परिजन उन्हें मना कर घर ले गए। मामला प्रेमी युगल से संबंधित होने पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

# कथावाचकों से अभद्रता पर प्रदर्शन

● यादव महासभा ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर एएसडीएम को ज्ञापन सौंप कार्रवाई मांगी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** इटावा जिले के बकेवर क्षेत्र में यादव समाज के कथावाचकों के साथ जातीय उत्पीड़न के विरोध में बुधवार को अखिल भारतीय यादव महासभा ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर विरोध जताया। साथ ही चेतावनी दी गई कि पीड़ितों को न्याय नही मिला तो अखिल भारतीय महासभा प्रदेश व्यापी आंदोलन करेगा। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त उपजिलाधिकारी को सौंपा गया।

बकेवर गांव में कुछ लोगों ने यादव समाज के कथावाचकों के साथ मारपीट की। उन्हें जातिसूचक गालियां दी गईं। एक महिला ने भी कथावाचकों का बुरी तरह से अपमान किया। लेकिन शरेआम कथावाचकों के साथ की गई घटना के बाद भी अभी तक आरोपी महिला और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इससे यादव समाज में खासा आक्रोश है।


बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते यादव महासभा के लोग। अमृत विचार

अतिरिक्त एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई और उनकी संपत्ति पर बुलडोजर चलाए जाने की कार्रवाई किए जाने की मांग की। पीड़ितों के क्षतिग्रस्त किए गए वाद्ययंत्रों और छीने गए पैसे को वापस दिलाने और नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान यादव महासभा के जिलाध्यक्ष ब्रज गोपाल यादव, मैया दिन यादव, भारत सिंह यादव, महेश कुमार यादव, रवि यादव, राम सिंह यादव, विनोद कुमार और प्राण सिंह सहित कई समाज के लोग उपस्थित थे।

# मुख्य संपर्क मार्ग धंसने से राहगीरों को हो रही समस्या

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)


रोजाना इस तरह गिरकर जख्मी होते हैं वाहन चालक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पंचायत मऊ के ब्लॉक मार्केट के पास मऊ महिला पुल की यमुना रोड एवं बियावल रोड सहित कस्बे को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क के धंस जाने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आयेदिन हो रहे हादसों से लोग चुटटिल हो जाते हैं।

ओवरलोड वाहनों के मऊ महिला पुल से आवागमन के चलते वाहन धंस जाते हैं और जाम लगता है। लोगों का कहना है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस जगह पर प्रतिदिन कई सौ वाहन निकलते हैं, जिनमें से कई तो ओवरलोड होते हैं जो धड़ल्ले से कौशांबी की ओर जाते हैं। मऊ महिला पुल के बन जाने से इस संपर्क मार्ग से दिन रात गाड़ियां दौड़ती हैं।

**आयेदिन लोग होते हैं चुटहिल :** मऊ के रहने वाले पूर्व छात्र संघ महामंत्री रोहित द्विवेदी बताते हैं कि आए दिन यहां पर हादसे होते हैं, चुटहिल लोगों को लोग उठाते हैं। आयेदिन ऐसे हादसों के चलते आवागमन जहां प्रभावित होता है तो वहीं लोगों को काफी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ता है।

**भारी वाहनों की वजह से हुआ यह हाल :** इस गड्ढे के सामने पीसीओ की दुकान किए महाराज द्विवेदी बताते हैं कि भारी भरकम वाहनों के बेखौफ आवागमन ने सड़क का यह हाल कर दिया है। इन गड्ढों को भरना आवश्यक है।

**ब्लैक स्पॉट बनता जा रहा है स्थानः** मऊ के युवा व्यापारी शैलू द्विवेदी बताते हैं कि यह स्थान हादसों के चलते ब्लैक स्पॉट बनता जा रहा है। कार्यदायी संस्था के जिम्मेदार लोगों की लापरवाही के चलते लोगों की ऐसी गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### बोले अधिकारी

पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता नीरज सक्सेना ने कहा कि इस समस्या के त्वरित निस्तारण के लिए ठेकदार को निर्देशित कर दिया गया है। जल्द ही इसे सही करा दिया जाएगा।

#### जल्द चलाएंगे अभियान

मामले में मऊ एसडीएम का कहना है कि जल्द ही सड़कों पर से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जाएगा।


कामदगिरि परिक्रमा के प्रथम मुखारविंद पर श्रद्धालुओं का तांता। अमृत विचार


परिक्रमा पथ पर श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

# भीषण उमस भी नहीं डिगा पाई श्रद्धालुओं की आस्था

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** आषाढ़ मास की अमावस्या पर बुधवार को तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भीषण गर्मी और उमस भी आस्थावानों की आस्था को नहीं डिगा सकी।

आषाढ़ी अमावस्या पर रामघाट, परिक्रमा पथ के अलावा हनुमान धारा, जानकीकुंड, सती अनुसुइया, गुप्त गोदावरी के साथ भरतकूप में श्रद्धालु पहुंचे। आस्थावानों ने मंदाकिनी स्नान कर महाराजाधिराज मत्यगजेंद्रनाथ का जलाभिषेक किया और कामदगिरि की परिक्रमा की। टेंपो-टैक्सीवालों से इस बार भी लोगों को दिक्कत हुई। जगह-जगह वाहन खड़े करके मनचाही सवारियां बैठाना और किराया वसूलना इस बार भी जारी रहा। प्रमुख मंदिर कामदगिरि प्रदक्षिणा का प्रमुख द्वार राम मोहल्ला के नीचे आटो रिक्शा चालकों की मनमानी जारी है। इससे लोगों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। कई चालकों ने तीर्थयात्रियों को जबर्दस्ती चलने को बाध्य किया। महिलाओं और बच्चों को भी परेशानी हुई। तीर्थ क्षेत्र के मप्र परिक्रमा पथ पर उखड़ी रोड और चालू काम से लोगों को काफी दिक्कत हुई। उमस भारी गर्मी मे शीतल जल के लिए भी आस्थावान परेशान देखे गए। इनको ठंडा पानी की बोतल खरीदनी पड़ी। समाजसेवियों ने कुछ स्थानों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था की और प्रसाद वितरण भी किया गया। कई जगहों पर श्रद्धालुओं की जेब भी कटने की जानकारी है।

### डीआईजी और एसपी ने देखीं व्यवस्थाएं


व्यवस्थाओं को देखने पहुंचे डीआईजी राजेश एस, एसपी अरुण कुमार सिंह व अन्य।

पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही पुलिसकर्मियों की ड्यूटी को चेक किया। डीआईजी ने रामघाट में नाव पर बैठक व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान एएसपी सत्यपाल सिंह, अरविंद्र वर्मा, सीओ राज कमल, प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### उद्यान विभाग करेगा निःशुल्क पौध वितरण

**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय ने बताया कि जुलाई माह से पौधरोपण अभियान के तहत विभाग निशुल्क पौधों का वितरण करेगा। इनमें फलदार, फूलों और छायादार पौधे शामिल हैं। इससे संबंधित जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### ट्रिपल-सी के लिए 14 जुलाई तक करें आवेदन

**चित्रकूट।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पांडेय ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के 12वीं पास बेरोजगारों के लिए निशुल्क ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना संचालित है। ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 14 जुलाई तक है आवेदक निर्धारित समय पर आवेदन करें।

### ग्रामोदय और पतंजलि विश्वविद्यालयों के मध्य करार

**सीतापुर (चित्रकूट)।** चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट का पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार से करार हुआ है। नवाचार सहयोग के लिए बीते दिन हुए एमओयू कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण और कुलपति प्रो. भरत मिश्रा मौजूद रहे। दोनों ने इस अकादमिक एमओयू के माध्यम से संचालित गतिविधियों सर्वांगीण ग्राम विकास, भारतीय ज्ञान परंपरा, आयुर्वेद एवं योग आधारित उच्च शिक्षा में नई दिशा प्राप्त करने की आशा जताई।

# 50 परिषदीय विद्यालयों का होगा विलय

## बीएसए ने जारी किया आदेश, 1 जुलाई से इस व्यवस्था के अनुसार शिक्षण कार्य कराने को कहा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले में पचास परिषदीय विद्यालयों को मर्ज (पेयरिंग किया जाएगा। यह जानकारी जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने दी। इनमें चित्रकूट ब्लाक के 22, मानिकपुर के पांच, रामनगर के आठ, मऊ के सात, नगर क्षेत्र कर्वी का एक और पहाड़ी ब्लाक के सात स्कूल शामिल हैं। बीएसए ने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को एक जुलाई से इस व्यवस्था के अनुसार शिक्षण कार्य कराने को कहा है। साथ ही संबंधित आख्या एक सप्ताह के अंदर देने के निर्देश दिए हैं।

जिन स्कूलों को मर्ज किया जाना है उनमें चित्रकूट विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय (पीवी) कोल्हुआ माफी का प्राथमिक विद्यालय (पीएस) कोधनपुरवा में, पीवी भोंदू का पुरवा का कंपोजिट विद्यालय लोधनपुरवा में, पीवी नवघाट का पीएस भड़हापुरवा में, पीवी भजनीपुरवा का पीएस पांडेय पुरवा में, पीवी कंदैली का पीएस महादेव का पुरवा में, पीवी शीतलपुर कोंहास का पीएस रेहुटा में पीवी बगलान का उच्च प्राथमिक विद्यालय (यूपीएस) खम्हरैया में, पीवी धरमपुरहापुरवा का पीवी दासु का पुरवा में पीएस महादेव का पुरवा (सपहा) का कंपोजिट स्कूल सपहा में, पीवी छिवलहा का पीवी अमरावा में पीवी भनिहाई का पीएस फाटापुरवा में पीवी भुइसुधापुरवा का पीएस हिनौतामाफी में पीवी बराछापुरवा का पीएस लूक में और पीवी पनिहानपुरवा का पीएस मानपुर में मर्जर किया जाएगा। इसी प्रकार पीवी शिवचरन का पुरवा का पीएस चिल्लामाफी, पीवी फाल्गो का डेरा का पीएस अलखुखोड़, पीवी ठीका का पुरवा का पीएस चकला गुरुबाबा, पीवी धतुरहापुरवा का पीएस दुर्जनपुरवा, पीवी खमहरिया का पीएस गिरधारी का पुरवा, पीवी लाल बिहारी का पुरवा का पीएस कंठीपुर, यूपीएस भवानीपुर का यूपीएस कोलौंहा में संविलयन किया जाएगा। कर्वी के सीनियर बालिका विद्यालय को सीओएम नयाबाजार कर्वी में मर्ज किया जाना है।



प्राथमिक विद्यालय झंडापुरवा का शिरोमन का डेरा में होना है विलय। अमृत विचार

> उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय कहते हैं कि मुख्यमंत्री ने कहा था कि एक ग्राम पंचायत के 10, 15, 25 की छात्र संख्या वाले विद्यालयों को एकसाथ करके बच्चों को अच्छी शिक्षा व अच्छी सुविधा दिये जाने के लिए विद्यालय मर्जर किया जाना चाहिए पर अधिकारियों ने ग्राम पंचायत से बाहर एक किमी से दूर विद्यालयों को मर्ज कर दिया है। विद्यालय दूर होने से छोटे बच्चे न जाएंगे और शिक्षा से वंचित रहेंगे।
> –**अखिलेश पाण्डेय**, जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ

### ये हैं मानिकपुर ब्लाक के स्कूल

मानिकपुर ब्लाक के पीएस हरभूषन पुरवा का यूपीएस मऊ गुरदरी में, पीएस कटरा का पीएस कुबारी में, पीएस नौबस्ता का पीएस खांच में, पीएस टेढ़ीपुरवा का पीएस बांधी में, पीएस पचपेड़ा का पीएस बेलौंहापुरवा में मर्जर होना है।

#### रामनगर ब्लाक के स्कूल

रामनगर के पीएस कुर्मीपुरवा (तीरमऊ) का पीएस रुपौली, पीएस खेरवा का सीओएम (कंपोजिट) स्कूल गुबरौल, पीएस भवानीपुरवा का पीएम श्री स्कूल बरुआ, पीएस इड़वापुरवा का पेस हरिजनपुरवा, पीएस कोलसा का पीएस अहिरनपुरवा, पीएस झंडापुरवा का पीएस शिरोमन का डेरा, पीएस हथराजी का पीएस भगड़ापुरवा और पीएस सुजानगंज का पीएस हनुमानगंज में मर्जर होगा।

#### मऊ ब्लाक के विद्यालय

मऊ ब्लाक में पीएस छपरिहापुरवा को कटैयाडांडी, पीएस कनियाड़ को चचोखर, पीएस अहीर को पुरवा का सीओएम किटहाई, पीएस जग्गी को डेरा का सीओएम कालूराम का पुरवा, पीएस भूठी को पुरवा का सीओएम महाड़ा, पीएस कटिया को सीओएम कान्यामऊ और पीएस झगरहाट को सीओएम नीबीं में मर्ज किया जाएगा।

#### पहाड़ी के मर्ज होने वाले स्कूल

पहाड़ी ब्लाक में जिन स्कूलों को मर्ज किया जाना है, उनमें यूपीएस गड़रियनपुरवा को पीएस गड़रियनपुरवा में, यूपीएस सरधुआ को सीओएम सरधुआ में पीएस नन्ही का डेरा को पीएस बोधन का पुरवा में, पीएस अमरपुर को पीएस बालापुर खालसा, पीएस कल्लापुरवा को पीएस देवारी, पीएस सुखौरा को पीएस जाजमऊ और पीएस सुंदरपुरवा को पीएस प्रसिद्धपुर शामिल हैं।

#### बच्चों को मिले लाभ, यही उद्देश्य : बीईओ

खंड शिक्षाधिकारी रामनगर एनपी सिंह ने कहा कि कम छात्र संख्या वाले विद्यालय का आपस में पेयर बनाया गया है पर जिस विद्यालय का भौतिक परिवेश ज्यादा ठीक है उसे संचालन में लिया जाएगा। बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना बेसिक शिक्षा विभाग का मूल उद्देश्य है। सुविधाओं का समुचित लाभ बच्चों को मिल सके इस उद्देश्य से विद्यालयों की पेयरिंग (मर्ज) किया गया है।



मंत्री दानिश अंसारी और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ सम्मानित होने वाले लोकतंत्र सेनानी। अमृत विचार

# लोकतंत्र पर कुठाराघात था आपातकाल लगाना

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित किया गया

**अमृत विचार।** आपातकाल लगने के 50 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को जिले के लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित किया गया। चित्रकूट इंटर कालेज में कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के राज्यमंत्री दानिश अंसारी ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल को लोकतंत्र पर कुठाराघात बताया।

बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामप्रकाश द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दानिश अंसारी ने कहा कि 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर देश में आपातकाल थोप दिया था। यह निर्णय किसी युद्ध या विद्रोह के लिए नहीं बल्कि अपने चुनाव को रद्द किए जाने और सत्ता बचाने की हताशा में लिया गया था। आज 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है। सिर्फ तरीकों का बदलाव हुआ है, नीयत आज भी वही तानाशाही वाली है। लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि देश के लोकतांत्रिक इतिहास में आपातकाल लगाए जाने की घटना एक काले धब्बा है। तत्कालीन सरकार की तानाशाही ने संविधान की आत्मा को कुचल दिया गया था। साथ ही पूरी व्यवस्था को कठपुतली बनाकर रखने का षड्यंत्र रचा था। कार्यक्रम में मौजूद लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मनित किया गया। सेमिनार में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामपाल त्रिपाठी, भागीरथी गांधी प्रेमनारायण गुप्ता, ननकूराम पाल, रामचन्द्र कोरी, लक्ष्मी सिंह, रामजी मिश्रा, संतोष गुप्ता, उर्मिला देवी, रामकली, फतेहपुर के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश वाजपेयी, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, चंद्रप्रकाश खरे, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा नेता जगदीश गौतम, भाजपा के जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, आलोक पांडेय, अश्वनी अवस्थी, कार्यक्रम संयोजक हरिओम करवरिया मुन्ना, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी, मऊ ब्लाक प्रमुख सुशीला वर्मा, गुलाब पटेल, विपुल प्रताप सिंह, बृजेश पांडेय, राजेश्वरी द्विवेदी, प्रेमलाल बाल्मीकि, रामसागर चतुर्वेदी, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, अर्पित जायसवाल, जिला मंत्री मनोज तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा हीरो, महामंत्री मोहित मिश्रा, हेमंत प्रताप सिंह, सुमित मिश्रा, रवि गुप्ता, दीपक द्विवेदी, राकेश कोल, विनीता द्विवेदी आदि मौजूद रहे। सम्मान कार्यक्रम के पूर्व राज्यमंत्री ने आपातकाल पर लगी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने लोनिवि निरीक्षण गृह में पत्रकार वार्ता की।

# नाबालिग से छेड़खानी में पांच वर्ष कठोर कारावास

**चित्रकूट।** नाबालिग से छेड़खानी और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोषी को न्यायालय ने पांच वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसे सात हजार रुपये का अर्थदंड दिया है। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि 21 जुलाई 2019 को मऊ थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पंचू ने उसकी नाबालिग पुत्री से सोते समय छेड़खानी की और किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने इस मामले में निर्णय सुनाया।

# गांव के कामों में अनियमितता का आरोप

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** ब्लाक की ग्राम पंचायत सरैया में कामों पर अनियमितता के आरोप लग रहे हैं। पहले तालाब में इंटरलॉकिंग धंस गई 'अमृत विचार' ने खबर छापी तो अगले दिन से इस पर काम शुरू हुआ लेकिन काम खत्म होता उससे पहले बरसात से एक माह पहले बनी नाली गर्गनपुरवा में पोखरी से गार्डन तक धराशायी हो गई। इससे लोगों में ग्राम पंचायत प्रधान और सचिव को लेकर आक्रोश है। भाजपा नेता और बूथ अध्यक्ष विशाल उपाध्याय ने बताया कि वह इस मामले में बीडीओ से लेकर मुख्य विकास अधिकारी तक शिकायत कर रहे हैं लेकिन बिना मौके पर काम देखे उसको सही साबित कर दिया जाता है। बताया कि इस बार भी उन्होंने सीडीओ को इसकी जानकारी दी। बताया कि मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर ने उनसे कहा है कि लिखित शिकायत करिए। जांच कराई जाएगी और वसूली कराई जाएगी।


विशाल उपाध्याय।

# शुरू होगी गो एंबुलेंस सेवा और गो अस्पताल

**चित्रकूट।** सुरभि नरसिंह गौशाला 30 जून से गो एंबुलेंस सेवा की शुरुआत करेगी।

यह जानकारी वरिष्ठ पशु चिकित्सा विशेषज्ञ डा. अरविंद कुमार मिश्रा और उनके सहयोगी रामसेवक ने दी। बताया कि घायल गोवंश को चौबीसों घंटे चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। यह अस्पताल और एंबुलेंस सेवा गोवंशों के लिए मददगार होगा।

**खेती-किसानी** | उन्नत उत्पादन तकनीकी पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन

# बीज बैंकों की स्थापना कर करें संरक्षण

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** वीरांगना दुर्गावती की पुण्यतिथि पर परमानंद सभागार गनीवां में कृषक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मौजूद लोगों ने किसानों से अनुरोध किया कि ग्रामीण स्तर पर परंपरागत बीजों के संरक्षण के लिए बीज बैंकों की स्थापना करें।

तुलसी कृषि विज्ञान केंद्र और जन शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में हुई कार्यशाला की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. राजेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि किसानों को स्वावलंबी बनना होगा। हम जो खाएं, उसका ही उत्पादन करें। खेती में विविधता लाएं। अनिल कुमार सिंह ने बताया कि कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार की कमी नहीं है। आधुनिक तकनीक, सरकारी योजनाओं और बाजार की मांग को देखते हुए खेती करें तो कृषि में उद्यमिता लाभदायक विकल्प हो सकता है। विजय गौतम ने धान की उन्नत तकनीक की जानकारी दी। बताया कि इसके लिए आवश्यक है कि समय से खेत की तैयारी की जाए, उचित समय पर रोपाई की जाए। पोषक तत्वों के प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण, रोग और कीट प्रबंधन के साथ कटाई और गहाई समय से करके पैदावार बढ़ाई जा सकती है। पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि यहां फल-फूल और सब्जियों की खेती में अपार संभावनाएं हैं। पाठा में किसान पारंपरिक खेती के तरीकों को छोड़कर आधुनिक तकनीक अपना रहें हैं और इससे खेती अधिक लाभदायक हो रही है। उत्तम त्रिपाठी ने मिट्टी के स्वास्थ्य को सुधार करने पर जोर दिया। उप निदेशक कृषि राजकुमार ने सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, डीआरआई के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन आदि मौजूद रहे।


दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ करते अतिथि। अमृत विचार

### रोग प्रतिरोधी किस्मों का चयन करें

डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने किसानों को सलाह दी कि वे अरहर, मूंग और तिल की उन्नत और रोग प्रतिरोधी किस्मों का चयन करें। बीज को उपचारित करें। सिंचित क्षेत्र में अगेती अरहर की बुआई मध्य जून और असिंचित क्षेत्र में जुलाई के पहले सप्ताह में कर देनी चाहिए।

#### खाद का करें संतुलित उपयोग

मृदा वैज्ञानिक कमलाशंकर शुक्ला ने दलहनी फसलों में पोषक तत्वों के प्रबंधन की आवश्यकता बताई। कहा कि यह एक महत्वपूर्ण पहलू है, जो उपज और गुणवत्ता को प्रभावित करता है। इसके लिए हरी खाद, जैव उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। कार्बनिक और अकार्बनिक खाद का संतुलित उपयोग भी आवश्यक है।

# नशीली कफ सिरफ के साथ आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्कर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 15 सीसी नशीली कफ सिरफ के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

सतना पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। उनके निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह, अनुविभाग अधिकारी रोहित कुमार राठौर के मार्गदर्शन एवं थाना चित्रकूट प्रभारी निरीक्षक डीआर शर्मा के नेतृत्व में थाना चित्रकूट के शान्ति धाम चौराहा के पास आरोपी श्यामसुन्दर यादव पिता लल्लू यादव (20) साल निवासी शिवरामपुर थाना कर्वी कोतवाली जिला चित्रकूट के बैग में रखी 15 सीसी अवैध नशीली कफ सिरफ कोरेक्स कीमती कब्जे से बरामद, कर आरोपी को जेल भेज दिया।

# बिछड़े लोगों को परिजनों से मिलाया

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने अमावस्या मेले में परिजनों से बिछड़े छह लोगों को उनके परिजनों से मिलाया।

चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग रमेश यादव व आरक्षी अंकित निषाद एवं खोया पाया केंद्र के आरक्षी सोनपाल, दीपा कुमारी ने परिक्रमा मार्ग में परिवार से बिछड़े पांच बच्चों व एक महिला को परिजनों के सुपुर्द किया। इससे उनमें खुशी छा गई। परिजनों ने पुलिसकर्मियों का आभार जताया।

## सार-संक्षेप

### अनापत्ति प्रमाणपत्र के लिए करें आवेदन

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने बताया कि राज्य में भूमिगत जल संरक्षित करने, नियंत्रित करने और भूमिगत जल के विनियमन का सतत् प्रबंधन करने के लिए भूजल संकटग्रस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भूजल संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर दिया गया है। भूजल निष्कर्षण के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र और पंजीकरण कराना होगा। सभी आरओ प्लांट, सामूहिक उपयोगकर्ता अधिष्ठान होटलों, लाजों आवासीय कालोनियों, रिजार्टों, निजी चिकित्सालयों, परिचर्या गृहों, कारोबार प्रक्षेत्रों, मैरिज होम, लान, पैकेज ड्रिंकिंग प्लांट, स्लाटर हाउस, शॉपिंग कांपलेक्स, वाहन धुलाई केंद्र आदि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भूगर्भ जल प्रयोग के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र, पंजीकरण के लिए आवेदन करें।

### हवाई अड्डे पर की गई मॉक ड्रिल

**चित्रकूट।** हवाई अड्डे पर बुधवार को मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान एक काल्पनिक स्थिति में एक यात्री विमान रनवे पर उतरते समय तकनीकी कारण से दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई, जिससे कई यात्री घायल हो गए। स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए सभी एजेंसियों को तत्काल सक्रिय किया गया कि उनकी त्वरित प्रतिक्रिया और आपसी समन्वय का परीक्षण किया जा सके। सूचना मिलते ही विमानपतन अग्निशमन सेवा, चिकित्सा दल, सुरक्षा इकाइयों, स्थानीय पुलिस बल और संबंधित विभाग तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान उप जिलाधिकारी, विमानपत्तन निदेशक, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, चीफ एयरपोर्ट सिक्योरिटी ऑफिसर, पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा फायर स्टेशन ऑफिसर आदि मौजूद रहे।

# युद्धविराम के बाद बाजार में आया उछाल

## पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से सेंसेक्स 700 तो निफ्टी ने 200 अंक की दर्ज की बढ़त

● एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से भी निवेशक धारणा को मिला समर्थन



मुंबई, एजेंसी

ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बीच बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में तेजी दर्ज की गई और सेंसेक्स 700 अंक चढ़ गया। निफ्टी भी 200 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट टलने की उम्मीद में कच्चे तेल के कीमतों में नरमी देखी गई। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से भी निवेशक धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 700.40 अंक चढ़कर 82,755.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 760.8 अंक चढ़कर 82,815.91 अंक पर पहुंच गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 200.40 अंक चढ़कर 25,244.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारती एयरटेल के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भारतीय शेयर बाजारों में मजबूती आई। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार से पूंजी निकासी जारी रखी है लेकिन सकारात्मक वैश्विक संकेतों से घरेलू बाजार की गति को बनाए रखने में मदद मिल रही है। घरेलू स्तर पर मानसूनी बारिश अनुकूल रहने के पूर्वानुमान और खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी से भी आशावाद को बल मिल रहा है।

### स्मालकैप-मिडकैप ने भी बढ़ोत्तरी

व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक ने 1.59 प्रतिशत की छलांग लगाई, जबकि मिडकैप में 0.63 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में प्रौद्योगिकी खंड ने 1.69 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की जबकि आईटी खंड में 1.68 प्रतिशत और दूरसंचार खंड में 1.42 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज ब्रोकिंग ने शेयर बाजार पर जारी एक टिप्पणी में कहा कि मानक सूचकांक ने लगातार दूसरे दिन अपनी तेजी बरकरार रखी। ईरान-इजराइल संघर्ष खत्म होने से भू-राजनीतिक तनाव कम होने की उम्मीदें जगी हैं और निवेशक धारणा को बल मिला है।

### सूचीबद्ध 2821 कंपनियों के शेयरों में रही तेजी

बीएसई पर सूचीबद्ध 2,821 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही जबकि 1,207 शेयर गिरकर बंद हुए और 134 अन्य अपरिवर्तित रहे। वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.21 प्रतिशत बढ़कर 67.95 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में खासी तेजी देखी गई थी। शेयर बाजार के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 5,266.01 करोड़ के शेयरों की बिकवाली की। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,209.60 करोड़ के शेयर खरीदे।

# भारत में आर्थिक गतिविधियां मजबूत

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अर्थव्यवस्था से जुड़े विभिन्न आंकड़े भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों की ओर इशारा करते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुलेटिन में बुधवार को यह बात कही गई।

आरबीआई के जून बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' शीर्षक वाले लेख में कहा गया कि व्यापार नीति अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि के दोहरे झटके के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था उथल-पुथल की स्थिति में है। इसमें कहा गया, बढ़ी हुई वैश्विक अनिश्चितता की इस स्थिति में मई, 2025 के लिए विभिन्न उच्च आवृत्ति संकेतक भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों की ओर इशारा करते हैं। लेख में कहा गया कि 2024-25 के दौरान कृषि में अधिकतर प्रमुख फसलों के उत्पादन में व्यापक वृद्धि देखी गई है। साथ ही, घरेलू मूल्य स्थिति भी अनुकूल बनी हुई है। मई में लगातार चौथे महीने कुल मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही।

'कुल मुद्रास्फीति' में ऊर्जा और खाद्य वस्तुओं का मूल्य प्रभाव शामिल होता है। इसमें कहा गया कि वित्तीय परिस्थितियां भी ब्याज दरों में कटौती का लाभ ऋण बाजार तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट रूप से कहा है कि बुलेटिन में प्रकाशित लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

### आरबीआई बुलेटिन में किया गया खुलासा

### कॉल मनी के लिए बाजार समय 1 जुलाई से दो घंटे बढ़ा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि तात्कालिक वित्तीय जरूरतों के लिए इस्तेमाल होने वाले कर्ज यानी 'कॉल मनी' का बाजार समय 1 जुलाई से दो घंटे बढ़ाकर शाम 7 बजे तक कर दिया जाएगा। जब कोई बैंक अचानक नकदी की जरूरत आने पर किसी दूसरे बैंक से बहुत कम समय (अमूमन एक दिन) के लिए उधार लेता है तो उसे 'कॉल मनी' कहते हैं। आरबीआई ने यह फैसला राधा श्याम राठो की अध्यक्षता में गठित कार्यसमूह की सिफारिशों के आधार पर किया है। यह समूह विनियमित वित्तीय बाजारों के व्यापार एवं निपटान के समय की व्यापक समीक्षा करने के लिए बनाया गया था। केंद्रीय बैंक ने कहा, अब कॉल मनी का संशोधित बाजार समय सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक होगा। साथ ही मार्केट रेपो और त्रिपक्षीय रेपो (टीआरईपी) के कारोबारी घंटे भी एक अगस्त, 2025 से शाम चार बजे तक बढ़ा दिए जाएंगे। संशोधित कारोबारी घंटे सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होंगे।

# आगरा में बनेगा 111.5 करोड़ में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने आगरा में अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआईपी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसके लिए 111.5 करोड़ की वित्तीय सहायता दी जाएगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

आधिकारिक बयान के अनुसार, इस निवेश का मुख्य उद्देश्य आलू तथा शकरकंद की उत्पादकता, कटाई के बाद प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन में सुधार करके खाद्य तथा पोषण सुरक्षा, किसानों की आय और रोजगार सृजन को बढ़ाना है। आलू क्षेत्र में उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, परिवहन, विपणन और मूल्य श्रृंखला में रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर उत्पन्न करने की क्षमता है। सीआईपी का दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र उत्तर प्रदेश के आगरा के सिंगना में स्थापित हो रहा है।



● केंद्र सरकार ने दक्षिण एशिया क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को दी मंजूरी

### गौतमबुद्ध नगर में 417 करोड़ में स्थापित होगा इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर

**लखनऊ, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में केन्द्र सरकार ने 417 करोड़ रुपये की लागत से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी 2.0) की स्थापना को स्वीकृति दे दी है। इसका उद्देश्य स्थानीय विनिर्माण और नवाचार को बढ़ावा देना है। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को इस परियोजना की समीक्षा की। परियोजना के क्रियान्वयन में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को परियोजना के तेजी से क्रियान्वयन के लिए राज्य के साथ मिलकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वीकृत ईएमसी 2.0 परियोजना को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) द्वारा विकसित किया जाएगा। यह क्लस्टर 200 एकड़ में फैला होगा और इसमें 2,500 करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है और 15,000 रोजगार के अवसर तैयार होंगे।

### वित्तीय प्रौद्योगिकी में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता देशों में भारत शामिल

**नई दिल्ली।** विश्व आर्थिक मंच (डबल्यूईएफ) के अध्ययन में वित्तीय प्रौद्योगिकी के लिहाज से शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों की सूची में अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भारत को भी शामिल किया गया हे। चीन के तियानजिन में आयोजित न्यू चैंपियंस की वार्षिक बैठक में जारी विश्व आर्थिक मंच के अध्ययन में कहा गया कि लाभप्रदता और समावेशन में मजबूती के बीच वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की वृद्धि स्थिर हो रही है। इनमें ब्रिटेन, भारत, अमेरिका, सिंगापुर, ब्राजील और इंडोनेशिया हैं।

# देश जल्द बनेगा 5000 अबर डॉलर की अर्थव्यवस्था

कोलकाता, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद भारत 2027 तक पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है और यह सब सामूहिक राष्ट्रीय प्रयास एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व के कारण संभव हो पाया है।

'मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' (एमसीसीआई) द्वारा आयोजित ऑनलाइन सत्र में गोयल ने सरकार के दशक भर के आर्थिक सुधारों को वृद्धिशील के बजाय परिवर्तनकारी करार दिया। गोयल ने मंगलवार को कहा कि हम अगले तीन वर्ष में पांच हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह 2047 तक 'विकसित भारत' बनने के सफर में हमारी पहली उपलब्धि होगा। वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और भू-राजनीतिक चुनौतियों पर मंत्री ने कहा कि भारत को एकता और दृढ़ संकल्प के साथ अशांत माहौल में आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बड़ी अर्थव्यवस्थाएं शांत स्थिति मे नहीं बनती। यह भारत का समय है। हमें इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए और दुनिया के अग्रणी देशों के बीच अपना उचित स्थान पाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। गोयल ने सरकार के वृद्धि मॉडल को समावेशी, टिकाऊ और ईमानदार विकास पर केंद्रित बताया जिसमें सेवा, सुशासन और नवाचार पर जोर दिया गया है। उन्होंने नागरिक कल्याण के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। साथ ही ईरान तथा यूक्रेन जैसे वैश्विक संघर्ष क्षेत्रों में सरकार के निकासी प्रयासों का भी उल्लेख किया।



● केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद मजबूती से आगे बढ़ रहा देश



### एक नजर

#### बम की धमकी पर पालघर का स्कूल कराया खाली

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के निजी स्कूल को बुधवार सुबह ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिसके बाद छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को स्कूल परिसर से बाहर निकाला गया। मीरा-भायंदर वसई-विरार (एमबीवीवी) पुलिस के अधिकारी ने बताया कि बम की धमकी अफवाह निकली क्योंकि नालासोपारा स्थित स्कूल के परिसर में जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

#### अमरनाथ यात्रा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

**श्रीनगर।** कश्मीर पुलिस प्रमुख वीके बिरदी ने बुधवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा सुरक्षित और निर्बाध रूप से संपन्न हो, इसके लिए बहुस्तरीय और गहन सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) ने अनंतनाग में बताया, अगले सप्ताह से श्री अमरनाथ यात्रा शुरू होने जा रही है। जम्मू कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने यात्रा के लिए सभी सुरक्षा प्रबंध कर लिए हैं।

#### 7 करोड़ की धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 7.14 करोड़ निवेश के धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी को तीन साल बाद उत्तराखंड से गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को पुलिस उपायुक्त (आर्थिक अपराध शाखा) पराग मनेरे ने बताया कि आरोपी अजय उसारे (38) ने अपने साथियों के साथ मिलकर ठाणे के वागले एस्टेट इलाके में विदेशी मुद्रा कारोबार कंपनी खोली और भोले-भाले निवेशकों को चपत लगाई। मनेरे के अनुसार, उसारे को गिरफ्तार किए जाने के साथ अब तक इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# आपातकाल की यादें जीवित रखनी होंगी : शाह

## आपातकाल की 50वीं बरसी पर हुए 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम को केंद्रीय गृहमंत्री ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि आपातकाल की यादों को जीवित रखा जाना चाहिए ताकि देश पर तानाशाही विचार न थोप सके। शाह ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर हुए कार्यक्रम में कहा कि जब बात सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन की होती है, तो ऐसे घटनाक्रमों को याद रखा जाना चाहिए, ताकि युवा अन्याय के खिलाफ जागरूक और तैयार रह सकें।

शाह ने कहा कि देश 50 साल पहले आज के दिन घोषित आपातकाल के दौरान कांग्रेस द्वारा किए अन्याय और अत्याचारों को कभी नहीं भूलेगा और इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का सही निर्णय लिया है। इंदिरा गांधी सरकार ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगाया था। शाह ने एक पुस्तक 'द इमरजेंसी डायरीजः इयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर' का विमोचन किया, जो आपातकाल के दौरान युवा नरेन्द्र मोदी के साथ काम कर चुके सहयोगियों के व्यक्तिगत अनुभवों और अन्य संग्रहित दस्तावेजों पर आधारित है। कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्विनी वैष्णव, दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा,



नई दिल्ली में 'संविधान हत्या दिवस' पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्विनी वैष्णव, उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

### निरंकुश शासक ने परिवारवादी शासन को बनाए रखने के लिए आपातकाल लगाया

अमित शाह ने कहा कि 50 साल पहले एक निरंकुश शासक द्वारा लगाया गया आपातकाल जिसका उद्देश्य अपने परिवारवादी शासन को बनाए रखना था, इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक था। शाह ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का परोक्ष उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं था, बल्कि यह कांग्रेस और केवल एक व्यक्ति की अलोकतांत्रिक मानसिकता का प्रतिबिंब था। गृह मंत्री ने एक्स पर कहा, यह दिवस बताता है कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है। आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं, बल्कि कांग्रेस और एक व्यक्ति की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का परिचायक था। प्रेस की स्वतंत्रता कुचली गई, न्यायपालिका के हाथ बांधे गए और सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाला गया। शाह ने कहा, देशवासियों ने सिंहासन खाली करो का शंखनाद किया और तानाशाह कांग्रेस को उखाड़ फेंका। इस संघर्ष में बलिदान देने वाले सभी वीरों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

# मोदी के कारण संविधान संकट में आज अघोषित आपातकाल : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी



● कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- भाजपा संविधान हत्या दिवस मनाने का कर रही नाटक

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आपातकाल की 50वीं बरसी पर प्रधानमंत्री मोदी के हमले पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की विफलताओं को छिपाने के लिए 'संविधान हत्या दिवस' मनाने का नाटक कर रही है। वह आपातकाल तो खत्म हो गया, लेकिन मोदी सरकार में अघोषित आपातकाल है।

खरगे ने कहा कि मोदी के कारण ही आज संविधान संकट में है। अब ये संविधान बचाओ की बात कर रहे हैं। आपातकाल के 50 साल पूरा होने के बाद उसे दोहरा रहे हैं। उन्होंने भाजपा के वैचारिक पूर्वजों का हवाला देते हुए कहा कि जिनका आजादी के आंदोलन में कोई योगदान नहीं रहा, जिनका संविधान के निर्माण कोई योगदान नहीं रहा, जो हमेशा संविधान के खिलाफ बात करते रहे, जिन लोगों ने बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को रामलीला मैदान में जलाया, उन्हें अब सदबुद्धि आई। खरगे ने दावा किया, हम एक साल से संविधान बचाओ यात्रा निकाल रहे हैं, उससे भाजपा घबरा गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार शासन में नाकाम रही।

# दिल्ली के रसायन फैक्टरी में आग लगने से चार की मौत, तीन घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

● रोहिणी के रिठाला इलाके की पांच मंजिला इमारत की आग बुझाने पहुंची दमकल की 16 गाड़ियां

दिल्ली में रोहिणी के रिठाला इलाके में रसायन फैक्टरी में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। दमकल विभाग ने बुधवार को बताया कि आग मंगलवार को रोहिणी सेक्टर-5 में पांच मंजिला इमारत में लगी, जिसे बुझाने के लिए दमकल की 16 गाड़ियों को भेजा गया।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि घटना रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास परिसर में होने की सूचना मिली थी। आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं है और जांच जारी है। मलबे में दबे लोगों का पता लगाने के लिए अभियान जारी है। पुलिस ने अब तक आग में झुलसे चार लोगों के शव बरामद किए हैं। तीन घायल लोगों को बाबा साहब अम्बेडकर (बीएसए) अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी पहचान नितिन बंसल (31), राकेश (30) और विरेंद्र (25) के रूप में हुई है। नितिन और राकेश राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेज दिया गया।

### आपदा प्रबंधन



एसडीआरएफ की टीम ने बहादुरी दिखाते हुए बुधवार को तवी नदी में अचानक आई बाढ़ के बीच फंसे व्यक्ति को सुरक्षित निकाला। भारी बारिश के चलते नदी का जलस्तर तेज़ी से बढ़ गया था। एजेंसी

# सोनम के गायब हुए सामान में तमंचा होने की आशंका

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** राजा रघुवंशी हत्याकांड के अहम सबूत छिपाने और मिटाने के आरोपी की निशानदेही पर मेघालय पुलिस ने इंदौर में बुधवार को एक नाले से प्लास्टिक की थैली में बंधा सामान बरामद किया। माना जा रहा है कि इसमें तमंचा हो सकता है।

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

मेघालय पुलिस मामले में गिरफ्तार रियल एस्टेट कारोबारी शिलोम जेम्स के साथ शहर के पलासिया क्षेत्र के एक नाले प्लास्टिक की थैली में बंधा सामान मिला। इस बारे में मेघालय पुलिस का कोई बयान सामने नहीं आया है। इंदौर पुलिस ने बताया कि प्लास्टिक की थैली में तमंचा हो सकता है। इसको अन्य सामान के साथ इंदौर के उस फ्लैट से गायब किए जाने का संदेह है, जिसमें सोनम उनके हत्याकांड के बाद मेघालय से फरार होने के बाद कई दिन तक रुकी थी।

# रिहाई में देरी पर जेल अफसरों को सुप्रीम फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी



● राज्य सरकार को निर्देश, पीड़ित को दें पांच लाख रुपये मुआवजा

सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण रोधी कानून के तहत दर्ज मामले में 29 अप्रैल को जमानत पाने वाले आरोपी को रिहा करने में देरी पर बुधवार को उत्तर प्रदेश के जेल अफसरों को फटकार लगाई। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह 24 जून को जिला जेल गाजियाबाद से रिहा किए आरोपी को पांच लाख का मुआवजा दे।

वीडियो कांफ्रेंस के जरिए उत्तर प्रदेश के जेल महानिदेशक पीठ के समक्ष पेश हुए। राज्य के वकील ने कहा कि आरोपी को मंगलवार को जेल से रिहा किया गया और देर का पता लगाया जा है। पीठ ने गाजियाबाद के प्रधान जिला एवं सत्र जज को जांच रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। आरोपी का दावा था कि उसे इस आधार पर रिहा नहीं किया गया कि जमानत आदेश में धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के की उपधारा का उल्लेख नहीं किया गया था।

### नीतीश कटारा हत्याकांड में सुखदेव को 3 माह का फरलो

सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में सुखदेव यादव को बुधवार को तीन महीने का फरलो दिया। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के विनोद चंद्रन ने कहा कि यादव ने बिना किसी छूट के 20 साल जेल की सजा काटी है। शीर्ष न्यायालय ने निर्देश दिया कि यादव को सात दिन में निचली अदालत में पेश किया जाए और उसे फरलो दिए जाने से पहले निचली अदालत उस पर उचित शर्तें लगाए। फरलो का मतलब जेल से अस्थायी रिहाई है, न कि सजा का निलंबन या छूट।

### वकीलों को तलब करने की अनुमति न्याय के लिए खतरा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुवक्किलों को सलाह देने के लिए वकीलों को पुलिस या जांच एजेंसियों द्वारा तलब करने की अनुमति देना न्याय की स्वतंत्रता के लिए प्रत्यक्ष खतरा है। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि कानूनी पेशा न्याय प्रशासन की प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। जांच एजेंसियों/पुलिस को पक्षकारों को सलाह देने वाले बचाव पक्ष के वकील या अधिवक्ताओं को तलब करने की अनुमति देना कानूनी पेशे की स्वायत्तता को गंभीर रूप से कमजोर करेगा और न्याय प्रशासन की स्वतंत्रता के लिए भी प्रत्यक्ष खतरा पैदा करेगा। पीठ ने मामले में कुछ प्रश्न भी खड़े किये।

### रथ यात्रा : पुरी की निगरानी करेंगे एआई कैमरे और एनएसजी

**पुरी।** समुद्र तटीय तीर्थ नगरी पुरी में 27 जून को भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हुए 10 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। बुधवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा, निगरानी के लिए विभिन्न स्थानों पर 250 से अधिक एआई युक्त कैमरे लगाए गए हैं और आसपास के मकानों की छत पर एनएसजी के निशानेबाजों की तैनाती भी की गई है। श्रद्धालुओं को संभालने तथा खुद को तैयार करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र बलों ने रिहर्सल में भाग लिया।

# उपचुनावों के इंडेक्स कार्ड 72 घंटे में जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने बुधवार को बताया कि उसने हाल में हुए विस उपचुनाव के लिए इंडेक्स कार्ड अपने नए डिजिटल मंच की मदद से 72 घंटे में जारी कर दिए। इंडेक्स कार्ड गैर-वैधानिक, चुनाव-पश्चात सांख्यिकीय रिपोर्टिंग होती है जो विभिन्न हितधारकों को मतदान संबंधी रुझान समझने में मदद करती है।

ईसी ने कहा कि उसने केरल, गुजरात, पंजाब और प. बंगाल में पांच विस क्षेत्रों के लिए 19 जून को हुए उपचुनाव के दौरान नए डिजिटल मंच ईसीआईएनईटी का संचालन शुरू किया। नतीजे 23 जून को घोषित हुए। सुव्यवस्थित, प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली उपचुनाव के दौरान अनुमानित मतदान प्रतिशत के रुझान पर समय पर अद्यतन जानकारी देने में सक्षम थी। नयी प्रणाली के तहत, इंडेक्स कार्ड में अधिकांश डेटा ईसीआईएनईटी इनपुट का उपयोग करके स्वतः भरे जाते हैं।

### ईसी पांच और राज्यों में मतदाता सूची की करेगा समीक्षा

**नई दिल्ली।** बिहार के बाद, निर्वाचन आयोग इस वर्ष के अंत तक उन पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा करेगा जहां 2026 में चुनाव होने हैं। अंततः, निर्वाचन आयोग देशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू करेगा, ताकि मतदाता सूचियों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन किया जा सके। गहन समीक्षा के तहत, चुनाव अधिकारी त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विस का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है और इन राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा वर्ष के अंत तक शुरू हो जाएगी। हालांकि, चूंकि बिहार में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए निर्वाचन आयोग ने वहां तत्काल विशेष गहन पुनरीक्षण करने का निर्णय लिया है।

# शार्दुल के स्थान पर कुलदीप को मिल सकती है जगह

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में शार्दुल ठाकुर से कम गेंदबाजी कराने के कप्तान शुभमन गिल के फैसले का बचाव किया है, लेकिन दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में उनके चयन को सही ठहराना मुश्किल होगा। दिसंबर 2023 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे शार्दुल का तेज गेंदबाजी में अच्छा उपयोग नहीं हुआ और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भी टीम को निराश किया। उन्होंने दो पारियों में 20 गेंदों पर कुल पांच रन बनाए। शार्दुल ने मैच की पहली पारी में सिर्फ छह ओवर और दूसरी पारी में 10 ओवर गेंदबाजी की। ऐसे में विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह उन्हें तरजीह देने पर सवाल उठ रहे हैं।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शार्दुल ने मैच के पांचवें दिन हालांकि लगातार दो विकेट लेकर भारत की जीत की उम्मीदें जगा दी थी, लेकिन उनकी गेंदबाजी में धार और पैनापन नहीं था। उन्होंने और प्रसिद्ध कृष्णा ने बहुत सारी कमजोर गेंदें फेंकी, जिससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना। भारत को इस पांच दिवसीय मैच में ज्यादातर समय तक दबदबा बनाये रखने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद टीम को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। एजबेस्टन टेस्ट के लिए हालांकि अंतिम एकादश में कुछ बदलाव तय हैं। विशेषज्ञों ने श्रृंखला के पहले मैच में कुलदीप यादव को शामिल करने की मांग की थी और अब बर्मिंघम में स्पिनरों की मदद करने वाली पिच पर शार्दुल की जगह उन्हें शामिल किए जाने की संभावना है।

**पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर** ने 'जियोस्टार' से कहा, कुलदीप यादव को वापस आना होगा। मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन शार्दुल ठाकुर को बाहर जाना होगा। उन्होंने कहा यह एक बदलाव है जो भारत को करना होगा। जहां तक नीतीश कुमार रेड्डी का सवाल है तो मैंने पहले टेस्ट के लिए उनका समर्थन इस आधार पर किया था कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन किया था। मांजरेकर ने कहा लेकिन वह पर्याप्त विकल्प प्रदान नहीं करता है। वह टीम में चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका में पूरी तरह से खरा नहीं उतर पाएगा इसलिए भारतीय टीम प्रबंधन को कड़ा फैसला लेना होगा। हमें यहां की परिस्थितियों में अपने सर्वश्रेष्ठ आक्रमण के साथ करना होगा और इसके लिए मैं एक तेज गेंदबाज कम रखूंगा और कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल करूंगा। उसे खेलना ही होगा। हेडिंग्ले में इंग्लैंड के 371 रन के रिकार्ड लक्ष्य का पीछा करने के बाद गंभीर से शार्दुल के कम उपयोग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस मामले में कप्तान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कप्तान कभी-कभी अपनी अंतरात्मा की सोच के अनुसार काम करता है और जडेजा ने पहली पारी में हमें नियंत्रण (रन गति को कम कर) दिया था। इससे हम दूसरे छोर पर अपने तीन तेज गेंदबाजों से गेंदबाजी करा सकते थे। उन्होंने कहा हम जानते हैं कि शार्दुल का कौशल क्या है और इसलिए वह भारत के लिए खेल रहे हैं। वह चौथे तेज गेंदबाज हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें स्पिनर से पहले गेंदबाजी का मौका दिया जाना चाहिए। एक कप्तान अपनी सोच के अनुसार फैसले लेता है और यह फैसला काफी हद तक पिच की स्थिति पर आधारित होता है। गेंदबाजी विभाग में किसी और बदलाव की संभावना कम है क्योंकि पहले और दूसरे टेस्ट मैच के बीच एक सप्ताह का अंतराल है और ऐसे में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अंतिम एकादश में बने रहने की उम्मीद है। अर्शदीप सिंह के फिर से बाहर बैठने की संभावना है क्योंकि टीम प्रबंधन प्रसिद्ध को और मौका देना चाहेगा।

### चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं


पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने 'पीटीआई' से कहा कुलदीप को टीम में होना चाहिए। चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं है। शार्दुल या प्रसिद्ध में से कोई भी उनके लिए जगह बना सकता है। इंग्लैंड में टीमें अकसर चार तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरते रहीं हैं लेकिन मौजूदा समय में शुष्क मौसम को देखते हुए कुलदीप और रविंद्र जडेजा दोनों अंतिम एकादश में जगह बना सकते हैं। जडेजा की गेंदबाजी पर भी सवाल उठ रहे हैं क्योंकि वह स्पिनरों की मददगार पांचवें दिन की पिच पर ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके।


शार्दुल ठाकुर। ● एजेंसी


कुलदीप यादव।

## हमें कैच छोड़ना महंगा पड़ा : शुभमन गिल

**लीड्स, एजेंसी**


शुभमन गिल।

भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि हमारे पास टेस्ट जीतने का मौका था, लेकिन कैच छोड़ना हमें महंगा पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट से मिली हार के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि टेस्ट मैच शानदार रहा। हम इंग्लैंड की टीम को 430 रनों का लक्ष्य देने के बारे में सोच रहे थे, लेकिन हमने 31 रन जोड़कर अपने आखिरी पांच विकेट गवां दिये। उन्होंने कहा कि हमारे पास मैच जीतने का मौका था। कैच छोड़ना हमें महंगा पड़ा। उन्होंने कहा कि आज भी, मुझे लगा कि पहले विकेट के बाद हमारे पास मौके थे। हमने पहली पारी में खराब प्रदर्शन के बारे में बात की, हमें आगे बढ़ते हुए इसमें सुधार करना होगा। इस तरह के विकेट पर मौके आसानी से नहीं मिलते, लेकिन हमारी टीम युवा है, टीम में सीखने का जज्बा है। उम्मीद है कि इसमें सुधार होगा। उन्होंने कहा कि पहले सत्र में हमने शानदार गेंदबाजी की और रनों पर अंकुश लगाया, लेकिन एक बार गेंद पुरानी हो जाने के बाद रन रोकना मुश्किल होता है। जब गेंद नरम हो जाए तो विकेट लेते रहना चाहिए। जाडेजा ने शानदार गेंदबाजी की, उन्होंने मौके बनाए।

बुमराह कौन से गेम खेलेंगे इस सवाल पर उन्होंने कहा कि यह मैच दर मैच तय होता है। एक बार जब हम लंबे ब्रेक के बाद अगले मैच के करीब होंगे तब देखा जायेगा। गौरतलब है कि लीड्स के मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों ने कई कैच छोड़े, जिससे उन्हें मैच गवाना पड़ा। अकेले यशस्वी जायसवाल ने चार कैच छोड़े। इससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों को और रन बनाने का मौका मिला और उन्होंने जीत हासिल की।


यशस्वी जायसवाल से मैच के दौरान बेन डकेट का महत्वपूर्ण कैच छूट गया। इसके साथ ही मैच जीतने का सुनहरा अवसर भी छूट गया। ● एजेंसी

## हर्षित राणा को भारतीय टीम से रिलीज किया गया

**बर्मिंघम, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गये पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम में कवर के तौर पर शामिल किए गए युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को टीम प्रबंधन ने बुधवार को रिलीज (टीम से अलग करना) कर दिया। राणा ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दो टेस्ट मैच खेले थे।

वह इंग्लैंड दौरे पर भारत ए टीम का हिस्सा थे लेकिन कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पाए। उन्होंने 27 ओवर में 99 रन देकर सिर्फ एक विकेट लिया। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर 'पीटीआई' को बताया, हर्षित राणा को टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह दो जुलाई से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम के साथ बर्मिंघम नहीं आये हैं। दिल्ली के 23 साल के हर्षित को मुख्य कोच गौतम गंभीर का शिष्य माना जाता है। वह गेंद को पिच पर पूरी ताकत के साथ टप्पा खिलाने के लिए जाने जाते है।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में पर्थ के मैदान पर अपनी ऑफ कटर गेंद से ट्रेविस हेड को चकमा देकर सुर्खियां बटोरी थी। समय के साथ हालांकि यह स्पष्ट हो गया है कि शीर्ष स्तर पर लाल गेंद के मैचों को खेलने के लिए उन्हें अपनी गेंदबाजी में और सुधार करना होगा। इंग्लैंड की परिस्थितियों में मुकेश कुमार और अंशुल कंबोज को हर्षित से बेहतर गेंदबाज माना जा रहा है लेकिन इन दोनों की जगह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के इस गेंदबाज को तरजीह मिलने पर सवाल भी उठे थे। गंभीर ने मंगलवार को पहले टेस्ट मैच में भारत की हार के बाद कहा था हर्षित राणा को लेकर मैं चयन समिति के अध्यक्ष से चर्चा करूंगा। कुछ छोटी-मोटी परेशानियों के कारण उन्हें रोका गया था। अब सब कुछ ठीक है। मैं चर्चा करूंगा और फिर हम उस पर निर्णय लेंगे।

## एक नजर

### भारत के नौ वर्षीय खिलाड़ी ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका

**नई दिल्ली** : दिल्ली के नौ वर्षीय आरित कपिल एक प्रमुख ऑनलाइन मंच पर आयोजित 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के करीब पहुंच गए थे लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ पर संतोष करना पड़ा। हाल ही में अंडर-नौ राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उपविजेता रहे आरित ने पांच बार के विश्व चैम्पियन कार्लसन को हार के कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन समय समाप्त होने और घड़ी में केवल कुछ सेकंड बचे होने के कारण यह युवा भारतीय खिलाड़ी अपनी बढ़त को भुनाने में असमर्थ रहा और उसे ड्रॉ पर मजबूर होना पड़ा। आरित ने जॉर्जिया के अपने होटल से इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां वह वर्तमान में अंडर-10 विश्व चैंपियनशिप में खेल रहे हैं। इस बीच भारत के वी प्रणव ने 11 में से 10 अंक लेकर 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' का खिताब जीत लिया। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हैंस मोके नीमन और कार्लसन दोनों ने 9.5 अंक हासिल किए, लेकिन नीमन ने टाईब्रेक में दूसरा स्थान हासिल किया।

### भारतीय निशानेबाजी लीग के लिए 400 से अधिक पंजीकरण

**नई दिल्ली** : आगामी भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) में भाग लेने के लिए अभी तक दुनिया भर के 400 से अधिक खिलाड़ी पंजीकरण करा चुके हैं। इस प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत, कजाकिस्तान, रूस, ईरान, हंगरी, क्रोएशिया, अजरबैजान, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेनेडा, इटली, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, सर्बिया, अमेरिका, स्पेन, थाईलैंड, जर्मनी, चेक गणराज्य, नॉर्वे, सैन मैरिनो और रोमानिया के निशानेबाजों ने लीग के लिए पंजीकरण कराया है। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा हमें पहली भारतीय निशानेबाजी लीग को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है उससे वास्तव में हम उत्साहित हैं। पहली भारतीय निशानेबाजी लीग का आयोजन इस साल के आखिर में 20 नवंबर से दो दिसंबर तक किया जाएगा। इसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) में मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल होंगी।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया

**बर्लिन** : भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हरा दिया। आज यहां खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के टोबी मैलन ने दूसरे हाफ में 40वें मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलायी। इसके बाद भारत के रोहित ने (45वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत के अजीत यादव ने (52वें) मिनट में गोल कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। पहले हाफ में दोनों टीमें के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ।


## पंत टेस्ट रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर

**दुबई** : भारत के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले टेस्ट में दो शतक की बदौलत बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए।

पहले टेस्ट में पांच विकेट की हार के दौरान पहली पारी में शतक जड़ने वाले भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी पांच स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर हैं। एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले केवल दूसरे विकेटकीपर बने पंत को एक स्थान का फायदा हुआ है। पंत से पहले जिंबाब्वे के एंडी फ्लावर एकमात्र विकेटकीपर थे जिन्होंने एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की थी। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष पर बने हुए हैं। इंग्लैंड की जीत के दौरान 62 और 149 रन की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच बने बेन डकेट पांच स्थान की छलांग के साथ रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए। डकेट के टीम के साथियों ओली पोप (तीन स्थान के फायदे से 19वें स्थान पर) और जेमी स्मिथ (आठ स्थान के फायदे से 27वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज हैं जबकि टीम के उनके साथी हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर हैं। पहले टेस्ट में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में तीन स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गए।

## कमजोर गेंदबाजी पर गंभीर ने कहा, हमें उन्हें समय देना होगा

**लीड्स, एजेंसी**


● मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भारतीय कमजोर आक्रमण पर गेंदबाजों का लिया पक्ष

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में हार के दौरान भारतीय आक्रमण की अनुभवहीनता खुलकर उजागर हो गई, लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम के अधिकतर तेज गेंदबाज अभी अपने करियर की शुरुआत कर रहे हैं। उन्हें कुछ और समय देने की जरूरत है। इंग्लैंड की पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावशाली नहीं दिखा।

मेजबान टीम ने मंगलवार को मैच के पांचवें और अंतिम दिन 371 रन का लक्ष्य बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की लाइन और लेंथ में निरंतरता का अभाव दिखा। गंभीर में भारत की पांच विकेट से हार के बाद संवाददाताओं से कहा हमें उन्हें समय देना होगा। पहले हमारी टीम में चार तेज गेंदबाज होते थे, जिन्हें 40 से अधिक टेस्ट मैचों का अनुभव था। एकदिवसीय या टी20 मैचों में इसका इतना बड़ा प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन जब आप टेस्ट मैच खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका का दौरा करते हैं तो अनुभव काफी मायने रखता है।

उन्होंने कहा उनके करियर के अभी शुरुआती दिन हैं। अगर हम प्रत्येक टेस्ट मैच के बाद अपने गेंदबाजों का मूल्यांकन करना शुरू कर देंगे, तो हम अच्छा गेंदबाजी आक्रमण कैसे तैयार कर पाएंगे। बुमराह और सिराज के अलावा हमारे पास तेज गेंदबाजी में उतना अनुभव नहीं है, लेकिन उनमें (अन्य में) गुणवत्ता है और यही वजह है कि वे इस भारतीय टीम में हैं। गंभीर ने कहा लेकिन हमें उनका समर्थन करते रहना होगा, क्योंकि यह एक दौरे की बात नहीं है। यह एक मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण तैयार करने से जुड़ा है, जो टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय तक भारत की सेवा कर सके। भारतीय टीम में शामिल अन्य तेज गेंदबाजों में अर्शदीप सिंह ने अभी तक कोई टेस्ट नहीं खेला है जबकि हर्षित राणा ने केवल दो मैच खेले हैं। प्रसिद्ध ने मैच में पांच विकेट लिए लेकिन उन्होंने काफी रन भी लुटाए।

गंभीर को हालांकि लगता है कि प्रसिद्ध में एक बहुत अच्छा टेस्ट गेंदबाज बनने के सभी गुण मौजूद हैं। उन्होंने शार्दुल ठाकुर का भी बचाव किया, जिन्होंने पहली पारी में केवल छह और पूरे मैच में 16 ओवर ही फेंके। गंभीर ने कहा कप्तान परिस्थितियों के अनुसार फैसला करता है। रविंद्र जडेजा ने पहली पारी में हमें संतुलन प्रदान किया जिससे हम दूसरे छोर पर अपने तीन तेज गेंदबाजों में अदला बदली कर सकते थे।

### तीन और शतक लगे थे, पंत के दो शतक के बारे में पूछने पर बोले गंभीर

**लीड्स, एजेंसी** : भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ऋषभ पंत के दो शतक जैसी व्यक्तिगत उपलब्धियों की तारीफ करने के मूड में नहीं दिखे और जब उनसे इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट में मिली हार के सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सबसे अहम नतीजा होता है जो टीम हासिल नहीं कर सकी। गंभीर से जब पंत के दो शतकों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा तीन और शतक बने थे। ये सब सकारात्मक बातें हैं। शुक्रिया। मैच के सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछने पर गंभीर ने कहा अगर आप कहते कि यशस्वी (जायसवाल) ने शतक जमाया और शुभमन गिल ने बतौर कप्तान पदार्पण में शतक जड़ा तो मुझे अच्छा लगता। केएल राहुल ने भी शतक लगाया और ऋषभ ने दो शतक लगाये। एक टेस्ट में पांच शतक बड़ी बात है। यह सवाल बेहतर हो सकता था। कोच ने कहा कि अगर टीम हारती है तो व्यक्तिगत उपलब्धियां मायने नहीं रखती। भारत को इंग्लैंड ने पांच विकेट से हराया। उन्होंने कहा ये सब सकारात्मक पहलु हैं। जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए। लेकिन आखिर में सब कुछ इसी पर आता है कि हम मैच जीत नहीं सके। उन्होंने कहा व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छी बात है। हमें शीर्ष छह से बड़ी पारियां चाहिए थी लेकिन आखिर में तो हम टेस्ट मैच जीत नहीं सके।

### पहले टेस्ट में हार के बावजूद बुमराह को लेकर योजना में कोई बदलाव नहीं

**लीड्स** : भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि टीम प्रबंधन पहले टेस्ट में हार के बावजूद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ तीन से अधिक टेस्ट मैच खेलने के लिए नहीं कहेगा। बुमराह एकमात्र भारतीय गेंदबाज थे जिन्होंने हेडिंग्ले में खेले गए पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने लगातार चुनौती पेश की। बुमराह अपने करियर के दौरान चोटों से जूझते रहे हैं और यही वजह है कि उनके कार्यभार प्रबंधन के तहत टीम प्रबंधन ने उन्हें पांच में से तीन टेस्ट मैचों में खिलाने का फैसला किया था। चार मैच शेष रहने के बावजूद यह योजना नहीं बदली है। गंभीर ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा नहीं, हम अपनी योजना में कोई बदलाव नहीं करेंगे। हमारे लिए उनके कार्यभार का प्रबंधन करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आगे काफी क्रिकेट खेलना है और हम जानते हैं वह क्या कर सकते हैं। शृंखला शुरू होने से पहले ही तय कर दिया गया था कि वह तीन टेस्ट मैच खेलेंगे।

## भारतीय क्रिकेट ने जब कामयाबी की नींव रखी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### विश्व कप जीत के 42 साल



पिछले चार साल में जब भी 25 जून आता है तो '83' वाट्सअप ग्रुप के सबसे जिंदादिल सदस्य की यादें बाकी 13 सदस्यों को कचोटती हैं। चार साल पहले यशपाल शर्मा ने आखिरी सांसें ली थी लेकिन ऐसा एक भी दिन नहीं गया होगा जब कपिल देव की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों ने 'यश पाजी' को याद नहीं किया हो।

कोरोना महामारी से पहले पंजाब के तत्कालीन चयनकर्ता यशपाल दिल्ली में रणजी मैच देखने आये थे। उन्होंने कुछ पत्रकारों को उलाहना भी दिया था कि ओल्ड टैफर्ड में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच की रिकॉर्डिंग उनके पास नहीं है जिसमें उनकी 89 रन की पारी की मदद से भारत ने 34 रन से जीत दर्ज की थी।

टूर्नामेंट में सर्वाधिक 240 रन बनाने वाले यशपाल ने कहा था जिसके पास भी रिकॉर्डिंग है, मैं उसे 5000 पाउंड देने के लिये तैयार हूं। मेरे पास रिकॉर्डिंग नहीं है। वह मेरी सर्वश्रेष्ठ वनडे पारी थी। ऐसा लगता था कि मैको (मैल्कम मार्शल) का मुझसे अलिखित करार था। मेरे आते ही दो गेंद छाती पर मारता था।

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने उनके बारे में कहा था वह टीम का बहुत ही लोकप्रिय सदस्य था और हम सभी उसे याद करते हैं। द 83 वाट्सअप ग्रुप में टीम के 14 सदस्य और प्रशासनिक प्रबंधक पीआर मान सिंह हैं। भारतीय टीम ने जब रवि शास्त्री के कोच रहते बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती या रोजर बिन्नी बीसीसीआई अध्यक्ष बने या कीर्ति आजाद ने लोकसभा चुनाव जीता, इस ग्रुप पर चर्चा का दौर चला है।

गावस्कर ने कहा हम लगभग हर रोज संपर्क में रहते हैं और आज तो बिल्कुल ही। विजय माल्या के यूबी समूह ने 2008 में विश्व कप जीत की 25वीं सालगिरह पर लार्डर्स पर टीम के सभी सदस्यों के लिये समारोह का आयोजन किया था। फिर 2023 में अडाणी समूह ने 40वीं सालगिरह पर सदस्यों को सम्मानित किया। इस बार गावस्कर और शास्त्री एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लिये अपनी मीडिया व्यस्तताओं के कारण बाहर हैं और दिलीप वेंगसरकर भी देश में नहीं है तो जश्न नहीं हो सका। गावस्कर ने कहा हमने इस साल भी जश्न का सोचा था लेकिन सीरीज चालू होने के कारण स्थगित करना पड़ा।

## काश ! मैने अच्छा प्रदर्शन किया होताः नीरज

**ओस्ट्रावा, एजेंसी**

● गोल्डन स्पाइक जीतने के बावजूद खुश नहीं हैं भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा


नीरज चोपड़ा।


भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने भले ही पदार्पण के साथ गोल्डन स्पाइक खिताब जीत लिया हो लेकिन पूर्व ओलंपिक चैम्पियन अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं।

चोपड़ा ने 85.29 मीटर के थ्रो के साथ नौ खिलाड़ियों के बीच खिताब जीता। जीत के बाद उन्होंने कहा मैं आज अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं लेकिन इस बात की खुशी है कि खिताब जीता। उन्होंने कहा मैं बचपन में यह टूर्नामेंट देखा करता था। मैने जान जेलेंजी और उसेन बोल्ट जैसे दिग्गजों को गोल्डन स्पाइक जीतते देखा और मुझे लगता था कि मैं भी एक दिन जीतूंगा।

आज वह सपना सच हो गया है। उन्होंने हालांकि कहा मुझे पता है कि चेक गणराज्य में भालाफेंक काफी लोकप्रिय है। दर्शकों से हमें अपार समर्थन मिला। काश कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर पाता। दूसरे दौर के बाद चोपड़ा तीसरे स्थान पर थे जिनकी शुरूआत फाउल से हुई लेकिन उसके बाद 83.45 मीटर का थ्रो फेंका। तीसरे दौर में 85.29 मीटर के थ्रो के साथ वह शीर्ष पर आये। उनके अगले दो थ्रो 82.17 मीटर और 81.01 मीटर के रहे जबकि आखिरी थ्रो फाउल रहा। पिछले दो सत्र में वह यहां फिटनेस कारणों से खेल नहीं सके थे। उनके कोच जान जेलेंजी ने यहां नौ बार खिताब जीता है।

27 वर्ष के चोपड़ा ने इस सत्र में मई में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर की बाधा पार करके दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद पेरिस डायमंड लीग खिताब जीता। चोपड़ा यहां 2018 में आईएएएफ कांटिनेंटल कप में एशिया प्रशांत टीम का हिस्सा थे और 80.24 मीटर के थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे थे। अब वह बेंगलुरु में पांच जुलाई को नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे जिसमें पीटर्स और रोहलेर भी खेल रहे हैं।

## अमरनाथ यात्रा



अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होने वाली है, देश भर से श्रद्धालुओं और साधु-संतों ने जम्मू पहुंचना शुरू कर दिया है। यात्रा शुरू होने तक यहां साधु-संत राम मंदिर बेस कैंप में ठहरे हुए हैं। बुधवार को साधुओं के नारों की वजह से यहां अलग ही माहौल नजर आया। अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। एजेंसी

# अंतरिक्ष यात्राओं की उपलब्धियां
# जब मंगल पर रहेगा मानव



अंतरिक्ष यात्राओं का इतिहास रोमांचक और जोखिम भरा रहा है। अंतरिक्ष यात्राओं से बेहद महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धियां हासिल हुई हैं तो नाकामियां भी मिली हैं। ऐतिहासिक सफलताओं ने भविष्य की अपार संभावनाओं के द्वार खोले हैं। एक तरह से कहा जाए तो अंतरिक्ष यात्राएं मानव की तकनीकी प्रगति के साथ विज्ञान और वैश्विक सहयोग का भी प्रतीक हैं। इनमें जोखिम जरूर रहे हैं लेकिन इन यात्राओं से मिली सीखों ने अंतरिक्ष विज्ञान को नई ऊंचाइयों तक भी पहुंचाया है। भविष्य में चंद्रमा और मंगल ग्रह पर मानव बस्तियों की कल्पना भी धीरे-धीरे वास्तविकता की ओर बढ़ने लगी है। भारत दुनिया के चुनिंदा देशों में शामिल है जो अंतरिक्ष विज्ञान की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। उसके कई सफल अंतरिक्ष अभियानों ने दुनिया को अचरज में भी डाला है।

**संभावनाओं भरा इतिहास**

### अंतरिक्ष यात्रा की शुरुआत और प्रगति

अंतरिक्ष यात्रा का प्रारंभिक युग सन् 1950 से 1970 तक माना जा सकता है। सन् 1957 में सोवियत संघ ने स्पुतनिक-1 लॉन्च किया था जो पहला कृत्रिम उपग्रह था। सन् 1961 में यूरी गागरिन अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले इंसान थे। इसके बाद सन् 1969 में अपोलो 11 मिशन के तहत अमेरिका के नील आर्मस्ट्रॉन्ग और बज एल्ड्रिन चंद्रमा पर उतरने वाले पहले इंसान बने। सन् 1970 से सोवियत संघ और अमेरिका के बीच स्पेस रेस शुरू हुई जो 1990 तक चरम पर पहुंच गई। इसी दौरान पहले मीर और उसके बाद इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जैसे स्पेस स्टेशनों की शुरुआत हुई। सन् 1975 में भारत ने भी अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट लांच किया। वर्ष 1984 में राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय बने।

### नई तकनीक और निजीकरण

सन् 1990 से 2020 के बीच हबल टेलिस्कोप से ब्रह्मांड में झांकने की शुरुआत हुई। 1998 में आईएसएस कई देशों की साझा परियोजना था जो अब भी कार्यरत है। इसी बीच स्पेस एक्स और ब्लू ओरिजिन जैसी निजी कंपनियां आईं।

### प्रमुख सफलता

- नासा का चंद्रमा अभियान अपोलो शृंखला
- स्पेस एक्स का फाल्कन 9 और रियुजेबल रॉकेट्स- 1
- इसरो का मंगलयान।
- चीन का चांग मिशन, टियांगॉन्ग एसएस।

### असफलता

- नासा के 1986 में चैलेंजर और 2003 कोलंबिया स्पेस शटल हादसे में सभी अंतरिक्ष यात्री मारे गए।
- यूएस का नाडेज्दा मिशन कई बार असफल मानव रहित प्रयास रहा।
- 2019 में चंद्रयान-2 लैंडर विक्रम चांद पर लैंडिंग में विफल हुआ।

### भविष्य की योजनाएं

**नासा**

- आर्टिमिस मिशन : 2025 तक फिर चंद्रमा पर इंसान भेजने की योजना।
- मार्स मिशन : 2030 के दशक में मानव को मंगल ग्रह पर भेजने की योजना।

**इसरो**

- गगनयान : 2025 तक भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन।
- चंद्रयान-3 : चांद की सफल सॉफ्ट लैंडिंग 2023 में पूरी हुई।
- शुक्रयान : भविष्य में शुक्र ग्रह के अध्ययन का मिशन।

**स्पेस एक्स और निजी क्षेत्र**

- स्टारशिप : इंटरप्लैनेटरी ट्रैवल के लिए डिज़ाइन किया गया।
- मार्स कोलोनाइजेशन : एलन मस्क की दीर्घकालिक योजना।
- अंतरिक्ष पर्यटन : अब धीरे-धीरे आम लोगों के लिए खुल रहा है।

## एक नजर

### थाईलैंड के प्रौद्योगिकी तंत्र को बेहतर बनाएगा भारत

**बैंकाक।** भारतीय प्रौद्योगिकीविद् इस साल की शुरुआत में प्रधानमंत्री की बैंकॉक यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित एक समझौते के तहत प्रौद्योगिकी तंत्र को बेहतर बनाने में थाईलैंड की मदद करेंगे। डिजिटल अर्थव्यवस्था और सोसाइटी मंत्रालय के स्थायी सचिव प्रोफेसर विसित विसितसोरा-एटी ने कहा, हम फिलहाल दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी समझौते पर आगे बढ़ने के तरीके पर चर्चा कर रहे हैं, जिसके तहत भारत की मदद से थाईलैंड में प्रौद्योगिकी पेशेवरों को कुशल बनाया जाएगा।

### कोलंबिया में भूस्खलन में आठ लोगों की मौत

**बोगोटा।** उत्तर पश्चिमी कोलंबिया में एंटिओक्विया विभाग के बेलो नगरपालिका में मंगलवार को भूस्खलन में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। मेयर लोरेना गोंजालेज ने कहा, सुबह करीब 3 :25 बजे ग्रैनिज़ल सेक्टर में भूस्खलन हुआ। अब तक हमने आठ लोगों की मौत और पांच लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ला नेग्रा धारा के ज्यादा प्रवाह से शुरू हुए भूस्खलन ने एल पिनार पड़ोस के 10 घरों को प्रभावित किया। एंटिओक्विया के गवर्नर एंड्रेस जूलियन ने कहा कि आपातकाल का निपटने के लिए विभाग के सभी संसाधन जुटाए गए हैं। बचाव दल लापता लोगों की तलाश जारी रखे हुए हैं।

### जिनपिंग ब्रिक्स सम्मेलन में नहीं होंगे शामिल

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्राजील में छह-सात जुलाई को होने वाले 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट अखबार ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से यह रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रधानमंत्री ली कियांग कर सकते हैं। राष्ट्रपति जिनपिंग ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले 17वें शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। चीन के शीर्ष नेता एक वर्ष से भी कम समय में ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा से दो बार मिल चुके हैं।

### विस्फोटक फटने से सात इजराइली सैनिकों की मौत

**यरुशलम।** दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में मंगलवार को एक इजराइली बख्तरबंद वाहन में लगे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से इजराइल के सात सैनिकों की मौत हो गयी। सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में अब तक इजराइल के 860 से अधिक सैनिक मारे गए हैं। सेना ने बताया कि खान यूनिस इलाके में ही गोलीबारी में मंगलवार को एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरा तबाह नहीं

## अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की नई रिपोर्ट, पर ईरान ने कहा- हमारे ठिकानों पर भारी नुकसान

**वाशिंगटन/दुबई, एजेंसी**

अमेरिका की एक नई खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी हमले के बाद ईरान का परमाणु कार्यक्रम कुछ महीने पीछे चला गया है लेकिन पूरी तरह तबाह नहीं हुआ है, जैसा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है। रक्षा खुफिया एजेंसी की ओर से सोमवार को जारी यह रिपोर्ट ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों की स्थिति को लेकर ट्रंप और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बयानों के विपरीत है। हालांकि खुद ईरान ने कहा है कि अमेरिकी हमले में उसके परमाणु ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचा है।

शुरुआती आकलन से अवगत दो व्यक्तियों ने नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर बताया कि रिपोर्ट में पता चला है कि ईरान के फोर्दो, नतांज और इस्फहान परमाणु स्थलों पर शनिवार को हुए हमलों से अच्छा खासा नुकसान हुआ है, लेकिन वे पूरी तरह नष्ट नहीं हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के हमलों से पहले ही ईरान के अत्यंत संवर्धित यूरेनियम के एक हिस्से को दूसरी जगहों पर स्थानांतरित कर दिया गया था। फोर्दो में बहुत अंदर स्थित यूरेनियम संवर्धन संयंत्र का प्रवेश भाग ढह गया है और अवसंरचना को भी नुकसान हुआ है, लेकिन भूमिगत ढांचा क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है।

मंगलवार को सीएनएन ने इस आकलन के बारे में सबसे पहले खबर दी लेकिन व्हाइट हाउस ने इसे गलत बताकर खारिज कर दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने एक बयान में कहा, इस आकलन को उजागर करना राष्ट्रपति ट्रंप को नीचा दिखाने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के लिए एक बेहतरीन मिशन को अंजाम देने वाले बहादुर लड़ाकू पायलटों को बदनाम करने का प्रयास है। उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि जब आप 30,000 पाउंड के 14 बम लक्ष्य पर सटीक रूप से गिराते हैं तो क्या होता है: संपूर्ण विनाश। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि हमलों के कारण ईरान में परमाणु स्थल पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं और ईरान कभी अपने परमाणु प्रतिष्ठानों का पुनर्निर्माण नहीं कर पाएगा।

उधर, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने बुधवार को पुष्टि की कि अमेरिकी हमलों से देश के परमाणु प्रतिष्ठान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। 'अल जजीरा' से बात करते हुए बाघेई ने यह टिप्पणी की, हालांकि उन्होंने विस्तार से बताने से इनकार कर दिया। बाघेई ने स्वीकार किया कि रविवार को अमेरिकी बी-2 बमवर्षकों द्वारा बंकर-बस्टर बम गिराए जाने से काफी नुकसान हुआ है।



तेहरान में अमेरिका और इजराइल के खिलाफ महिलाओं ने किया प्रदर्शन।

### इजराइल के लिए जासूसी के आरोप में तीन और को फांसी

**दुबई।** ईरान ने इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोप में बुधवार को तीन और कैदियों को फांसी दे दी। ईरान की सरकारी इरना समाचार एजेंसी ने खबर में ईरान की न्यायपालिका का हवाला देते हुए कहा कि इन व्यक्तियों पर देश में हथियार लाने का आरोप था। ईरान ने इजराइल के साथ अपने युद्ध के दौरान कई लोगों को फांसी की सजा दी है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने आशंका जताई है कि संघर्ष समाप्त होने के बाद कई और लोगों को फांसी पर लटकाया जा सकता है।

### अमेरिका-ईरान के अधिकारी अगले सप्ताह वार्ता करेंगे

**द हेग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के अधिकारी अगले सप्ताह बातचीत करेंगे, जिससे इजराइल और तेहरान के बीच हालिया संघर्ष के कारण बाधित हुई वार्ता बहाल होगी। नीदरलैंड में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान प्रेस वार्ता में ट्रंप ने कहा, मैं आपको बता दूं कि हम अगले सप्ताह ईरान के साथ बातचीत करने जा रहे हैं। हम किसी समझौते पर हस्ताक्षर भी कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्हें ईरान के साथ बातचीत फिर से शुरू करने में कोई खास दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट कर दिया है।

### ट्रंप के खिलाफ पेश महाभियोग प्रस्ताव खारिज

**वाशिंगटन।** संसदीय मंजूरी के बगैर ईरान के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप पर महाभियोग चलाने के प्रयासों के खिलाफ अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। इस संबंध में पेश प्रस्ताव के विरोध में 344 और पक्ष में 79 वोट पड़े। टेक्सास से डेमोक्रेटिक सांसद एल ग्रीन ने यह प्रस्ताव पेश किया, जिसपर उनकी पार्टी में ही विभाजन हो गया। ग्रीन ने मतदान से पहले कहा, मैं ऐसा इसलिए कर रहा हूं क्योंकि किसी भी व्यक्ति को अमेरिकी संसद से परामर्श किए बिना 30 करोड़ लोगों को युद्ध में झोंकने का अधिकार नहीं होनी चाहिए। मैं समझता हूं कि या तो संविधान सार्थक साबित होगा या निरर्थक बन जाएगा। ट्रंप पर महाभियोग की यह पहली कोशिश नहीं है, लेकिन यह दिखाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सदस्य विशेष रूप से ईरान के परमाणु केंद्रों पर अचानक हमले के बाद से उनके प्रशासन से असहज हैं, जो पश्चिम एशिया के मामलों में एक जोखिम भरा हस्तक्षेप है।

# साइबर धोखाधड़ी: गुजरात महाराष्ट्र में ईडी के छापे

- ऋण धोखाधड़ी में एनसीआर, पंजाब में भी छापेमारी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साइबर अपराध से जुड़े 100 करोड़ रुपये से अधिक के धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को गुजरात और महाराष्ट्र में छापेमारी की। इन साइबर अपराधियों पर 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे साइबर अपराध करने और विदेश में 100 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्थानांतरित करने का आरोप है।

एजेंसी के सूरत उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने पीएमएलए के तहत गुजरात के सूरत और अहमदाबाद तथा मुंबई में यह छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि धन शोधन का यह मामला 2024 में मकबूल डॉक्टर, काशिफ डॉक्टर, बासम डॉक्टर, महेश मफतलाल देसाई, माज अब्दुल रहीम नाडा और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ गुजरात पुलिस की एक प्राथमिकी से सामने आया है। उन्होंने कहा कि आरोप है कि साइबर अपराधी विभिन्न साइबर धोखाधड़ी जैसे कि नकली यूएसडीटी ट्रेडिंग (क्रिप्टो मुद्रा), डिजिटल अरेस्ट, कानून प्रवर्तन एजेंसियों आदि के नकली नोटिस भेजकर लोगों को धमकी देने जैसी साइबर धोखाधड़ी करते थे।

ईडी ने इसके अलावा दिल्ली में पंजीकृत दिवालिया कंपनी के पूर्व प्रवर्तकों के खिलाफ 989 करोड़ रुपये की बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मामले में बुधवार को एनसीआर और पंजाब में कई जगहों पर छापेमारी की। ऑटोमोबाइल और टेलीकॉम क्षेत्र के लिए बिजली के तार और केबल का डिजाइन एवं निर्माण करने वाली दिल्ली स्थित शिल्पी केबल्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया हैं कंपनी के खिलाफ 2017 में दिवालिया की कार्रवाई शुरू की गई थी।

### कर्नाटकः इंजीनियरिंग सीट से जुड़े घोटाले में छापे

**बेंगलुरु।** ईडी ने कुछ निजी कॉलेजों में इंजीनियरिंग सीट ब्लॉकिंग घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को शहर में कई स्थानों पर छापे मारे। कुल 18 परिसरों पर छापे मारे गए, जिनमें बीएमएस कॉलेज, आकाश इंस्टीट्यूट और न्यू होराइजन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बीएमएस के ट्रस्टियों और उनके मुख्य सहयोगियों, कुछ शिक्षा सलाहकारों और एजेंटों के ठिकाने शामिल हैं।

# बांग्लादेश: हसीना के बचाव को नियुक्त वकील हटाया

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश के अपराध न्यायाधिकरण ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बचाव के लिए सरकार द्वारा नियुक्त उस अधिवक्ता को हटा दिया है जिन्होंने पहले उन्हें फांसी देने की मांग की थी।

बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) हसीना के खिलाफ मुकदमा चला रही है। हसीना की करीब 16 साल पुरानी सरकार पिछले साल पांच अगस्त को छात्रों के एक आंदोलन के बाद गिर गई थी। बांग्लादेश के अधिकारियों के अनुसार आईसीटी-बीडी ने हसीना के लिए बचाव पक्ष के वकील के तौर पर नियुक्त अमीनुल गनी टीटू को कार्यमुक्त कर दिया है।

एक दिन पहले ही न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री के बचाव के लिए उनकी नियुक्ति की थी। हसीना पर जुलाई से अगस्त 2024 के दौरान देश में नरसंहार का आरोप है। न्यायाधिकरण ने संबंधित घटनाक्रम में आमिर हुसैन को हसीना तथा उनकी कैबिनेट में गृह मंत्री रहे असदुज्जमां खान कमाल के लिए बचाव पक्ष का वकील नियुक्त किया। टीटू ने पिछले साल फेसबुक पर एक टिप्पणी की थी जिस पर हाल में मीडिया में विवाद उठा।



- अपराध न्यायाधिकरण चला रहा है हसीना पर मुकदमा

# भारतीय पायलट अभिनंदन को पकड़ने वाला पाकिस्तानी सैन्य अफसर मारा गया

- अफगानिस्तान की सीमा के पास तालिबानी उग्रवादियों से मुठभेड़ में हुई मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना के विशेष सेवा समूह का एक अधिकारी तालिबानी उग्रवादियों के साथ झड़प में मारा गया, जिसने 2019 में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भारतीय वायुसेना के पायलट अभिनंदन वर्धमान को पकड़ने का दावा किया था।

सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के बयान के अनुसार, 37 वर्षीय मेजर सैयद मुईज अब्बास शाह मंगलवार को अफगानिस्तान की सीमा के पास दक्षिण वजीरिस्तान के सरारोगा इलाके में तालिबानी उग्रवादियों के साथ झड़प में मारे गए। बयान में कहा गया कि 27 वर्षीय लांस नायक जिब्रानउल्ला की भी इस हमले में मौत हो गई। इसमें कहा गया कि सेना के जवानों ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 11 आतंकवादियों को मार गिराया और सात अन्य घायल हो गए। मुईज के जनाजे की नमाज रावलपिंडी के चकलाला गैरीसन में पढ़ी गई और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी इसमें शामिल हुए।

# कुल्लू जिले में बादल फटने के बाद मची तबाही

## तीन लोग लापता, कई घर, स्कूल, सड़कें और पुलों को पहुंचा भारी नुकसान

**शिमला, एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बुधवार को बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में तीन लोग बह गए तथा कई घर, एक स्कूल भवन, संपर्क सड़कें और छोटे पुल क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कुल्लू जिले के सैंज में जीवा नाला और रेहला बिहाल तथा गड़सा क्षेत्र के शिलागढ़ में बादल फटने की तीन घटनाएं हुईं।

अधिकारियों ने बताया कि रेहला बिहाल में अपने घरों से सामान निकालने की कोशिश कर रहे तीन लोग बाढ़ में बह गए और लापता हैं। कुल्लू के अतिरिक्त जिला आयुक्त (एडीसी) अश्विनी कुमार ने बताया कि जिले के मनाली और बंजार में भी अचानक बाढ़ आ गई। टीम मौके पर मौजूद है और तलाश अभियान जारी है।

मणिकरण घाटी में ब्रह्म गंगा नाले में अचानक बाढ़ आने की भी सूचना मिली है। पानी का स्तर कई घरों तक पहुंच गया है और अगर यह जल्दी कम नहीं हुआ तो इससे नुकसान हो सकता है। कुल्लू में कई जगहों पर भारी बाढ़ के कई वीडियो में तबाही के निशान दिखे हैं। एक वीडियो में एक वाहन कीचड़ भरे पानी में बहता हुआ दिखाई दे रहा है।

बंजार के विधायक सुरिंदर शौरी ने कहा, सुबह से भारी बारिश हो रही है और मुझे कई कॉल आए हैं कि बारिश के कारण सैंज, तीर्थन और गड़सा में नुकसान हुआ है। मैंने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई करने को कहा है क्योंकि लोग परेशान हैं। ब्यास और सतलुज नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। इसके अलावा, लाहौल और स्पीति पुलिस ने कहा कि काजा से समदोह तक सड़क भूस्खलन, मलबा गिरने और नालों के उफान पर होने के कारण कई स्थानों पर अवरूद्ध हो गई है।



कुल्लू में बादल फटने के बाद ब्रह्म गंगा नाले में बाढ़ आ गई जिसने आबादी में भारी नुकसान पहुंचाया।

# गाजा में इजराइली हमलों से 70 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा, एजेंसी**

गाजा पट्टी में मंगलवार को इजरायली गोलीबारी और हवाई हमलों में कम से कम 70 फिलिस्तीनी मारे गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने संवाद एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजरायली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में राफा के उत्तर में शाकौश क्षेत्र में एक अमेरिकी समर्थित सहायता वितरण केंद्र के पास जुटे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर गोलीबारी की।

गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के एक चिकित्सा स्रोत ने बताया कि शाकौश में हुई इस गोलीबारी में कम से कम 25 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। सूत्र ने कहा, सुरक्षा स्थितियों और क्षेत्र की दूरस्थता के कारण घायलों को पास के फील्ड अस्पतालों में ले जाने के लिए जानवरों द्वारा खींची जाने वाली गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। इस बीच एक अन्य घटना में इजरायली सेना ने पर वाडी गाजा के दक्षिण में सलाह अल-दीन स्ट्रीट पर खाद्यान्न लेने एकत्र हुए फिलिस्तीनियों को निशाना बनाया। मध्य गाजा पट्टी के नुसेरात में अल-अवदा अस्पताल ने कहा कि उसे 19 शव और 146 घायल व्यक्ति मिले हैं।



गाजा में खाने के पैकेट ले जाते लोग।

- सहायता वितरण केंद्र से राशन और खाने के पैकेट ले जा रहे लोगों पर की गोलीबारी

# अनुदान कटौती के ट्रंप प्रशासन के फैसले के खिलाफ मुकदमा

**बोस्टन।** अमेरिका में 20 से अधिक राज्यों और वाशिंगटन डीसी के अटॉर्नी जनरलों ने ट्रंप प्रशासन की ओर से अनुदान में अरबों डॉलर की कटौती को चुनौती देते हुए संघीय अदालत में एक वाद दायर किया। मुकदमे में न्यायाधीश से ट्रंप प्रशासन को अनुदान में कटौती करने से रोकने का अनुरोध किया गया है।

मुकदमे में कहा गया है कि प्रशासन ने जनवरी से संघीय नियमन की एक अस्पष्ट धारा का उपयोग करके विभिन्न कार्यक्रमों और हजारों अनुदानों को रद्द किया है, जो पहले राज्यों व अनुदान प्राप्तकर्ताओं को प्रदान किए गए थे। वादियों ने तर्क दिया कि, बदली प्राथमिकताओं को आधार बनाकर अनुदान समाप्त करने के लिए धारा का इस्तेमाल करने का निर्णय गैरकानूनी है।

**शिखर सम्मेलन**

**सामूहिक सुरक्षा गारंटी के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को किया रेखांकित**

# ट्रंप के दबाव में नाटो सदस्य रक्षा खर्च में भारी वृद्धि पर सहमत

## बैठक में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को किया गया दरकिनार

**द हेग, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव के बाद नाटो नेताओं ने बुधवार को रक्षा खर्च में भारी वृद्धि पर सहमति व्यक्त की तथा हमला होने पर एक-दूसरे की सहायता करने की अपनी 'दृढ़ प्रतिबद्धता' दोहराई। हालांकि रक्षा खर्च बढ़ाने पर सहमति के लिए यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को दरकिनार कर दिया गया।

शिखर सम्मेलन के एक वक्तव्य में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल 32 नेताओं ने कहा, सहयोगी देश अपने व्यक्तिगत और सामूहिक दायित्वों को सुनिश्चित करने के लिए 2035 तक मुख्य रक्षा आवश्यकताओं के साथ-साथ रक्षा एवं सुरक्षा संबंधी व्यय पर प्रतिवर्ष सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत खर्च करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नेताओं ने नाटो की सामूहिक सुरक्षा गारंटी के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया कि एक देश पर हमला सभी पर हमला है। शिखर सम्मेलन से पहले, ट्रंप ने अमेरिका द्वारा अपने सहयोगियों की रक्षा को लेकर फिर से संदेह जताया था।

रक्षा खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि पर सहमति के दौरान यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की दरकिनार दिखाई दिए। वर्ष 2022 से रूस के साथ युद्ध में उलझा यूक्रेन हमेशा नाटो शिखर सम्मेलन में चर्चा के केंद्र में रहा है, लेकिन जब गठबंधन के नेताओं की वार्षिक बैठक हेग में शुरू हुई, तो वोलोदिमीर जेलेंस्की कमरे में नहीं थे।

इसके बजाय, जेलेंस्की ने शिखर सम्मेलन स्थल पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित नेताओं के साथ आमने-सामने की बैठकों की एक शृंखला निर्धारित की। इस वर्ष के शुरू में अमेरिका में ओवल ऑफिस में ट्रंप और जेलेंस्की की झड़प हुई थी। ट्रंप ने सम्मेलन में शामिल होने से पहले संवाददाताओं से कहा, ठीक है, हम स्पष्ट बातों पर चर्चा करेंगे।




शिखर सम्मेलन में नाटो महासचिव मार्क रूट के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप।

### जापान और अमेरिका में तनाव के संकेत उभरे

**तोक्यो।** जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने अमेरिका के ट्रंप प्रशासन को स्पष्ट संकेत दिया है : जापान-अमेरिका संबंध बहुत गंभीर स्थिति में हैं। कुछ दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि वह इस सप्ताह हेग में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, लेकिन अंतिम समय में उन्होंने अचानक नाम वापस ले लिया। जापानी मीडिया के मुताबिक, इशिबा ने अपनी यात्रा इसलिए रद्द की क्योंकि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की उम्मीद नहीं थी और इंडो-पैसिफिक फोर (आईपी4) साझेदार की बैठक भी शायद नहीं होती। इशिबा के इस बैठक में शामिल नहीं होने से यह भी पता चलता है कि वाशिंगटन द्वारा जापान पर भारी शुल्क लगाने के बाद जापान ट्रंप प्रशासन के साथ अपने संबंधों को किस तरह देखता है।